नई दिल्ली
गुरुवार, 28 अगस्त 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, पंचमी वर्ष : 29, अंक : 134
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 26

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## सरसंघचालक बोले, संघ का स्वयंसेवक कोई व्यक्तिगत लाभ की अपेक्षा नहीं रखता

# भारत का अंतरराष्ट्रीय व्यापार केवल स्वेच्छा से होना चाहिए, किसी दबाव में नहीं: भागवत

- तीन दिवसीय व्याख्यानमाला '100 वर्ष की संघ यात्रा नए क्षितिज' के दूसरे दिन संघ प्रमुख का संबोधन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि संघ का कार्य शुद्ध सात्त्विक प्रेम और समाजनिष्ठा पर आधारित है। "संघ का स्वयंसेवक कोई व्यक्तिगत लाभ की अपेक्षा नहीं रखता। यहाँ इंसेंटिव नहीं हैं, बल्कि डिसइंसेंटिव अधिक हैं। स्वयंसेवक समाज-कार्य में आनंद का अनुभव करते हुए कार्य करते हैं।" उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी को प्राथमिकता दें तथा भारत का अंतरराष्ट्रीय व्यापार केवल स्वेच्छा से होना चाहिए, किसी दबाव में नहीं। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यानमाला '100 वर्ष की संघ यात्रा - नए क्षितिज' के दूसरे दिन बुधवार को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, उत्तर क्षेत्र के प्रांत संघचालक पवन जिंदल और दिल्ली प्रांत संघचालक डॉ. अनिल अग्रवाल मंच पर उपस्थित रहे।



सरसंघचालक ने चिंता जताई कि दुनिया कट्टरता, कलह और अशांति की ओर जा रही है। पिछले साढ़े तीन सौ वर्षों में उपभोगवादी और जड़वादी दृष्टि के कारण मानव जीवन की भद्रता क्षीण हुई है। उन्होंने गांधी जी के बताए सात सामाजिक पापों, "काम बिना परिश्रम, आनंद बिना विवेक, ज्ञान बिना चरित्र, व्यापार बिना नैतिकता, विज्ञान बिना मानवता, धर्म बिना बलिदान और राजनीति बिना सिद्धांत" का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे समाज में असंतुलन गहराता गया है। भागवत ने कहा कि आज दुनिया में समन्वय का अभाव है और दुनिया को अपना नजरिया बदलना होगा। दुनिया को धर्म का मार्ग अपनाना होगा। "पूजा-पाठ और कर्मकांड से परे धर्म है। सभी प्रकार के रिलिजन से ऊपर धर्म है। धर्म हमें संतुलन सिखाता है - हमें भी जीना है, समाज को भी जीना है और प्रकृति को भी जीना है।" धर्म ही मध्यम मार्ग है जो अतिवाद से बचाता है। धर्म का अर्थ है मर्यादा और संतुलन के साथ जीना। इसी दृष्टिकोण से ही विश्व शांति स्थापित हो सकती है। उन्होंने कहा कि आज समाज में संघ की साख पर विश्वास है। "संघ जो कहता है, उसे समाज सुनता है।" यह विश्वास सेवा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### महू सैन्य छावनी के आर्मी वार कॉलेज में तीनों सेनाओं की संयुक्त संगोष्ठी 'रण संवाद 2025' के अंतिम दिन रक्षामंत्री राजनाथ ने किया संबोधित

# भारतीय सेना को पांच साल तक चलने वाले युद्ध के लिए भी तैयार रहना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि अप्रत्याशित भू-राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए देश के सशस्त्र बलों को अल्पकालिक संघर्षों से लेकर पांच साल तक के युद्ध सहित सभी प्रकार की सुरक्षा चुनौतियों के लिए तैयार रहना चाहिए। महू सैन्य छावनी के आर्मी वार कॉलेज में तीनों सेनाओं की संयुक्त संगोष्ठी 'रण संवाद 2025' के दूसरे और अंतिम दिन पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भारत किसी की जमीन नहीं चाहता, लेकिन अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। राजनाथ ने कहा कि आज के दौर में युद्ध इतने अचानक और अप्रत्याशित हो गए हैं कि यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल है कि कोई युद्ध कब समाप्त होगा और कितने समय तक चलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों को हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। रक्षा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की सराहना



### संवाद हमारी संस्कृति का हिस्सा, महाभारत इसका उदाहरण

*राजनाथ सिंह ने कहा कि 'रण संवाद' नाम ही गहन विचार का विषय है। 'रण' युद्ध का प्रतीक है जबकि 'संवाद' चर्चा और मेल मिलाप का। पहली नजर में दोनों विरोधाभासी लगते हैं, लेकिन भारतीय संस्कृति में ये दोनों साथ साथ चलते हैं। उन्होंने महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि युद्ध रोकने के लिए स्वयं श्रीकृष्ण शांति संदेश लेकर गए थे, ताकि संवाद से युद्ध टल सके। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय* ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ईपीएफओ 3.0 जल्द होगा लॉन्च, मिलेगी सुविधा

**नई दिल्ली।** ईपीएफओ का नया डिजिटल प्लेटफॉर्म ईपीएफओ 3.0 जल्द ही लॉन्च होने वाला है।




इससे पीएफ से जुड़ी कई बड़ी परेशानियां खत्म हो जाएंगी और आपको पैसा निकालने से लेकर क्लेम करने तक हर काम आसान हो जाएगा। सरकार ने इसके लिए इंफोसिस, विप्रो और टीसीएस जैसी बड़ी आईटी कंपनियों को शॉर्टलिस्ट किया है।

### भारतीय फुटबॉल संघ पर प्रतिबंध का खतरा

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि वैश्विक




संचालन संस्था फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने संकटग्रस्त अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को चेतावनी दी है कि उसे 30 अक्टूबर तक नया संविधान अपनाना और उसकी पुष्टि करनी होगी।

### आसाराम फिर जेल जाएगा, कोर्ट का झटका

**जयपुर।** आसाराम को जोधपुर हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत बढ़ाने के मामले में बड़ा झटका दिया है।




कोर्ट के फैसले से साफ हो गया कि आसाराम को फिर से जेल जाएंगे। कोर्ट की तरफ से अंतरिम जमानत को आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया गया। रिपोर्ट को आधार मानते हुए अंतरिम जमानत नहीं बढ़ाई गई। अब 30 अगस्त को आसाराम को सेंट्रल जेल में सरेंडर करना होगा।

### अमेरिका बोला, द्विपक्षीय संबंध जटिल लेकिन अंत में दोनों देश एक साथ होंगे

# अमेरिका का 50% टैरिफ अनुचित लेकिन व्यापार समझौते पर बातचीत को राजी भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद से नाराज अमेरिका द्वारा 25 फीसदी जुर्माने के साथ भारत पर लगाया गया कुल 50 फीसदी पारस्परिक टैरिफ भले ही बुधवार से लागू हो गया है। रत्न एवं आभूषण, समुद्री खाद्य पदार्थ, वस्त्र-परिधान, ऑटो कॉम्पोनेंट्स, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्युटिकल्स और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों पर इसका सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ा है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम के बीच भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर जारी बातचीत की कवायद धीरे-धीरे ही सही जारी है। 27 अगस्त को सूत्रों ने भी इस बात को माना कि इस समझौते को लेकर संवाद करने के लिए भारत के दरवाजे खुले हुए हैं यानी वह बातचीत के लिए तैयार है। वहीं, अमेरिका का कहना है कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध जटिल हैं। लेकिन अंत में दोनों एक साथ होंगे। यहां बता दें कि यह जानकारी जर्मनी के समाचारपत्र एफएजेड की एक रिपोर्ट में किए गए उस दावे के ठीक अगले दिन सामने आई है। जिसमें यह कहा गया था कि बीते सप्ताह में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चार बार फोन किए जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार भी ▶▶ शेष पेज 5 पर




### भारत देगा संयमित, जिम्मेदार प्रतिक्रिया

*सूत्रों ने बताया कि दोनों देशों के बीच लगातार व्यापार समझौते के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए एक समझ बनाने के लिए संपर्क बना हुआ है। लेकिन बातचीत की इस प्रक्रिया में भारतीय पक्ष किसानों, छोटे- मझौले उत्पादकों, सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों (एमएसएमई) के हितों के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। अमेरिका का टैरिफ अनुचित व अन्यायपूर्ण है। जिसे लेकर भारतीय पक्ष की प्रतिक्रिया संयमित और जिम्मेदारी से भरी हुई होगी। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि मामलों को बातचीत के जरिए हल किया जाएगा। लेकिन हम अपनी लक्ष्मण रेखा (रेड लाइन) से पीछे नहीं हटेंगे। रूस से तेल खरीद पर लगाए गए सबसे ज्यादा टैरिफ का निर्णय सरासर गलत और अस्वीकार है। क्योंकि रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीदने वाले चीन को अमेरिका ने अभी तक खुला छोड़ रखा है और उस पर कोई टैरिफ नहीं लगाया गया है। भारत-अमेरिका के बीच इस साल अप्रैल महीने में हुई व्यापार संबंधी वार्ता के संदर्भों (टीओआर) में भी हालांकि दंडात्मक टैरिफ शामिल नहीं था।*

### 2+2 संवाद में उठा व्यापार का मुद्दा

*इस सप्ताह की शुरुआत में दोनों देशों के बीच हुए वर्चुअल टू प्लस टू अंतर सत्र संवाद में जिन मुद्दों द्विपक्षीय पर चर्चा की गई। उनमें व्यापार और निवेश का मुद्दा भी प्रमुखता से शामिल किया गया था। दोनों पक्ष भारत और अमेरिका के लोगों के लाभ के लिए लगातार अपनी उत्पादक बैठकों के जरिए आपसी संबंधों को मजबूती प्रदान पर सहमत हुए। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक में भारत से मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (अमेरिका) नागराज नायडू और रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव (अंतरराष्ट्रीय सहयोग) विश्वेश नेगी शामिल हुए। जबकि अमेरिका से बी .पी.मॉरीसन (ब्यूरो ऑफ साउथ एंड सेंट्रल एशियन अफेयर्स) और जे.पी.रायल (हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के उप-सचिव) ने भाग लिया। बातचीत में हालांकि क्षेत्रीय सुरक्षा घटनाक्रमों, साझा रणनीतिक प्राथमिकताओं, असैन्य परमाणु सहयोग को मजबूत बनाने, जटिल खनिजों के खनन, मादक पदार्थों-आतंकवाद से मुकाबले में सहयोग को सशक्त बनाने पर विचार साझा किए गए। इसके अलावा भारत, अमेरिका क्वाड के जरिए एक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।*

### जयशंकर भी खींच चुके लक्ष्मण रेखा

*गौरतलब है कि विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने भी बीते दिनों ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम में व्यापार समझौते को लेकर कहा था कि दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है, जिसका अभी तक कोई नतीजा नहीं निकला है। लेकिन यहां ये महत्वपूर्ण है कि भारत या अमेरिका दोनों में से किसी ने नहीं कहा है कि व्यापार समझौते को लेकर बातचीत बंद है। दोनों देश एक बड़े देश हैं, जिनके बीच संवाद पर कोई रोक नहीं रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसा भी नहीं है कि वहां (अमेरिका) से कोई कट्टी नहीं है। लेकिन मामले पर हमारी एक लक्ष्मण रेखा है। जिससे जुड़े मामलों पर सरकार किसी तरह का कोई समझौता करने के लिए तैयार नहीं है।*

# भारत के 60 अरब डॉलर के निर्यात पर संकट, लाखों नौकरियों पर मंडराया खतरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि सरोकार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत से होने वाले निर्यात पर 50 फीसदी तक का आयात शुल्क (टैरिफ़) लागू करने के फैसले से भारत के तकरीबन 48 से 60 अरब डॉलर मूल्य के निर्यात पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका विशेषज्ञ जता रहे हैं। सबसे बड़ा असर सूरत के हीरा उद्योग पर पड़ेगा। उससे ज़्यादा बड़ा कुप्रभाव युवाओं के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सबसे ज्यादा झटका श्रम-गहन उद्योगों को

अमेरिकी निर्णय से टेक्सटाइल्स, जेम्स-जेवेलरी, चमड़ा, फर्नीचर जैसे पारंपरिक निर्यात क्षेत्रों को सबसे ज्यादा झटका लगेगा। अमेरिका भारतीय उत्पादों का सबसे बड़ा बाजार है और 50 फ़ीसदी शुल्क ने शिपमेंट को वाणिज्यिक रूप से लगभग असंभव बना दिया है।

### झींगा और रसायन निर्यात पर संकट

*फेडरेशन ऑफ़ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइज़ेशंस (एफ़ ई ओ) ने कहा है कि श्रिम्प (झींगा), रसायन, कालीन, सिरेमिक और लेदर उत्पादों पर भी गंभीर असर पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि भारत के झींगा निर्यात का करीब 32 फीसदी हिस्सा अमेरिका जाता है।*

### सूरत का हीरा उद्योग ठप

*सूरत डायमंड बौर्स, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा दफ़्तर परिसर माना जाता है, लगभग खाली पड़ा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यहां मौजूद 4 हजार कार्यालयों में से केवल 250 ही सक्रिय हैं। टैरिफ़ के कारण ऑर्डर रुकने से लाखों कामगारों की नौकरियों पर संकट गहराया है। अनुमान है कि करीब दो लाख लोगों की आजीविका प्रभावित हो सकती है। कई बड़े निर्यातक अपने ऑपरेशन्स अफ़्रीकी देशों में स्थानांतरित करने पर विचार कर रहे हैं।*

### पीएम मोदी ने घटना पर जताया दुख, ली जानकारी

# वैष्णो देवी में लैंडस्लाइड से मौत का आंकड़ा 33 पहुंचा





एजेंसी ▶▶ जम्मू

वैष्णो देवी मंदिर के ट्रैक पर लैंडस्लाइड में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर बुधवार को 33 हो गया। हादसा मंगलवार दोपहर 3 बजे पुराने ट्रैक पर अर्धकुमारी मंदिर से कुछ दूर इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ था। मंगलवार देर रात तक सात लोगों के मरने की खबर थी, लेकिन सुबह आंकड़ा बढ़ गया। वहीं, 23 से ज्यादा लोग जख्मी हैं और कई लापता हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। मरने वालों में एक श्रद्धालु जबलपुर का भी है। मंगलवार दोपहर बादल फटने के कारण यात्रा स्थगित कर दी गई थी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा बुधवार को घायलों से मिलने कटड़ा पहुंचे। श्राइन बोर्ड मृतकों के परिजन को 5 लाख रुपए और डिजास्टर मैनेजमेंट 4 लाख रुपए देगा। जम्मू शहर में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अहमदाबाद शहर बना प्रमुख दावेदार

# भारत की 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की दावेदारी को कैबिनेट की मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार 27 अगस्त 2025 को भारत की 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की



मेजबानी की दावेदारी को मंजूरी दे दी और 'विश्वस्तरीय स्टेडियमों, अत्याधुनिक अभ्यास सुविधाओं और खेल संस्कृति' के कारण अहमदाबाद को आदर्श मेजबान बताया। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के सहमति जताने के कुछ दिन बाद ही यह फैसला आया।

*अहमदाबाद को विश्वस्तरीय स्टेडियम और खेल संस्कृति के चलते आदर्श मेजबान बताया*

भारत ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की दावेदारी की इच्छा जताने वाला आशय पत्र जमा कर दिया है। दावेदारी के लिए बोली जमा करने की आखिरी तारीख 31 अगस्त 2025 है। आईओए अगले 48 घंटे में प्रक्रिया पूरी कर सकता है। भारत ने आखिरी बार 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की थी। राष्ट्रमंडल खेल की आमसभा नवंबर के आखिरी सप्ताह में ग्लास्गो में मेजबानी को लेकर फैसला लेगी।

### यह एक बहुपक्षीय अभ्यास है, जिसका आयोजन प्रत्येक दो वर्ष में किया जाता है

# आज से होगी ब्राइट स्टार अभ्यास की शुरुआत 700 से अधिक सशस्त्र बल भाग लेंगे

तीनों सशस्त्र सेनाएं लाइव फायरिंग के जरिए अपनी परिचालन क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगी

इस अभ्यास में सैन्य गतिविधियों की एक व्यापक श्रृंखला देखने को मिलेगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य और सीमाई चुनौती के बीच आज गुरुवार से सशस्त्र बलों के 'ब्राइट स्टार-2025' अभ्यास की शुरुआत होगी। जो एक बहुपक्षीय अभ्यास है।

जिसमें सशस्त्र बलों और मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ (आईडीएस) के 700 से अधिक सैन्यकर्मियों की भागीदारी देखने को मिलेगी। यह अभ्यास 28 अगस्त से लेकर 10 सितंबर तक चलेगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस अभ्यास में सैन्य गतिविधियों की एक व्यापक श्रृंखला देखने को मिलेगी। जिसमें तीनों सशस्त्र (सेना, वायुसेना और नौसेना) सेनाएं लाइव फायरिंग के जरिए अपनी परिचालन क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगी, संयुक्त योजना, निर्णय लेने व परिचालन संबंधी समन्वय को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कमांड पोस्ट अभ्यास किया जाएगा। इसके अलावा तीनों सेनाओं द्वारा आधुनिक युद्ध के तमाम पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए छोटा प्रशिक्षण अभ्यास और समकालीन सैन्य अभियानों के विभिन्न क्षेत्रों पर विषयवस्तु विशेषज्ञों के साथ बातचीत इसका हिस्सा होगी।

### 1980 में हुई थी शुरुआत

*मंत्रालय ने बताया कि ब्राइट स्टार अभ्यास वर्ष 1980 में मिस्र ने अमेरिका के साथ मिलकर शुरू किया था। यह एक बहुपक्षीय अभ्यास है। जिसे क्षेत्र के सबसे बड़े त्रि-सेवा बहुपक्षीय अभ्यासों में से एक माना जाता है। इसका आयोजन प्रत्येक दो वर्ष में किया जाता है। पिछली बार यह वर्ष 2023 में आयोजित किया गया था। जिसमें भारत के साथ ही कई देशों के सैनिकों ने एक साथ भाग लिया था।*

### भारत की भागीदारी का महत्व

*अभ्यास में भारतीय सशस्त्र बलों की भागीदारी क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सुरक्षा के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। साथ ही यह मित्र देशों के साथ संयुक्तता, अंतर-संचालन और सहयोग को भी बढ़ाती है।*



### इस रैकेट तक पहुंचने में दिल्ली पुलिस को जम्मू कश्मीर पुलिस का भी मिला साथ

# मानव तस्करी के बड़े रैकेट का भंडाफोड़ तीन नाबालिगों को बचाया गया, चार अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




बाहरी उत्तरी जिले की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और स्पेशल स्टाफ टीम ने मानव तस्करी के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस रैकेट तक पहुंचने में दिल्ली पुलिस को जम्मू कश्मीर पुलिस का साथ भी मिला। पुलिस ने अभी तक चार आरोपियों को पकड़ा है। चार अन्य की धरपकड़ के प्रयास जारी है। इनकी निशानदेही पर तीन नाबालिगों को पुलिस ने मुक्त करवाया है। इनसे बंधुआ मजदूर के रूप में काम लिया जा रहा था।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी ने बताया कि भलस्वा डेयरी थाने में एक महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था, जिसमें उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी और पड़ोसी का 13 साल के बच्चे के अपहरण का आरोप लगाया गया था। प्रारंभिक जांच के बाद मामले को भलस्वा डेयरी थाने से एएचटीयू को स्थानांतरित किया गया। जांच के दौरान लड़कियों का श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में होने का पता चला। इसके बाद 15 जून 2025 को दोनों पीड़ितों को सफलतापूर्वक बरामद कर लिया गया था और दिल्ली वापस लाया गया था। चाइल्ड वेलफेयर कमेती (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष उनके बयानों से पता चला कि तस्करों ने उन्हें पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से फुसलाया और जम्मू होते हुए ले जाया गया। इसके बाद श्रीनगर में बिना वेतन के घरेलू काम करने के लिए मजबूर किया गया। तथ्यों, तकनीकी और मैनुअल निगरानी और सूचनाओं के आधार पर 14 अगस्त को एक संयुक्त पुलिस टीम ने सलीम-उल-रहमान उर्फ वसीम (38) निवासी गंदेरबल, श्रीनगर और सूरज (31) निवासी बेगमपुर को दिल्ली के प्रह्लादपुर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर सलीम ने खुलासा किया कि वह वी.ए. मैनपावर प्राइवेट लिमिटेड, बेमिना, श्रीनगर के नाम से एक एजेंसी चलाता है, जिसके माध्यम से उसने पिछले दो वर्षों में लगभग 500 लोगों की तस्करी की है। प्रत्येक शख्स की तस्करी पर उसे भारी कमीशन मिला। पूछताछ करने पर सूरज ने दिल्ली स्थित एजेंटों के इशारे पर तस्करी के शिकार लोगों को ले जाने का खुलासा किया और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले कई सहयोगियों के नाम बताए। जांच के आधार पर टीम ने आरोपी सलीम के साथ श्रीनगर में भी छापा मारा। 19 अगस्त को कार्रवाई करते हुए टीम ने दो और आरोपियों मोहम्मद तालिब निवासी रामपुर, उत्तर प्रदेश और सतनाम सिंह उर्फ सरदार जी निवासी बाराबंकी, उत्तर प्रदेश को भी गिरफ्तार किया। छापेमारी के समय परिसर और कब्जे से एक 16 वर्षीय किशोर को भी मुक्त कराया गया।

#### रेलवे स्टेशनों पर सक्रिय थे रैकेट से जुड़े दलाल

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि इस रैकेट में दलालों और प्लेसमेंट एजेंटों का एक व्यापक नेटवर्क शामिल था, जो रेलवे स्टेशनों पर कमजोर तबके के नाबालिगों और मजदूरों को निशाना बनाते थे। उन्हें घरेलू नौकरों और बंधुआ मजदूरों के रूप में शोषण के लिए जम्मू-कश्मीर ले जाया जाता था। सिंडिकेट प्रति पुरुष 20-25 और प्रति महिला 40-60 हजार वसूलकर बड़ा मुनाफा कमाता था। चिंताजनक बात यह है कि आरोपी तालिब के पास से पुलिस ने यूपी पुलिस के सब इंस्पेक्टर का पहचान पत्र भी बरामद किया है। इसका इस्तेमाल पुलिस से बचने और सुरक्षित रास्ता पाने के लिए किया गया था। अन्य सहयोगियों शाहबाज खान, नरेश, रोहित पांडे और सोहेल अहमद (सुनाज प्लेसमेंट एजेंसी, श्रीनगर) की मिलीभगत भी सामने आई है। पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए सुराग तलाश रही है।

## उधार दिये रुपये वसूलने गये दो भाईयों के थप्पड़ से शख्स की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाबा हरिदास नगर थाना अंतर्गत एक शख्स की थप्पड़ लगने के बाद मौत का मामला सामने आया है। दरअसल दो भाईयों ने मृतक को रुपये उधार दिये थे। दोनों भाई रुपये वसूलने पहुंचे और उनका झगड़ा हो गया। इस दौरान एक भाई ने रुपये लेने वाले शख्स को थप्पड़ मार दिया। वह शख्स जमीन पर गिरा और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करके दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भाईयों के नाम रंजीत यादव और रामू यादव हैं। मूलरूप से दरभंगा बिहार के रहने वाले नजफगढ़ स्थित बीडीओ ऑफिस के पास दीनपुर में रहते हैं।

पुलिस के अनुसार कंट्रोल रूम को 25 अगस्त सोमवार देर शाम झगड़ा की सूचना मिली थी। बाबा हरिदास नगर थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पता चला कि गंगा राय नाम के 36 साल के शख्स से दो भाइयों ने झगड़ा किया था। उसे थप्पड़ भी मारा था जिसके बाद वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा और उसकी वहीं पर मौत हो गई। मृतक का शव जाफरपुर कलां स्थित राव तुलाराम हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

दोनों आरोपी भाईयों को पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि उधार दिये बकाये 40 हजार रुपये लेने के लिए गंगा राय के पास आए थे। वह दो साल से पैसे नहीं दे रहा था। मृतक गंगा राय भी मूलरूप से समस्तीपुर का रहने वाला था और बाबा हरिदास नगर के काली प्याऊ इलाके में रहता था।

## मुठभेड़ के बाद वांछित बदमाश समेत दो दबोचे





हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम जिले के केशवपुरम इलाके में पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान एक वांछित लुटेरा घायल हो गया। 33 वर्षीय आरोपी राजू उर्फ अजय उर्फ कंगारू एक दर्जन आपराधिक मामलों में शामिल था। इसके एक साथी को भी पकड़ा गया है। इस मुठभेड़ में एक हेड कांस्टेबल बदमाश की गोली से बाल बाल बच गया।

मिली जानकारी के अनुसार गोपनीय सूचना के आधार पर केशवपुरम पुलिस थाने की एक टीम मंगलवार रात को एक होटल पहुंची, जहां दो लोग एक एकांत जगह पर बैठे थे। जैसे ही टीम उनके पास पहुंची एक संदिग्ध ने हेड कांस्टेबल मोहित पर गोली चला दी, जिससे वह बाल-बाल बचा। आत्मरक्षा में पुलिसकर्मी ने अपनी सरकारी पिस्तौल से जवाबी गोलीबारी की, जिसमें बदमाश के दाहिने पैर पर घुटने के नीचे गोली लगी। पुलिस ने बताया कि राजू को इलाज के लिए पीसीआर वैन से दीपचंद बंधु अस्पताल ले जाया गया। दूसरे आरोपी की पहचान रवि उर्फ गोटिया (30) के रूप में हुई है और वह पहले सात मामलों में शामिल रहा है। उसे भी मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। मुठभेड़ स्थल का निरीक्षण अपराध एवं एफएसएल टीम द्वारा भी करवाया गया है।

### यादव ने वाहनों के स्क्रीनिंग में घोटाले के लगाए आरोप, सीवीसी को लिखा पत्र

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने अपना समय पुरा कर चुके वाहनों के स्क्रैप मामले में घोटाले के आरोप लगाते हुए सीबीआई जांच की मांग की और सेंट्रल विजिलेंस कमीशन (सीवीसी)को एक शिकायती पत्र लिखा है। इस मुददे पर यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की आड़ में एनफोर्समेंट एजेंसियों और स्क्रैप कंपनियों (आरवीएसएफएस) ने मिलकर 100 करोड़ से अधिक के भ्रष्टाचार को उजागर करके दोषियों को सजा मिलनी ही चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की आड़ में एंड लाइफ व्हीकल्स (डीजल 10 साल और पेट्रोल 15 साल के वाहन) के डिस्पोजल में एनफोर्समेंट एजेंसीज, दिल्ली ट्रांसपोर्ट विभाग, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और प्राइवेट स्क्रैप कंपनियों (आरवीएसएफएस) ने मिलकर लगभग 100 करोड़ से अधिक का घोटाला किया है। इस घोटाले जांच होनी चाहिए जिसको लेकर पत्र लिखा है। यादव ने कहा कि जो गाड़ियाँ एनफोर्समेंट एजेंसियों ने उठाई उनके नक़ली सर्टिफिकेट ऑफ़ डिपाजिट स्क्रैपिंग कंपनियां (आरवीएसएफएस) जारी कर रही हैं। जबकि यह सर्टिफिकेट केंद्रीय परिवहन विभाग जारी करता है। उन लोगों को जो अपनी मर्जी से एक्सपायर्ड गाड़ी को ट्रासपोर्ट विभाग के पास जमा करवाते हैं और जबरन उठाई गई गाड़ियों के नकली सर्टिफिकेट ऑफ़ डिपाजिट बनाकर उनका भी लाभ भी लिया जा रहा है, जो गैर कानूनी है। यादव ने कहा कि दिल्ली ट्रैफ़कि पुलिस द्वारा जप्त की गई पिट्स में जमा गाड़ियों को बिना टेंडर के या बिना ऑक्शन के गैरकानूनी तरीक़े से स्क्रैपिंग कंपनियों को कौड़ियों के दाम में बेचकर सरकारी खजाने को करोड़ों के राजस्व की चोरी करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने घोटाले का खुलासा करते हुए पत्र में बताया है कि एनफोर्समेंट एजेंसियों के पास स्क्रैपिंग कंपनियां को दी गई गाड़ियों का रिकॉर्ड तक भी नहीं है कि कितनी गाड़ियाँ इन कंपनियों को दी गई और कितना पैसा सरकार के पास आया है। यादव ने कहा कि जब्त किए गए ई-रिक्शा को पेनल्टी भर के वापस लिया जा सकता है, क्योंकि एंड लाइफ व्हीकल वाली पॉलिसी में ई रिक्शा नही आते है। ऐसे में गरीब लोगों के 10 हजार 919 ई रिक्शा ट्रांसपोर्ट विभाग ने स्क्रैप कंपनियों को क्यों और किसके आदेश पर दे दिए, इसकी जांच की मांग भी की है। क्योंकि जब्त किए हुए ई रिक्शा को पेनल्टी भर के वापस लेने की पॉलिसी पहले से ही मौजूद है।

## कनॉट प्लेस में बार के बाहर बाउंसरों ने तीन युवकों को किया घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- शिकायत पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर
- 48 घंटे बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं

कनॉट प्लेस स्थित माई बार हेडक्वाटर्स के बाउंसरों और कर्मचारियों के एक समूह ने तीन दोस्तों पर कथित तौर पर बहस के बाद हमला कर दिया। इस हमले में तीनों युवकों को काफी चोटें आई है। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ताओं में से दो व्यक्ति पेशे से वकील हैं। यह मामला शनिवार आधी रात के बाद सामने आया था। मामले में बुधवार तक भी पुलिस कोई गिरफ्तारी नहीं कर पाई।

पुलिस के अनुसार घटना शनिवार देर रात करीब एक बजकर 15 मिनट पर एन ब्लॉक स्थित एक बार के बाहर हुई। धर्मेंद्र कुमार (36), नवीन कुमार (31) और नवीन शौकीन (28) पार्टी के बाद घर लौट रहे थे। शिकायतकर्ता धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि वह और उनके दो दोस्त बार में खाने-पीने गए थे। कुमार के अनुसार रात करीब एक बजे ऑनलाइन बिल का भुगतान करने के बाद वे धूम्रपान करने के लिए बाहर निकले और बार के बाहर एक व्यक्ति को ढोल बजाते हुए सुनने लगे। वे संगीत का आनंद ले रहे थे, तभी बार के एक बाउंसर ने कथित तौर पर ढोल बजाने वाले को गाली दी और उसे जबरन हटाने की कोशिश की। जब पीड़ितों ने बाउंसर के व्यवहार पर आपत्ति जताई, तो उनके बीच तीखी बहस हो गई। इसके बाद बाउंसर ने कथित तौर पर बार से आठ से 10 अन्य बाउंसर और कर्मचारियों को बुला लिया। पुलिस ने बताया कि बाउंसर और कर्मचारियों के समूह ने तीनों व्यक्तियों पर कथित तौर पर लात-घूंसे और कठोर वस्तु से हमला किया जिससे वे घायल हो गए। आरोपियों ने कथित तौर पर तीनों को धमकी दी कि अगर वे यहां से नहीं गए तो उन्हें गोली मार दी जाएगी। उन्होंने बताया कि हाथापाई के दौरान धर्मेंद्र की सोने की चेन कथित तौर पर गायब हो गई। पीड़ितों ने पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए लेडी हार्डिंग अस्पताल ले जाया गया। कनॉट प्लेस थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान के लिए बार और उसके आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। बार के कर्मचारियों और प्रबंधन की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### शिक्षा के नए कानून पर शिक्षा मंत्री ने छात्रों के साथ किया संवाद




**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को लॉ सेंटर-2, दिल्ली विश्वविद्यालय में दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता) अधिनियम- 2025 पर कानून के छात्रों के साथ सार्थक संवाद कर उनको इस नए शिक्षा कानून की विस्तृत जानकारी दी। मंत्री ने शिक्षा कानून के विषय में छात्रों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए बताया कि यह नव निर्मित शिक्षा कानून कैसे दिल्ली के नागरिकों के हित में है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से फीस वृद्धि पर रोक लगाने के लिए दिल्ली निजी स्कूल फीस विनियमन विधेयक-2025 विधानसभा में पेश किया था जो अब स्वीकृति के बाद कानून का रूप ले चुका है। मंत्री ने वहाँ उपस्थित छात्रों और फैकल्टी से शिक्षा के नए कानून पर अपने सुझाव देने के लिए अपील करते हुए कहा कि आप सब इस नए शिक्षा कानून को ध्यान से पढ़े और अन्य लोगों से भी विचार विमर्श करें। साथ ही उन्होंने इस कानून को समाज में व्यापक रूप से प्रचारित करने का भी आग्रह किया ताकि यह कानून और मजबूत बने। मंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार का नया शिक्षा कानून लागू हो चुका है, अब सभी 1700 प्राइवेट स्कूल फीस रेगुलेशन के दायरे में होंगे और फीस वृद्धि पर रोक लगेगी।

## गाय के गोबर को लेकर झगड़ा चोरी तक पहुंचा, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम जिले के सागरपुर में गाय के गोबर को लेकर पड़ोसियों के बीच जारी झगड़े ने एक विचित्र मोड़ ले लिया, जिसमें 25 वर्षीय व्यक्ति ने बदला लेने के लिए कथित तौर पर अपने पड़ोसी की दुकान में डाका डाल दिया। पुलिस ने बुधवार को आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी के 15 हजार रुपये नकद भी बरामद हुये हैं। पुलिस के अनुसार दुकानदार ने 21 अगस्त को पैसे चोरी होने के संबंध शिकायत दी थी। जांच के दौरान पड़ोसी संदीप की भूमिका संदिग्ध पाई गई। उसे 25 अगस्त को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान संदीप ने चोरी का जुर्म कबूल कर लिया और घटना के पीछे के इरादे के बारे में बताया। संदीप ने पुलिस को बताया कि उसके पड़ोसी की गायें आए दिन उसके घर के आसपास घूमती थीं और उसके दरवाजे के सामने ही गोबर कर देती थी। बार-बार शिकायत करने के बावजूद दुकानदार ने कोई कदम नहीं उठाया और एक बार तो उसने सार्वजनिक रूप से उसके साथ गाली-गलौज की। पुलिस ने बताया कि इससे आक्रोशित संदीप ने पड़ोसी की दुकान का ताला तोड़कर चोरी कर बदला लेने का फैसला किया था।

## लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर 25 लाख की रंगदारी मांगने वाले तीन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ और कल्याणपुरी पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर जूलरी शोरूम के डायरेक्टर से 25 लाख की रंगदारी मांगने वाले तीन बदमाशों को पंजाब से गिरफ्तार किया है। पकड़े गये बदमाशों में मास्टरमाइंड गुरजिंदर सिंह उर्फ गगन के अलावा रोहित भुल्लर और अर्शदीप सिंह उर्फ करण शामिल हैं। तीनों पंजाब के गुरदासपुर और तरणतारण इलाके के रहने वाले हैं।

डीसीपी अभिषेक धनिया ने बताया कि 12 अगस्त को इस संबंध में शिकायत कल्याणपुरी पुलिस को मिली थी। गिरी जेवर महल के डायरेक्टर से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर 25 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। एसीपी ऑपरेशन संजय सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर जितेंद्र मलिक आदि की टीम ने जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता लगाना शुरू किया और टेक्निकल सर्विलांस की भी हेल्प ली गई। इसके बाद पुलिस टीम पंजाब पहुंची और सबसे पहले रोहित भुल्लर को पकड़ा।

इसकी निशानदेही पर अर्शदीप सिंह उर्फ करण को भी गुरदासपुर से गिरफ्तार किया गया। जिस मोबाइल से धमकी का मैसेज भेजा गया था उसे भी जब्त किया गया। इनसे आगे पूछताछ में पता चला कि गिरोह में दूसरे दूसरे साथी भी शामिल है। आखिर में गुरजिंदर सिंह तक पुलिस पहुंची। तीनों ने पूछताछ में बताया कि मोटी रकम वसूलने के लिए प्लान बनाया था। इसके लिये लॉरेंस बिश्नोई के नाम का सहारा लिया गया था।

### ओखला में डंपर से कुचलकर युवती की मौत

**नई दिल्ली।** ओखला औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत हुई सड़क दुर्घटना में डंपर से कुचलकर एक युवती की मौत हो गई। पुलिस को सुबह लगभग 9:53 बजे इस संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। पुलिस मौके पर लाल चौक, ओखला पहुंची और एक युवती को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। युवती की पहचान ननजोत कौर पुत्री मलकैत सिंह निवासी एच.एन. 101, राधिका गार्डन, जमशेदपुर, झारखंड के रूप में हुई है। शव का एम्स ट्रामा सेंटर में पोस्टमॉर्टम करवाया गया है। संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके पर ही डंपर को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने यूपी नंबर के डंपर को जब्त कर लिया है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | सैक्रिफाइसिंग मास्ट/रेल की आवश्यकता |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 45,90,902.88/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 91,800/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 08.09.2025 (10:30 बजे) से 22.09.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 22.09.2025 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | Capital (PH-36) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 16-क.वि.–नई दिल्ली–2025–26 दिनांक : 26.08.2025 2597/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज में डेंटल केयर यूनिट का किया शुभारंभ

# दिल्ली को पूरे देश में बनाएंगे रोल मॉडल : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली को पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों आयुर्वेदिक, यूनानी, होम्योपैथी जैसे आयुष चिकित्सा के क्षेत्र में दिल्ली को पूरे देश में रोल मॉडल बनाएंगे। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने बुधवार को करोल बाग स्थित आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस के सहयोग से खोले गए डेंटल केयर यूनिट के शुभारंभ के दौरान यह बात कही। इस अवसर पर मंत्री ने स्वच्छ दिल्ली, स्वस्थ दिल्ली विजन को पूरा करने के लिए अस्पताल परिसर में 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' स्वच्छता अभियान में भाग लिया और बीते एक अगस्त से लेकर 31 अगस्त 2025 तक चलाए जा रहे 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान में शामिल रहे अस्पताल के स्वच्छता प्रहरियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर आयुष विभाग की निदेशक डॉक्टर योगिता मुंजाल, तिब्बिया कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर मोहम्मद जुबैर समेत डॉक्टर्स और कर्मचारी भी मौजूद रहे। अस्पताल में खुले डेंटल केयर यूनिट में दिल्ली के नागरिकों को हफ्ते के प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को ओपीडी सेवाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही जरूरत पड़ने और मरीजों की भीड़ बढ़ने पर भविष्य में ओपीडी सेवा के दिन को बढ़ाया जा सकता है। दिल्ली के आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने सबसे पहले परिसर के हर्बल गार्डन में लगे महान यूनानी चिकित्सक एवं स्वतंत्रता सेनानी मसीह-उल-मुल्क हकीम अजमल ख़ान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और अस्पताल के हर्बल गार्डन में बने नक्षत्र वाटिका और नवग्रह वाटिका का लोकार्पण करने के साथ खुद वृक्षारोपण भी किया।

#### स्ट्रेस मैनेजमेंट पर केंद्रित एक विशेष कार्यक्रम होगा शुरू

मंत्री डॉ पंकज ने कहा कि मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हम आयुष चिकित्सा प्रणालियों के माध्यम से स्ट्रेस मैनेजमेंट पर केंद्रित एक विशेष कार्यक्रम शुरू करने जा रहे हैं। हमारी सरकार की यह पहल न केवल दिल्लीवासियों को लाभान्वित करेगी, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूरी दुनिया में अपनी खास पहचान कायम कर सकती है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी (1) नितीश अग्रवाल, (2) सुधा अग्रवाल, पुत्र:** राजीव अग्रवाल, **पता:** 4/34, सुभाष गली विश्वास नगर, शाहदरा, **दिल्ली एवं:** डी–1/44, जीवन, पार्क उत्तम नगर द्वतीय मंजिल, **दिल्ली** एवं: मोहल्ला सवाल दास चौक नजीबाबाद वार्ड नंबर 8, नजीबाबाद बिजनौर, **उत्तर प्रदेश FIR No: 993/2014, U/S: 420/34/468/471/174A IPC पुलिस थाना: फर्श बाजार दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) नितीश अग्रवाल, (2) सुधा अग्रवाल,** मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) नितीश अग्रवाल, (2) सुधा अग्रवाल,** फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) नितीश अग्रवाल, (2) सुधा अग्रवाल, FIR No: 993/2014, U/S: 420/34/468/471/174A IPC पुलिस थाना: फर्श बाजार दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.12.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अखिल मलिक**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02**
**कमरा नं. 38, भूतल, शाहदरा जिला कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/11366/SHD/2025**
**(Court Matter)**




## खबर संक्षेप

### सरकारी विभागों के 20 वर्षों के मध्यस्थता निर्णयों की होगी समीक्षा : रेखा

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार को बर्दाश्त न करने की कड़ी में दिल्ली की रेखा सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अतिरिक्त मुख्य सचिव (पीडब्ल्यूडी/आईएंडएफसी) की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है, जो लोक निर्माण विभाग और सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग में पिछले 20 वर्षों में 1 करोड़ रुपये व उससे अधिक के मध्यस्थता निर्णयों (आर्बिटेशन अवॉर्ड) की समीक्षा करेगी। मुख्यमंत्री के अनुसार इस समिति के गठन का उद्देश्य सरकार के विरुद्ध दिए गए निर्णयों की जानकारी, भुगतान की राशि और नुकसान आदि का आकलन करना है। सीएम ने बताया कि आम आदमी पार्टी की सरकार के कार्यकाल के दौरान कई अनियमितताएं सामने आई हैं जिसने सरकार के खजाने को नुकसान पहुंचा है।

### 'हमारा विद्यालय -हमारा स्वाभिमान' संकल्प पत्र का विमोचन

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के 'हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम के संकल्प पत्र का विमोचन किया। महासंघ में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार पालीवाल ने बुधवार को बताया कि इस संकल्प पत्र के अंतर्गत आगामी 1 सितम्बर 2025 को देशभर के लगभग 5 लाख विद्यालयों में एक साथ यह संकल्प लिया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या शिक्षक और विद्यार्थी सहभागी होंगे।

### वकीलों की हड़ताल पांचवें दिन भी रही जारी

**नई दिल्ली।** सभी जिला बार एसोसिएशनों की समिति के आह्वान पर चल रही वकीलों की हड़ताल बुधवार को पांचवे दिन भी जारी रही। वही अब समिति ने घोषणा की है कि अगले दिन यानी गुरुवार व शुक्रवार को भी हड़ताल जारी रहेगी। समिति ने ऐलान किया है कि शुक्रवार 29 अगस्त 2025 को एलजी विनय कुमार सक्सेना के आवास राजनिवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस बारे में समिति के महामंत्री अनिल कुमार बसैया ने बताया कि मुख्यमंत्री और अधिकारियों से बैठक जरूर हुई, लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। इसलिए जब तक एलजी सक्सेना अपना नोटिफिकेशन वापिस नहीं लेंगे तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इस बारे में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण कुमार त्यागी ने बताया कि समिति ने बैठक में फैसला लेते हुए हड़ताल अगले दो दिनों के लिए और बढ़ा दी है।

मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री, महापौर और निगम नेता रहे मौजूद

# दिल्ली को कूड़े से आज़ादी दिलाने को लेकर हुई उच्च स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों और गंदगी की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, स्थाई समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन प्रवेश वाही की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में एमसीडी आयुक्त भी मौजूद रहे। बैठक में दिल्ली की सबसे बड़ी चुनौती बने कूड़े के पहाड़ों को हटाने, चार वेस्ट-टू-एनर्जी (डब्ल्युटीई) नरेला, गाजीपुर, ओखला, तेखंड प्लांट्स की जल्द स्थापना, दिल्ली को 'कूड़े से आज़ादी' दिलाने के रोडमैप, तथा निगम की वित्तीय स्थिति और फंड पोज़शिन पर विस्तार से चर्चा हुई।



### तेज़ी से काम करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : सूद

कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने ज़ोर देकर कहा कि दिल्ली की सफाई व्यवस्था और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर तेज़ी से काम करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं, महापौर और निगम नेताओं ने भी आश्वस्त किया कि आने वाले महीनों में दिल्लीवासियों को कूड़ा निस्तारण की समस्या से बड़ा राहत मिलेगी। बता दें कि यह बैठक ऐसे समय हुई है जब दिल्ली के नागरिक कूड़े के ढेर और उससे फैलने वाली बीमारियों से जूझ रहे हैं। दिल्लीवासियों का मानना है कि यदि तय योजना पर तेजी से काम हुआ तो आने वाले समय में दिल्ली कचरा प्रबंधन का देश के लिए मॉडल बन सकती है।

### कूड़े से आजादी अभियान को 2 अक्टूबर तक बढ़ाया

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एमसीडी को निर्देश दिए हैं कि राजधानी के तीनों कूड़े के पहाड़ों को दिसंबर 2026 तक हटाने का टारगेट रखा जाए। बैठक में एमसीडी ने राजधानी से निकलने वाले कूड़े की जानकारी दी और बताया कि इनकी संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। एमसीडी का कहना था कि दिल्ली को कूड़े से आजादी को लेकर लगातार गंभीर अभियान चलाया जा रहा है। अब इस अभियान को 2 अक्टूबर तक कर दिया गया है।

### मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के लिए भी कार्य करे एमसीडी

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि एमसीडी को दिल्ली के विभिन्न इलाकों में मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के लिए भी ठोस कवायद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एमसीडी स्थल चिन्हित करे और हम हर प्रकार की मदद करेंगें। बैठक में एमसीडी पार्कों का भी मसला उठा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमसीडी को अपने पार्कों को साफ सुथरा व खूबसूरत बनाने के लिए गंभीर प्रयास करने चाहिए। दिल्ली की हरियाली बढ़े और लोगों को प्रदूषण से मुक्ति भी मिले।

# मेरे घर पर ईडी को कुछ नहीं मिला : सौरभ भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को हुई ईडी की रेड को फर्जी बताया और कहा कि मेरे घर पर ईडी को कुछ नहीं मिला। इस रेड का रिजल्ट जीरो रहा। उन्होंने बुधवार को पूरे सबूतों के साथ इस रेड का भंडाफोड़ कर दिया। आम आदमी पार्टी मुख्यालय पर एक प्रिंटर के साथ प्रेसवार्ता करने पहुंचे सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले कई सालों से ईडी देश में आतंक फैला रही है। उन्होंने सिलसिलेवार तरीके से करीब 19-20 घंटे चली रेड का ब्यौरा देश की जनता के सामने रखा और बताया कि कैसे ईडी के अफसरों ने उन्हें फंसाने के लिए अपनी मर्जी के लिखे बयान पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया। सौरभ भारद्वाज कहा कि पहले तो ईडी के अफसर ने मेरे बयान को किसी से साझा किया और किसी से बात की। इसके बाद बयान में से कुछ हिस्सों को हटाने का दबाव बनाया, लेकिन मैंने मना कर दिया। इसके बाद ईडी वाले एक बयान लिखकर लाए और कहा कि ये मेरा ही बयान है, सिर्फ कुछ बातें हटा दी है। लेकिन मैंने उस पर हस्ताक्षर से इनकार कर दिया।

### पूछताछ के बाद दिया गया बयान सौरभ भारद्वाज की राजनीतिक नौटंकी : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज द्वारा की गए प्रेसवार्ता को एक नौटंकी बताया है और कहा कि आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं की यह पुरानी नीति है कि जब भी जांच एजेंसियां आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए भ्रष्टाचार पर पूछताछ करती है तो वह मीडिया में बने रहने और अखबार में छपने के लिए सिर्फ नौटंकी करते हैं। सचदेवा ने कहा कि मुझे लगता है अस्पताल निर्माण घोटाला सहित कई गंभीर आरोप आम आदमी पार्टी के नेताओं पर लगे हैं और उन्हीं आरोपों से ध्यान भटकाने के लिए सौरभ भारद्वाज यह सब नाटक कर रहे हैं, जांच एजेंसी अपना काम कर रही है। एक बार और भी सबूत मिल जाए फिर उसके बाद और भी चीजें देखने की मिलेगी। सचदेवा ने कहा कि जांच एजेंसी द्वारा पूछताछ के बाद आखिरकार बेरोजगार सौरभ भारद्वाज को काम मिल ही गया।

# लगातार हो रही बारिश के चलते राजधानी से धुला वायु प्रदूषण

### एक्यूआई संतोषजनक श्रेणी में हो रहा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लंबे समय से हो रही लगातार व रूक रूक कर बारिश के चलते दम घोटु दिल्ली में इन दिनों वायु प्रदूषण लेवल (एक्यूआई) संतोषजनक श्रेणी में यानी 60-80 के बीच दर्ज हो रहा है। एक्यूआई घटने से लोग खुलकर हवा लेने का आनंद उठा रहे है। खासकर सांस की व अन्य गंभीर बीमारियों के मरीजों के लिए बारिश का मौसम किसी वरदान से कम नहीं लगा रहा है। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड सीपीसीबी के अनुसार राजधानी दिल्ली में बुधवार सुबह 6:30 बजे तक औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक 75 अंक बना रहा जो संतोषजनक श्रेणी में आता है। जबकि राजधानी के अन्य अधिकांश इलाकों में एक्यूआई 100 से नीचे दर्ज हुआ, जो दिल्ली के लिए राहत की बात कही जा सकती है।



वायु गुणवत्ता सुधरने को लेकर पर्यावरण वैज्ञानिक एस के सुंदरम का कहना है कि इन दिनों दिल्ली के साथ एनसीआर के लोगों को प्रदूषण से थोड़ी राहत मिल रही है। क्योंकि इस बार मानसून के चलते जुलाई के बाद अब अगस्त के महीने में भी अच्छी बारिश दर्ज हो रही है। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के चलते जलभराव से यातायात जाम की समस्या छोड़ दें तो लगातार व रह रहकर हो रही बरसात प्रदूषण का कम करने में अहम भूमिका निभा रही है। बारिश की वजह से हवा में उड़ने वाले सूक्ष्म कण जिन्हें पीएम 2.5 कहा जाता है उन्हें उड़ने से रोकता है। अधिकांश जगहों पर पानी बरसने से धूल उड़ नहीं पाती। जबकि खेतों में इस समय फसलें लगी हुई है उनमें पानी भरा होने से खेतों से भी उड़ने वाली धूल मिट्टी न के बराबर आती है। वहीं बारिश के मौसम में कोर्ट के आदेश पर खुदाई आदि के कार्य पर रोक रहने से भी मिट्टी धूल उड़ने में कमी होती है। वहीं बारिश के चलते जाम में फंसने के डर से काफी संख्या में लोग अपने वाहनों की बजाए मेट्रो आदि से यात्रा करना बेहतर समझते है। सुंदरम का कहना है कि इन सब कारणों से मानसून के इस मौसम में वायु प्रदूषण में कमी दर्ज हो रही है जिसका लाभ दिल्ली वालों को मिल रहा है।

# किसानों और पावर ग्रिड के बीच मुआवजे पर सहमति बनी तो जिला प्रशासन बना रोड़ा!

आनंद राणा ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उत्तरी जिला के गांवों की कृषि भूमि में खड़ी की गई एचटी लाइन और टावर्स संबंधी मुआवजा राशि को लेकर आंदोलनरत किसानों ने जिला प्रशासन पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा से जुड़े किसानों का कहना है कि मंगलवार को किसान प्रतिनिधियों और पावर ग्रिड मैनेजमेंट के बीच औचंदी और हरेवली गांव के मार्केट रेट को लेकर सहमती हो गई थी लेकिन इस बीच किसी साजिश के तहत उत्तरी जिला (राजस्व) प्रशासन पूरे मामले को पटरी से उतारने के लिए बीच में कूद पड़ा। गुस्साये किसान बुधवार देर शाम खबर लिखे जाने तक एडीएम उत्तरी जिला के कार्यालय में धरने पर बैठे थे।

भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के अध्यक्ष सतेन्द्र लोहचब ने एचटी लाइन से प्रभावित किसानों की पीड़ा बताते हुए कहा कि जिला प्रशासन लगातार किसान विरोधी मानसिकता के चलते किसानों के जायज हक की राह में रोड़ा बन रहा है। उन्होंने दिल्ली सरकार से एडीएम अंकुर मेश्राम के तबादले की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से होनी चाहिए क्योंकि जिला प्रशासन किसी मिलीभगत के तहत किसानों के विरोध में खलनायक की भूमिका निभा रहा है।



- अलीपुर एडीएम कार्यालय में धरने पर बैठे एचटी लाइन पीड़ित किसान
- एडीएम उत्तरी जिला के तबादले और पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग

उन्होंने बताया कि किसानों को पावर ग्रिड की तरफ से एक मीटिंग नोटिस भेजकर बुधवार को अलीपुर डीएम ऑफिस बुलाया गया था। किसान यहां पहुंचें तो मीटिंग की बजाए उनको अनुचित मार्केट रेट पर सहमति देने के लिए हड़काया जाने लगा। लोहचब ने कहा कि मंगलवार को किसान प्रतिनिधियों और पावर ग्रिड मैनेजमेंट के बीच औचंदी और हरेवली गांव का मार्केट रेट तय हुआ था। औचंदी के लिए 3 करोड़ 50 हजार रूपये और हरेवली के लिए 2 करोड़ 90 लाख पर रेट तय हुआ था लेकिन बुधवार को जब मार्केट रेट पर सहमति हुई तब से जिला प्रशासन के अधिकारी किसान प्रतिनिधियों पर थर्ड वैल्यूर रिपोर्ट खोलने को लेकर दबाव बनाने लगे। लोहचब के अनुसार कार्यालय में मौजूद किसानों को कहा गया कि थर्ड वैल्यूर रिपोर्ट में किसानों का रेट 3 करोड़ से ज्यादा है, जबकि कोई भी प्रोसेस थर्ड वैल्यूर के लिए फालो नहीं किया गया। इस पर आपत्ति जताते हुए किसानों ने जिला प्रशासन से पूछा कि थर्ड वैल्यूर रिपोर्ट कहा से आयी। किसानों ने जिला प्रशासन अलीपुर के बार बार दबाव के बाद भी 3 करोड़ के रेट पर आपत्ति की।

भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा का आरोप है कि बुधवार शाम तक यही खेल चलता रहा। शाम पांच बजे एडीएम अंकुर मेश्राम ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कल बृहस्पतिवार को सुबह 11 बजे एचटी लाइन के मुआवजे को लेकर मीटिंग बुलाई है और वे इतना कहकर ऑफिस से चले गए। इसके बाद किसान शान्तिपूर्वक तरीके से एडीएम ऑफिस अलीपुर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा का कहना है कि भारत सरकार और दिल्ली सरकार की स्पष्ट मुआवजा पॉलिसी बनाकर लागू करने के बाद भी किसान कौम के साथ साजिश की जा रही है। किसानों का कहना है कि जब पावर ग्रिड मैनेजमेंट मुआवजा देने को तैयार है और किसान भी सहमत हैं तो कौन है जो ये मुआवजा कार्यवाही पूरी होने में अड़चन डाल रहा है।

### एडीएम बोले...हमने किसानों को मीटिंग के लिए नहीं बुलाया था

एडीएम उत्तरी जिला अंकुर मेश्राम ने इस मामले में हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि बुधवार को किसानों को मीटिंग के लिए नहीं बुलाया गया था। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अगर किसानों और पावर ग्रिड के बीच मुआवजा राशि पर कोई सहमति बन गयी है तो जिला प्रशासन एक सामान्य मीटिंग बुलाकर इसे स्वीकृति दे देगा, हमें कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को इस मामले में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक मीटिंग बुलाई है।

अनंत चतुर्दशी तक चलेंगे विभिन्न कार्यक्रम

# धूमधाम से घर, पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता गणपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर दिल्ली में लोगों के घरों व छोटे बड़े पंडालों में विघ्नहर्ता गणपति देव धूमधाम से विराजे। लोगों ने अपने अपने मत व परंपरा अनुसार शिव गोरी पुत्र गणेश जी को अपने अपने घर व पंडालों में विधि विधान से स्थापित किया। बुधवार से शुरू हुई गणपति जी की पूजा आराधना के कार्यक्रम अगले दस दिन यानी अनंत चतुर्दशी तक चलते रहेगें। इस बार सार्वजनिक गणेशोत्सव में ऑपरेशन सिंदूर का असर भी दिखाई दे रहा है। नेता से लेकर आम आदमी तक सबने पहले दिन बढ़ चढ़कर मंदिरो व पंडालों मे आयोजित गणेशोत्सव में हिस्सा लिया। दिल्ली के प्रसिद्ध ओल्ड महाराष्ट्र सदन द्वारा आयोजित गणेश उत्सव और मंडी हाउस गणेश उत्सव दिल्ली के पंडाल अपनी भव्य मूर्ति और महाराष्ट्रियन परंपरा की झलक में देखे जा सकते है। जबकि मुंबई की तर्ज पर दिल्ली के करोल बाग में भी लालबागचा राजा का दरबार सज गया है। वहीं श्री सिद्धिविनायक मंदिर द्वारका सेक्टर 12 में गत वर्षों की तरह इस बार भी गणपति बप्पा की दिव्य प्रतिमा स्थापित की है जबकि श्री शुभ सिद्धि विनायक मंदिर मयूर विहार फेज 1 के मंदिर में बप्पा का विशेष श्रृंगार देख भक्त भाव विभोर हो गए।

श्री गणेश सेवा मंडल लक्ष्मी नगर, श्री राधेश्याम मंदिर मानसरोवर गार्डन, महरौली में महरौली का राजा नामक गणेश पंडाल, पीतमपुरा में लालबागचा राजा की तर्ज पर 18 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई और धूमधाम से उत्सव शुरू हुआ। वहीं बुराड़ी–बख्तावर पुर रोड़ स्थित श्री केदारनाथ मंदिर में गणेश उत्सव शुरू हुआ जहां दैनिक प्रसाद भोग सेवा से भक्त निहाल होंगे। इसी प्रकार गली मोहल्लों में छोटे छोटे पंडालों में भी भक्तों ने अपने आराध्य श्री गणेश जी को विराजमान किया और भजन कीर्तन आदि किया।

### श्री गणेश चतुर्थी धार्मिक उत्सव और नई ऊर्जा का प्रतीक : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। श्री गणेश चतुर्थी केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि नई ऊर्जा, नई शुरुआत और सकारात्मकता का प्रतीक है। ऐसे अवसर समाज को एकजुट करने और सबको समान रूप से विकास की राह पर आगे ले जाने का संदेश देते हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कई मंदिरों व स्थलों पर पहुंचकर विघ्नहर्ता भगवान गणपति बप्पा के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद श्रद्धालु जनों के बीच यह संबोधन दिया। बताया गया कि राजधानी में गणेशोत्सव की धूम शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री ने भगवान सिद्धिविनायक से प्रार्थना की कि वह दिल्ली सहित सभी देशवासियों को सुख, समृद्धि और आरोग्यता का आशीर्वाद प्रदान करें। मुख्यमंत्री सुबह कनॉट प्लेस स्थित श्री गणेश मंदिर पहुंची। इसके बाद उन्होंने नॉर्थ एवेन्यू व तीन मूर्ति में भी आयोजित गणेश उत्सव कार्यक्रमों में भागीदारी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी ओर से सभी देशवासियों और दिल्लीवासियों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। मैंने गणपति बप्पा से प्रार्थना की है कि हमारे देश और दिल्ली के सभी कार्य निर्विघ्न संपन्न हों, राजधानी निरंतर प्रगति की राह पर आगे बढ़े और विकास की इस यात्रा में किसी भी प्रकार का विघ्न न आए।



# आईजीएल सड़कों की मरम्मत का काम जल्द करे शुरू : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने बवाना में गैस पाइपलाइन के चल रहे कार्यों और इन कार्यों के चलते सड़कों की मरम्मत के अधूरे पड़े कामों से आमजन को हो रही समस्याओं को लेकर संबंधित विभागों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां सड़कों की मरम्मत का कार्य तुरंत शुरू करें। बार-बार सड़कों की खुदाई से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कैबिनेट मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इंद्राज कॉलोनी, क़ुतुबगढ़ गाँव, नांगल ठाकरान, दरियापुर, चांदपुर, जटखोड, बाजितपुर ठाकरान, औचंदी, पंजाब खोड और हरेवली सहित बवाना क्षेत्र के अन्य इलाकों में चल रहे पाइपलाइन कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए तथा सड़कों की मरम्मत का कार्य भी साथ-साथ सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने कहा कि विशेषकर अनधिकृत कॉलोनियों में गड्ढों को भरकर सड़कों की समुचित मरम्मत की जाए। वहीं अन्य क्षेत्रों में एमसीडी के माध्यम से सड़क के कार्य पूरे कराए जाएं। बैठक में आईजीएल, एमसीडी, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग तथा डीएसआईडीसी के अधिकारी मौजूद रहे।



**खबर संक्षेप**

## 6 लाख 81 हजार रुपए की ठगी, आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर 681896 रुपए की ठगी में खाता उपलब्ध करवाने के आरोपी को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में पहले सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। साइबर थाना तिरखा कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक कॉल आया जिसमें वर्क फॉर्म होम के लिए बोला गया।

## मोबाइल हैक कर 80 हजार रुपए निकाले



**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में जालसाज ने युवक का मोबाइल हैक करके 80 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने एसी ठीक करवाने के लिए गूगल वेबसाइट पर एसी सर्विस वालों को मोबाइल नंबर ढूंढ़ा था। पीड़ित युवक की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गाजीपुर (उप्र) के बहरामपुर गांव निवासी श्रीराम यादव ने बताया गुरुग्राम के अर्बन होम्स-2 में किराए पर रहता है।

## मकान की छत गिरने से महिला की मौत



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में गत मंगलवार को हुई तेज बारिश व पूरे दिन रुक-रुककर बारिश के कारण देर रात बादशाहपुर के टीकली गांव में कमरे में सो रहे बुजुर्ग दंपती पर छत गिर गई। मलबे में दबने से महिला की मौत हो गई। जबकि महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल बुजुर्ग को दिल्ली के सफदरजंग में एडमिट कराया गया है। बादशाहपुर थाना क्षेत्र के गांव टीकली में लंबे समय से श्याम लाल व उनकी पत्नी महादेवी (60 वर्ष) के साथ रह रहा था।

# कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का तीन दिवसीय गणेश महोत्सव का शुरू

### लालबाग चा राजा के तर्ज पर गोयल चा राजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

गणेश महोत्सव पर फरीदाबाद में तीन दिवसीय महोत्सव का प्रथम दिन धूमधाम, श्रद्धा, उमंग एवं आनंद के साथ संपन्न हुआ। हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री तथा फरीदाबाद के विधायक विपुल गोयल द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव में फरीदाबाद के लोगों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर गणेश जी की पूजा-अर्चना की। तीन दिवसीय गणेश महोत्सव के पहले दिन स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, उद्योग जगत के बड़े नाम और संत समाज की विशेष उपस्थिति रही। बुधवार को सेक्टर-11 स्थित हनुमान, शक्ति और शनि



मंदिर से भगवान गणपति की शोभायात्रा प्रारंभ हुई। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल सहित पूरे गोयल परिवार ने बप्पा की मूर्ति को शोभायात्रा के साथ पूजन स्थल, सेक्टर-12 लॉन एंड बैंक्वेट में लाकर स्वस्तिवाचन, मंत्रोच्चार और पूर्ण विधि-विधान से गणेश जी की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई। प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत अग्नि अखाड़ा के सचिव स्वामी संपूर्णानंद ब्रह्मचारी जी, सिद्धदाता आश्रम के पीठाधीश्वर पुरुषोत्तमाचार्य जी एवं वृंदावन के अनंत वीर दास जी महाराज इस गणेश महोत्सव में विशेष रूप से उपस्थित हुए। संपूर्णानंद महाराज ने आयोजन की सराहना करते हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल को नीति और सदाचार पर चलते हुए हरियाणा के विकास का पहिया आगे बढ़ाने वाला बताया। अन्य संतों ने भी कहा कि विपुल गोयल द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव का पुण्य लाभ सभी श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा।
है। गणेश महोत्सव के अवसर पर बृजवासी ब्रदर्स के भजन कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया। वहीं अर्थवा बैंड के नए भक्ति गीतों ने भी महोत्सव के वातावरण को और अधिक दिव्य एवं भव्य बना दिया।

इस दिन कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल एवं उनकी धर्मपत्नी पल्लवी गोयल के सहयोग से गुरु जी का सत्संग भी आयोजित हुआ। गणेश महोत्सव के प्रथम दिन शाम के अंतिम भक्ति आयोजन के रूप में स्वस्ति मेहुल की विशेष प्रस्तुति होगी, जिसके लिए फरीदाबाद के लोग अत्यंत उत्साहित नजर आए।

# दोनों श्रेणियों में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीता बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में जय शर्मा ने फरीदाबाद का परचम लहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



हैदराबाद में आयोजित आईसीएन वर्ल्ड वाइड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में संजय कॉलोनी गली नं. 29 निवासी जय शर्मा पुत्र हरिदत्त शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष फिजिक और फिटनेस मॉडल दोनों श्रेणियों में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर फरीदाबाद का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक नीरज शर्मा ने उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर परशुराम सेवादल एवं प्रवासी मित्र मंडल के अध्यक्ष पंडित सत्य प्रकाश कौशिक सहित सम्मानित टीम मुकेश शर्मा, अशोक फौजी, शिवदत्त शर्मा, महिपाल, विष्णु दत्त शर्मा, कल्लू चौधरी, भगवत दयाल, राजपाल शर्मा, विनोद कौशिक, राजेन्द्र प्रसाद आदि सदस्य उपस्थित रहे। पूर्व विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि जय शर्मा जैसे युवा खिलाड़ियों की मेहनत और लगन आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा है।

### सफाई व जनजागरूकता की विशेष गतिविधियां चलाई जाएंगी

# जनजागरूकता और जनसहभागिता से बदलेगी शहर की सूरत, चलेगा 11 सप्ताह का स्वच्छता संकल्प: डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अस्पतालों के प्रतिनिधियों, आरडब्ल्यूए और पार्षदों के साथ बैठक आयोजित

सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी



हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से शुरू किए गए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान का आगाज फरीदाबाद में हो गया है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में 11 सप्ताह तक सफाई व जनजागरूकता की विशेष गतिविधियां चलाई जाएगी। मंगलवार को उपायुक्त विक्रम सिंह की अध्यक्षता में लघु सचिवालय सभागार कक्ष और सेक्टर-12 कन्वेंशन हॉल में अधिकारियों, उद्यमियों, अस्पतालों के प्रतिनिधियों, आरडब्ल्यूए और पार्षदों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों में जागरूकता और स्वच्छता को आदत बनाना भी है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान हर वार्ड में निरीक्षण किया जाएगा और समस्याओं का समय पर निपटारा किया जाएगा। स्कूल, अस्पताल, इंडस्ट्री, आरडब्ल्यूए और आमजन की भागीदारी से इस मुहिम को जनआंदोलन का रूप देने की अपील की गई।

डीसी ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों के संचालकों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। प्रत्येक शनिवार सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक कर्मचारी श्रमदान कर उद्योग परिसर और आसपास सफाई करेंगे। इससे न केवल उद्योग क्षेत्र स्वच्छ बनेगा, बल्कि कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी बढ़ेगी। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डोर-टू-डोर कूड़ा उठान की व्यवस्था सख्ती से लागू हो। खाली प्लॉटों और सार्वजनिक स्थलों पर कचरा डालने पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। सरकारी और निजी दफ्तरों, धार्मिक स्थलों, अस्पतालों, सड़कों व नालों की सफाई, पुताई, मरम्मत और सौंदर्यीकरण अभियान का हिस्सा होंगे।

अभियान के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निर्माण एवं विध्वंस वेस्ट सार्वजनिक स्थलों पर डालने वालों पर भी सख्त जुर्माना लगाया जाएगा। खाली प्लॉटों में कचरा मिलने पर नगर निगम कचरा उठाकर संबंधित मालिक पर चालान करेगा और यदि चारदीवारी नहीं की गई तो भी कार्रवाई होगी। नगर निगम आयुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने बताया कि सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गौवंश को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है।

इच्छुक सामाजिक संस्थाएं नगर निगम के साथ पंजीकरण कर इस कार्य में सहयोग कर सकती हैं। उन्होंने अवैध मीट की दुकानों को बंद कराने और अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड लगाने वालों पर चालान की बात कही।

### 311 ऐप और कॉल सेंटर से शिकायतों का समाधान

नगर निगम बहुत जल्द कॉल सेंटर शुरू करेगा, जो 311 ऐप से दर्ज शिकायतों पर समाधान की मॉनिटरिंग करेगा। निगमायुक्त ने कहा कि नियमित निगरानी और नागरिकों की सहभागिता से ही यह अभियान सफल होगा।

### स्वच्छता से हर सप्ताह नया बदलाव

डीसी ने कहा कि 11 सप्ताह में जिले में विजिबल पॉजिटिव चेंज नजर आना चाहिए। उन्होंने जनता से अपील की कि सभी इस अभियान को अपनी जिम्मेदारी मानें और फरीदाबाद को अन्य जिलों के लिए उदाहरण बनाएं। बैठक में महापौर प्रावीण जोशी, एडीसी सतबीर मान, एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद, एसडीएम फरीदाबाद अमित कुमार, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, नगर निगम अधिकारियों समेत सभी विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### जीडी व ट्रैफिक पुलिस की टीम ने किया निरीक्षण

# राजनगर एक्सटेंशन के सड़कों से जाम की होगी समस्या दूर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

राजनगर एक्सटेंशन की सड़कों पर बढ़ती जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा निर्देशन में प्राधिकरण के प्रभारी मुख्य अभियंता आलोक रंजन के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम ने अपर पुलिस आयुक्त यातायात सचिदानंद व उनकी संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया।

इस दौरान ये जानने का प्रयास किया गया कि राजनगर एक्सटेंशन में जाम की समस्या के स्थाई कदम के लिए किस यू टर्न को बंद करना होगा अथवा किस स्थान पर शिफ्ट किए जाने की आवश्यकता होगी। इस बीच कुछ कट को बंद किए जाने व कुछ नए कट व यू टर्न पर सहमति भी बनी। प्राधिकरण जल्द नए सिरे से डिजाइन तैयार कराते हुए जाम की समस्या के स्थाई समाधान के लिए कदम उठाया जाएगा। वैसे प्राधिकरण के द्वारा राजनगर एक्सटेंशन की जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए अन्य कई रोड के निर्माण की दिशा में काम किया जा रहा है, जैसे लगभग 36 करोड़ की लागत से 18 मीटर व 24 मीटर चौड़ी बंधा रोड को नूरनगर से जोड़ने वाली सड़क।

इसके अलावा डी सेक्शन से आउटर रिंग रोड को जोड़ने वाली सड़क तथा हम तुम रोड के निर्माण का टेंडर किया गया है। इसके अलावा कई अन्य जोनल आउटर रिंग रोड के निर्माण की परियोजना को धरातल पर साकार करने की दिशा मे प्राधिकरण के द्वारा लगातार काम किया जा रहा है।

### आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज, तलाश जारी

# मनाली से वापस लौटे शराब कारोबारी को मैनेजर के पति ने मारी तीन गोली, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-77 स्थित केएलजे ग्रीन सोसायटी के सामने शराब कारोबारी को एक युवक ने तीन गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कारोबारी को घायल हालत में अमृता अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीपीटीपी थाना पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके तलाश में जुट गई है।

वहीं मामले में आरोपित की तलाश के लिए क्राइम ब्रांच सेंट्रल और सेक्टर-30 क्राइम ब्रांच लगी हुई है। सेक्टर-10 में रहने वाले सुरेश का शराब का कारोबार है। फरीदाबाद में उसके कई ठेके हैं। कारोबारी का सेक्टर-नौ में सैलून भी है। चार दिन पहले सुरेश केएलजे सोसायटी में रहने वाले अपने सुरक्षाकर्मी सोनू और उसकी पत्नी दुर्गेश के साथ मनाली घूमने गया था। इस दौरान सुरेश सेक्टर-दो में रहने वाली मेघा को भी अपने साथ ले गया था। मेघा सुरेश के सेक्टर-नौ स्थित सैलून पर मैनेजर हैं। मेघा ने एक साल पहले जुन्हैड़ा के रहने वाले विनोद के साथ लव मैरिज की थी। लेकिन पिछले कुछ समय से दोनों का विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि मेघा सुरेश के साथ पहले भी घूमने गई थी। जिससे विनोद और मेघा का झगड़ा हो गया था। इसके साथ विनोद सुरेश के साथ भी रंजिश रखने लगा था। इस बार भी वह विनोद के मना करने पर सुरेश के साथ मनाली घूमने चली गई। सोमवार देर रात करीब दो बजे मनाली से लौटने पर सुरेश अपने सुरक्षाकर्मी सोनू और उसकी पत्नी को केएलजे सोसायटी में छोड़ने गया। वहीं पर विनोद अपने एक साथी के साथ कार में आया और सुरेश पर फायरिंग कर दी। सुरेश की छाती में तीन गोली लगी। एक गोली कारोबारी के पेट पर एक गोली गर्दन पर लगी।

# बीके अस्पताल को रेफर मुक्त बनाने की मांग को विधायक फागना ने विधानसभा पटल पर रखा

### रेफर मुक्त संघर्ष समिति ने सीएम नायब सिंह सैनी, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती राव व विधायक फागना का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति की मांगों को उस समय और अधिक बल मिला जब एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतीश फागना ने हरियाणा विधानसभा के पटल पर रेफर मुक्त संघर्ष समिति के मांग संबंधित आवाज बुलंद की।

विधायक फागना ने बीके अस्पताल को रेफरल मुक्त बनाने, उक्त अस्पताल को सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ताकि फरीदाबाद के निवासियों को उपचार के लिए दिल्ली न जाना पड़े। उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है। जिस पर प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने सिविल अस्पतालों का अधिदेश माध्यमिक स्तर तक सेवाएं प्रदान करना है, जबकि तृतीयक स्तर की सेवाएं मेडिकल कॉलेजों द्वारा प्रदान की जाती हैं। जिला सिविल अस्पताल फरीदाबाद एक 200 बिस्तरों वाला अस्पताल है, जिसे राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों (एनक्यूएएस) से प्रमाणित किया गया था, जिसमें सुव्यवस्थित प्रसव कक्ष और मुस्कान प्रमाणित नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) उपलब्ध है। विभिन्न विषयों के 35 विशेषज्ञ ओपीडी और आईपीडी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, 6 बिस्तरों वाला आईसीयूए 6 बिस्तरों वाला एचडीयूए लैप्रोस्कोपी सर्जरी सुविधाओं के साथ मॉड्यूलर ओटी, जॉइंट रेप्लेस्मेंट सुविधाओं के साथ सी आर्म और डायलिसिस सेवाएं उपलब्ध हैं। निदान सेवाओं के अंतर्गत सुव्यवस्थित जिला एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला (डीआईपीएचएल) एक्स.रे, यूएसजी, सीटी स्कैन और एमआरआई स्कैन उपलब्ध हैं। इसमें घटक विभाजक इकाई और एफेरेसिस सुविधा के साथ एक पूरी तरह कार्यात्मक रक्त बैंक इकाई है। सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए 14 अगस्त 2025 को 200 बिस्तरों वाले एमसीएच ब्लॉक की आधारशिला रखी गई है। विधायक सतीश फागना के विधानसभा में प्रश्न रखने पर फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति की टीम ने संयोजक सतीश चोपड़ा के नेतृत्व में खुशी मनाई। चोपड़ा ने कहा कि पूर्व रणजी प्लेयर संजय भाटिया के मार्गदर्शन मे रेफरमुक्त संघर्ष समिति का धरना 272 दिन से चल रहा है। फरीदाबाद की जनता की तरफ से हम आभार व्यक्त करते है इनसे बाकी विधायकों, मंत्रियों को शिक्षा लेनी चाहिए और ट्रोमा सेंटर ट्रोमा केयर सिविल अस्पताल व मेडिकल कोलिज को उपग्रेड करने विस्तार करने की मांग सदन मे उठानी चाहिए।

# 'ग्राम-दुहाई व सिकरी खुर्द में 23 बीघा में अवैध कॉलोनियों पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



जीडीए का बुलडोजर बुधवार को ग्राम-दुहाई व सिकरी खुर्द में चला। जहां 23 बीघा में अवैध कालोनियों को ध्वस्त कर दिया गया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में चित्रेश, यतेन्द्र पुत्रगण राजेन्द्र द्वारा राजस्व ग्राम-दुहाई, मुरादनगर, गाजियाबाद के खसरा सं0-176, पर लगभग 9000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में, विजय चौधरी राजस्व ग्राम-दुहाई, मुरादनगर, गाजियाबाद के खसरा सं0-105 पर लगभग 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में, विक्रम सिंह,विपिन कुमार व संजीव कुमार द्वारा राजस्व ग्राम-सीकरी खुर्द, निकट संजीवनी स्टेट कालोनी के पास, मोदीनगर के खसरा सं0-835 पर लगभग 10000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में, अवैध प्लाटिंग हेतु सड़क पर टाईल्स लगाने का कार्य पूर्व में किया गया है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**एनआईटी सं. 46245351B** **दिनांक : 25.08.2025**

निविदा सं. 46245351A के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत सहायक सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Micro Controller Based electronic speed Indicating Recording System for tower wagon as per RDSO specification: MP 0.3700-07 Rev. 07 Aug-2017 |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | 63,72,000/- |
| 3 | मात्रा | 30 Set |
| 4 | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय | 26.09.2025 (11:00 Hrs.) |
| 5 | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 26.09.2025 (11:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

**टिप्पणी** : (i) ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेजे देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2596/25


### पुलिस मुठभेड़ में चार आरोपी गोली लगने से हुए घायल

# सिंगर राहुल फाजिलपुरिया पर फायरिंग करने व रोहित शौकीन की हत्या करने वाले पांच बदमाश पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

धर्मेंद्र कौशिक ⏭ गुरुग्राम

बॉलीवुड सिंगर राहुल फाजिलपुरिया पर फायरिंग करने व करीब दो सप्ताह पहले दिल्ली के फाइनेंसर रोहित शौकीन की हत्या में शामिल पांच आरोपियों को गुरुग्राम पुलिस की क्राइम ब्रांच व एसटीएफ की टीमों ने मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया। इस मुठभेड़ में चार बदमाशों को पैर में गोली लग गई।

घायलों को पुलिस ने नागरिक अस्पताल में एडमिट करा दिया। वहीं आरोपियों के कब्जे से दो विदेशी समेत चार पिस्टल, एक देशी कट्टा, छह कारतूस व एक इनोवा कार बरामद की है। पुलिस की जांच टीमों को मुठभेड़ वाले स्थान से 19 खाली खोल कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार का कहना है कि मुठभेड़ में पुलिस ने आठ राउंड फायर किए जबकि बदमाशों ने पुलिस पर 11 राउंड फायरिंग की, जिनमें से एक गोली पुलिस की गाड़ी में भी लगी। इस मुठभेड़ में गुरुग्राम पुलिस की तीन क्राइम ब्रांच की टीमें व एक एसटीएफ की टीम शामिल रही। सेक्टर-31 क्राइम ब्रांच के इंचार्ज इंस्पेक्टर आनंद कुमार को मंगलवार की रात एसटीएफ गुरुग्राम के इंचार्ज नरेंद्र चौहान ने राहुल फाजिलपुरिया पर फायरिंग करने व रोहित शौकीन की हत्या के मामले में शामिल आरोपी विनोद उर्फ पहलवान, पदम उर्फ राजा, शुभम उर्फ काला, आशीष उर्फ आशु व गौतम उर्फ गोगी एक बिना नंबर प्लेट की इनोवा गाड़ी से गुरुग्राम के पटौदी रोड पर आने की सूचना दी। सूचना के बाद क्राइम ब्रांच सेक्टर-31 ने सेक्टर-43 क्राइम ब्रांच व मानेसर क्राइम ब्रांच को जानकारी दी। जिस पर सभी पुलिस टीमें आरोपियों को काबू करने के लिए निश्चित किए गए स्थान पर पहुंची और सभी टीमों ने एक संयुक्त रेडिंग पुलिस टीम गठित कर वजीरपुर से पटौदी रोड़ की तरफ आरोपियों की तलाश में जुट गई। पुलिस टीमों ने नाकेबंदी की तो कुछ समय बाद ही एक बिना नंबर प्लेट वाली इनोवा गाड़ी बड़ी तेज गति से वजीरपुर-पटौदी रोड़ से आती दिखाई दी,लेकिन वह गाड़ी नहीं रुकी तो पुलिस टीमों ने उस गाड़ी का पीछा किया। करीब एक किलोमीटर चलने के बाद गाड़ी ने सवार बदमाशों ने एक फायर नरेन्द्र चौहान की टीम पर किया और गोली गाड़ी पर लगी। पुलिस टीमों ने आरोपियों की गाड़ियो के सामने गाड़ी लगाकर घेर लिया।

### पुलिस के इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी गोली

आरोपियों द्वारा की गई फायरिंग में एक गोली इंस्पेक्टर आनंद व एक गोली सब इंस्पेक्टर ललित की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों को चेतावनी देते हुए व हवाई फायर कर सरेंडर करने को कहा, लेकिन जब बदमाश फायरिंग करते रहे तो पुलिस टीमों ने जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की, जिसमें चार बदमाशों के पैरों में गोली लगने के बाद व एक अन्य आरोपी को दबोच लिया। आरोपियों की पहचान शुभम उर्फ काला निवासी गांव जाजल, जिला सोनीपत, आशीष उर्फ आशु निवासी छतीरा बहादुरपुर, जिला सोनीपत, विनोद उर्फ पहलवान निवासी लोहा माजरा, झज्जर, पदम उर्फ राजा निवासी गांव लोहा माजरा, जिला झज्जर, गौतम उर्फ गोगी निवासी गांव दीपालपुर, सोनीपत के रूप में हुई।

## होटल मैनेजर को गोली मारकर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को कोर्ट ने सुनाई 10 वर्ष की सजा

**गुरुग्राम।** करीब साढ़े छह साल पहले बादशाहपुर थाना क्षेत्र में होटल मैनेजर को गोली मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की कैद व 50 हजार रुपए आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। यह वारदात सोहना-गुरुग्राम रोड पर फाजिलपुर चौक पर स्थित श्रीराम ढाबे पर हुई थी। वारदात सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो गई थी। 15 जनवरी 2019 को बादशाहपुर थाना पुलिस को होटल मैनेजर को गोली मारने को लेकर सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस सोना देवी अस्पताल में घायल किशन लाल निवासी उद्यम सिंह नगर उत्तराखंड जो श्रीराम ढाबे पर मैनेजर था, ने पुलिस को शिकायत दी थी। रात करीब पौने 9 बजे काउंटर पर खड़ा था। तभी तीन लड़के आए, जिनके हाथ में पिस्टल थी। उन्होंने इसको जान से मारने की नियत से इस पर गोली चलाई, जो इसकी कोहनी में लगी व दूसरी गोली इसके पेट को छुते हुए निकल गई। वह किचन की तरफ निकलकर भाग गया। ढाबे के मैनेजर किशनलाल ने संदेह जताया था कि 9 जनवरी 2019 को तीन लड़के शराब पीकर उनके होटल पर शोर-शराबा करके गए थे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी मनीष उर्फ गंजा उर्फ नीरज, पुत्र:** स्वर्गीय अशोक कुमार **पता:** 36–359 त्रिलोक पुरी थाना मयूर विहार और 36 / 380 त्रिलोक पुरी, दिल्ली **SC No. 595/2023 FIR No. 403/2023, U/s: 307/336/384/387/506/120B/34 IPC & 25/27 Arms Act पुलिस थाना: आनंद पर्वत, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ गंजा उर्फ नीरज,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ गंजा उर्फ नीरज,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ गंजा उर्फ नीरज, SC No. 595/2023 FIR No. 403/2023, U/s: 307/336/384/387/506/120B/34 IPC & 25/27 Arms Act पुलिस थाना: आनंद पर्वत, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
प्रिया महेन्द्रा
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–09 (पश्चिम)
कमरा नं. 307, तृतीय तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/11462/CD/2025
(Court Matter)

**रामनगरी को मिली एक ओर बड़ी सौगात**

# अयोध्या से वाराणसी तक दौड़ेगी एक और वंदे भारत एक्सप्रेस

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या को बड़ी सौगात मिली है। अब अयोध्या से वाराणसी तक एक और वंदे भारत एक्सप्रेस दौड़ेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस जो अब तक मेरठ से लखनऊ तक चल रही थी उसे आगे बढ़ाकर अयोध्या धाम से वाराणसी कैंट तक कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था से न सिर्फ अयोध्या बल्कि वाराणसी आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को सीधी व तेज रफ्तार कनेक्टिविटी मिल सकेगी।

बुधवार को जब ट्रेन वापस वाराणसी से अयोध्या धाम स्टेशन पहुंची तो वहां माहौल बेहद उत्साहजनक रहा। इस अवसर पर अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद, विधायक वेद प्रकाश गुप्त, मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान और भाजपा के महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव मौजूद रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया और इस नई सौगात को ऐतिहासिक बताया।

आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को सीधी व तेज रफ्तार कनेक्टिविटी मिल सकेगी

प्रदेश की आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को और गति मिलेगी

**नई वंदे भारत एक्सप्रेस के शुरू होने से यात्रियों का समय बचेगा**



इस मौके पर सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जो ट्रेनें बंद कर दी गई थीं, उन्हें पुनः शुरू किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने अयोध्या धाम और अयोध्या कैंट के बीच स्थित आचार्य नरेंद्र देव सिटी स्टेशन को फिर से चालू करने की मांग उठाई। सांसद ने यह भी कहा कि अयोध्या धाम में ट्रेनों का ठहराव बहुत सीमित है, जिससे श्रद्धालुओं और यात्रियों को असुविधा होती है। इस ठहराव को बढ़ाने के लिए वे रेल मंत्री से वार्ता करेंगे। नई वंदे भारत एक्सप्रेस के शुरू होने से अयोध्या-वाराणसी रूट पर यात्रियों का समय बचेगा और उन्हें तेज, सुरक्षित व आरामदायक सफर का अनुभव मिलेगा। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व वाले इन दोनों शहरों के बीच यह ट्रेन पर्यटन को भी नया आयाम देने जा रही है।

## राम मंदिर परिसर में गणपति पूजन का आयोजन

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में बुधवार को गणेश चतुर्थी पर विशेष आयोजन हुआ। नवनिर्मित गणेश मंदिर में भगवान श्रीगणेश का विधिवत पूजन किया गया। नवनिर्मित मंदिर में पहली गणेश चतुर्थी है जिसे लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। इसी पावन अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए आज ही लगभग चार किलोमीटर लंबी सुरक्षा दीवार के निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ।

**राधाष्टमी की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक**

# मथुरा में 30 से 31 तक धूमधाम से मनाया जाएगा श्रीराधा जन्मोत्सव




डॉ.कमल कान्त उपमन्यु ▶▶ मथुरा

एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ, मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने संयुक्त रूप से अधीनस्थ अधिकारियों के साथ राधाष्टमी मेला 2025 को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस बरसाना में बैठक ली।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। बताया कि श्री राधा जन्मोत्सव को लेकर बरसाना को 6 जोन व 16 सेक्टरों में बांटा गया है। इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ को राधारानी मंदिर की सुदामा चौक की सीढ़ियों से प्रवेश कराया जाएगा। जयपुर मंदिर मार्ग से श्रद्धालुओं को उतारा जाएगा। 30 से 31 अगस्त तक श्रीराधा जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस पर्व का मुख्य कार्यक्रम बरसाना स्थित श्री लाड़ली जी मंदिर में होगा। लाखों की संख्या में श्रद्धालु श्री लाड़ली जी मंदिर, बरसाना पहुंचेंगे। मेला क्षेत्र में 50 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं तथा 88 बैरियर लगाए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु श्रीजी गेट के पास बिनानी सत्संग हॉल में कंट्रोल रूम बनाया गया है। 50 स्थान पर 155 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जबकि मंदिर के अंदर 32 कैमरे लगाए गए हैं।

आयोजन के दौरान ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जाएगी। वॉच टावर भी लगाए गए हैं। भीड़ नियंत्रण हेतु 24 स्थान पर होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। आकस्मिक स्थिति के लिए मेडिकल टीम और अग्निशमन विभाग की टीम हर समय अपने-अपने ड्यूटी पॉइंट पर तैनात रहेगी। रोप वे श्रद्धालुओं के लिए चालू रहेगा। छोटी परिक्रमा बंद रहेगी जबकि सभी श्रद्धालु बड़ी परिक्रमा करेंगे तथा दर्शन करने वाले व परिक्रमा लगाने वाले सभी श्रद्धालुओं का प्रवेश नए बस स्टैंड से होते हुए राधारानी मंदिर गेट से रहेगा।

### खास बातें

- 50 स्थान पर लगाए गए हैं 155 सीसीटीवी कैमरे
- मंदिर के अंदर 32 कैमरे लगाए गए हैं
- ड्रोन कैमरे से भी होगी मेला परिसर की निगरानी

अपर जिलाधिकारी वित्त ने बताया कि प्रकाश व्यवस्था सुधारी गई है। पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मी तैनात किए गए हैं। जगह-जगह मोबाइल टॉयलेट और सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध हैं। पेयजल की आपूर्ति हेतु 30 टैंकर की व्यवस्था की गई है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज ने बताया कि आयोजन के दौरान मथुरा-बरसाना वाया गोवर्धन, वृंदावन-बरसाना मथुरा-बरसाना वाया छाता एवं मथुरा-बरसाना वाया कोसी के लिए कुल 270 बसें संचालित कराई जाएंगी। समीक्षा के उपरांत एडीजी श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ द्वारा निर्देश दिए गए कि कहीं भी जलभराव नहीं होना चाहिए। यातायात सुगम रूप से चलता रहे। यातायात पुलिसकर्मी अपने ड्यूटी पॉइंट पर हर समय सक्रिय होने चाहिए। पूरा मेला क्षेत्र सीसीटीवी कैमरे से आच्छादित होना चाहिए। मंदिर परिसर के अंदर भीड़ नियंत्रण की प्लानिंग के साथ व्यवस्था की श्रद्धालुओं को सुगमता से प्रवेश करने की साथ-साथ उनके निकासी का भी क्रम बना रहे इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु चिकित्सा विभाग की टीम अलर्ट मोड पर रहे। मीडिया वॉच से जुड़ी छोटी-मोटी घटनाओं पर ध्यान रखना जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल जा रही छात्रा को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत



**बड़हलगंज।** राम-जानकी मार्ग पर टेढ़िया बंधे के पास 11 वीं की छात्रा रागिनी निषाद की तेज रफ्तार से जा रही गिट्टी लदी अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। क्षेत्र के मुहाल जलकर के महराजगंज टोला निवासी विनोद निषाद की 16 वर्षीय पुत्री रागिनी निषाद सुबह साढ़े सात बजे घर से साइकिल से शबनम मेमोरियल स्कूल जा रही थी।

### तालाब में डूबे तीन भाई-बहन, दो की मौत



**कैमूर।** कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के रहारी गांव में तीज पर्व के दिन एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव के ही एक पोखरे (तालाब) में नहाने गए एक ही परिवार के तीन बच्चे डूब गए। हादसे में दो बच्चियों की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल का इलाज रामगढ़ रेफरल अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, तीज पर्व पर गजेंद्र यादव की तीन बेटियां अंशिका कुमारी (13 वर्ष), खुशबू कुमारी (11 वर्ष) और नेहा कुमारी (12 वर्ष) नहाने के लिए पोखरे में गई थीं।

**मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं एवं 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरित किए**

# सीएम योगी बोले- बेईमान राजनीतिक दलों ने यूपी को बनाया था बीमारू राज्य

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लोकभवन सभागार, लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 2,425 मुख्य सेविकाओं एवं 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। चयनित लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य नहीं था, बल्कि बेईमान राजनीतिक दलों ने इसे बीमारू राज्य बना दिया था। भ्रष्टाचार और बंदरबांट की राजनीति ने इस समृद्ध प्रदेश को पहचान के संकट में धकेल दिया था। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले नियुक्तियों में बंदरबांट होती थी, योग्य अभ्यर्थी भेदभाव और भ्रष्टाचार के शिकार होते थे।

उन्होंने कहा कि 1947 के बाद 1960 तक यूपी देश का अग्रणी प्रदेश था, जिसका योगदान 14 प्रतिशत से अधिक था। लेकिन 1960 के बाद गिरावट शुरू हुई और 1990 के बाद यह और तेज हो गई। 2017 तक यूपी का योगदान 8 प्रतिशत से भी कम हो गया। सीएम योगी बुधवार को लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान खाद्यान्न उत्पादन, इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश में यूपी पिछड़ता गया।

**यूपी में युवाओं को मिल रहे रोजगार के सुनहरे अवसर**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने सभी नव चयनितों को बधाई देते हुए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को इस निष्पक्ष प्रक्रिया के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि हर युवा के मन में सपना होता है और सरकार का दायित्व है कि उसे मंच दे। युवा प्रतिभाशाली और ऊर्जावान होता है, लेकिन जब वह भेदभाव और भ्रष्टाचार का शिकार होता है, तो यह राष्ट्रीय क्षति है। 2017 से पहले यूपी में नियुक्तियां नहीं होती थीं, होती भी तो बंदरबांट और भ्रष्टाचार के चलते योग्य युवा पीछे रह जाते थे। इसका नतीजा, यूपी बीमारू राज्य बन गया।

**विपक्ष के पास मुद्दा नहीं, सिर्फ नकारात्मकता है**

*उत्तर प्रदेश में स्कूल मर्जर को लेकर मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास मुद्दा नहीं, सिर्फ नकारात्मकता है। जर्जर भवनों को शिफ्ट करने और छात्र-शिक्षक अनुपात सुधारने का प्रयास राष्ट्रीय शिक्षा नीति का हिस्सा है। एक जर्जर भवन गिरने से बच्चे मरे, लेकिन विपक्ष भ्रम फैलाता है। हम खाली विद्यालयों में प्री-प्राइमरी और बाल वाटिका चलाएंगे, 5000 बाल वाटिकाएं सफलतापूर्वक संचालित भी हैं। सीएम योगी ने कहा कि इन विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पोषण मिशन से 3-6 वर्ष के बच्चों का मानसिक विकास होगा, जो स्वस्थ समाज के लिए महत्वपूर्ण है। सीएम ने 2047 के विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह रास्ता आंगनबाड़ी केंद्रों से शुरू होता है।*

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा यूपी

सीएम योगी ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि यूपी पुलिस में 2 महीने पहले 60,244 भर्ती में 12,045 बेटियां चयनित हुईं। 1947-2017 में सिर्फ 10,000 महिला पुलिसकर्मी थीं, लेकिन 8 साल में 40,000 से अधिक बेटियों को भर्ती किया। बेसिक शिक्षा परिषद में 1,56,000 शिक्षकों में ज्यादातर बेटियां हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का उल्लेख किया, जिसमें 26 लाख से अधिक बेटियों को 25,000 रुपए का पैकेज मिला। 4 लाख बेटियों की शादी सामूहिक विवाह योजना से हुई और मातृ वंदना योजना में 183 करोड़ रुपए वितरित किए गए। इसी वर्ष 19424 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, 3000 सहायिकाओं का प्रमोशन और 22,290 मिनी आंगनबाड़ी को मुख्य में तब्दील किया गया।

**प्रदेश में स्वास्थ्य और कुपोषण में आया सुधार**

सीएम ने कहा कि एनएफएचएस सर्वे (2015-16) के बाद 2017 से महिलाओं में एनीमिया 5.1प्रतिशत, स्टंटिंग 6.6 प्रतिशत, अल्पवजन 7.4 प्रतिशत, और सूखापन 0.6प्रतिशत कम हुआ। शिशु मृत्यु दर 38 और मातृ मृत्यु दर 197 हो गई। आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषाहार और कुपोषण निवारण पर जोर देते हुए कहा कि स्मार्टफोन और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग से आंकड़े बेहतर होंगे। उन्होंने कहा कि हर आंगनबाड़ी केंद्र के अंदर समय पर पोषाहार मिल जाए, कुपोषित मन हो या बच्चा हो उसके लिए उपलब्ध पोषाहार समय पर उन्हें मिले।

## पेज एक का शेष

### भारत का अंतरराष्ट्रीय व्यापार...

और समाजनिष्ठा से अर्जित हुआ है। भविष्य की दिशा पर सरसंघचालक ने कहा कि संघ का उद्देश्य है कि सभी स्थानों, वर्गों और स्तरों पर संघ कार्य पहुँचे। साथ ही समाज में अच्छा काम करने वाली सज्जन शक्ति आपस में जुड़े। इससे समाज स्वयं संघ की ही तरह चरित्र निर्माण और देशभक्ति के कार्य को करेगा। इसके लिए हमें समाज के कोने-कोने तक पहुंचना होगा। भौगोलिक दृष्टि से सभी स्थानों और समाज के सभी वर्गों एवं स्तरों में संघ की शाखा पहुंचानी होगी। सज्जन शक्ति से हम संपर्क करेंगे और उनका आपस में भी संपर्क कराएंगे। उन्होंने कहा कि संघ मानता है कि हमें समाज में सद्भावना लानी होगी और समाज के ओपिनियन मेकर्स से निरंतर मिलना होगा। इनके माध्यम से एक सोच विकसित करनी होगी। वे अपने समाज के लिए काम करें, उसमें हिन्दू समाज को अंग होने का अनुभव पैदा हो और वे भौगोलिक परिस्थितियों से जुड़ी चुनौतियों का स्वयं समाधान ढूँढे। दुर्बल वर्गों के लिए काम करें। संघ ऐसा करके समाज के स्वभाव में परिवर्तन लाना चाहता है। आर्थिक दृष्टि पर उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयोग हुए हैं, लेकिन अब राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक प्रतिमान गढ़ना होगा। हमें एक ऐसा विकास मॉडल प्रस्तुत करना होगा, जिसमें आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और पर्यावरण का संतुलन हो। ताकि वे विश्व के लिए उदाहरण बने। पड़ोसी देशों से रिश्तों पर उन्होंने कहा कि "नदियाँ, पहाड़ और लोग वही हैं, केवल नक्शे पर लकीरें खींची गई हैं। विरासत में मिले मूल्यों से सबकी प्रगति हो, इसके लिए उन्हें जोड़ना होगा। पंथ और संप्रदाय अलग हो सकते हैं, पर संस्कारों पर मतभेद नहीं है।"

### भारतीय सेना को ...

मंत्री ने कहा कि इसका मतलब यह है कि अगर कोई युद्ध दो महीने, चार महीने, एक साल, दो साल, यहां तक कि पांच साल तक भी चलता है, तो हमें उसके लिए पूरी तरह तैयार रहना चाहिए। सिंह ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा अब केवल सेना का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह संपूर्ण राष्ट्र के दृष्टिकोण का मुद्दा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमें किसी की जमीन नहीं चाहिए, लेकिन हम अपनी जमीन की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। रक्षा मंत्री ने यह बात प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी सहित भारत के शीर्ष सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में कही। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए तीनों सेनाओं की सराहना की और कहा कि यह अभियान भारत के स्वदेशी मंचों, उपकरणों और हथियार प्रणालियों की सफलता का एक बेहतरीन उदाहरण बनकर उभरा है।

### संवाद हमारी संस्कृति का हिस्सा, महाभारत...

परंपरा में युद्ध और संवाद अलग अलग नहीं हैं। संवाद युद्ध से पहले भी होता है, युद्ध के दौरान भी और युद्ध के बाद भी जारी रहता है। यही 'रण संवाद' का सबसे प्रासंगिक संदेश है, जो आज के समय में भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### अमेरिका का 50 फीसदी टैरिफ...

उनका फोन नहीं उठाया। जिससे दोनों के बीच तनाव बढ़ा।

**अंत में हम साथ-साथ होंगे: बेसेंट :** ट्रंप सरकार में वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि मैं मानता हूं कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। लेकिन अंत में हम दोनों देश एक साथ आ जाएंगे। वे द्विपक्षीय संबंधों पर अपने विचार रख रहे थे। जिसमें उन्होंने इन्हें जटिल बताते हुए विश्वास जताया कि आखिरकार दोनों देश एक साथ आ जाएंगे। उन्होंने 50 फीसदी टैरिफ को लेकर कहा कि इसके लिए केवल रूस से भारत की तेल खरीद जिम्मेदार नहीं है। बल्कि व्यापार समझौते को लेकर धीमी गति से जारी बातचीत की भी इसमें भूमिका है। फॉक्स बिजनेस के साथ साक्षात्कार में बेसेंट ने यह टिप्पणी की और कहा कि भारत लिबरेशन डे के बाद जल्दी ही टैरिफ को लेकर बातचीत शुरू करने के लिए आया था। लेकिन अब तक ढाक के तीन पात यानी कोई नतीजा नहीं निकला है। उनका मानना था कि मई या जून तक समझौता हो जाएगा। लेकिन वार्ता खिंचती चली गई। उन्होंने व्यापार के मामले में अमेरिका को भारत के साथ काफी नुकसान होने की बात भी कही। साथ ही कहा कि नई दिल्ली को व्यापार में फायदा हो रहा है। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों (ट्रंप-मोदी) के बीच संबंध को बेसेंट ने अच्छा लेकिन बेहद जटिल भी बताया।

**किसानों के हितों पर नहीं आएगी आंच :** इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी साफ कर चुके हैं कि टैरिफ के बावजूद देश के किसानों और घरेलू उद्योग जगत के हितों पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। सरकार के लिए इन दोनों क्षेत्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत ने रूस से जो तेल खरीद की है। उसके पीछे हमारे देश की 140 करोड़ आम-जनता के ऊर्जा हितों की रक्षा करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य रहा है। यह प्रक्रिया घरेलू जरूरतों और वैश्विक बाजार की परिस्थितियों पर निर्भर करती है।

### भारत के 60 अरब डॉलर...

रोजगार छीनने का होगा।

**सरकार की रणनीति :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों, मछुआरों और छोटे उत्पादकों के हितों की रक्षा का भरोसा दिलाया है। साथ ही भारत सरकार ने अमेरिका पर निर्भरता घटाने के लिए ब्रिटेन, जापान, दक्षिण कोरिया, यूरोपीय देशों और ऑस्ट्रेलिया जैसे बाजारों पर फोकस बढ़ाने की योजना बनाई है। एफ ई ओ ने सरकार से अपील की है कि निर्यातकों को राहत देने के लिए कार्यशील पूंजी और लोन पर विशेष प्रावधान किए जाएं। केंद्र की मोदी सरकार ने अमेरिकी सरकार द्वारा भारतीय निर्यात पर 50 फीसदी तक टैक्स (टैरिफ़) लागू किए जाने के बाद एक व्यापक योजना तैयार की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि निर्यात बाज़ार का विस्तार करना और घरेलू मांग को बढ़ावा देना ऐसी पक्की रणनीति है जिससे प्रभावित भारतीय उद्योग अगर हिचकोले खाएँगे यह रणनीति उन नुकसान की भरपाई करने और अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

**निर्यात बाज़ार का विस्तार :** उक्त अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय जल्द ही 40 देशों से व्यापारिक वार्ता शुरू करेगा, जिनमें यूके, दक्षिण कोरिया, जापान, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। इसका उद्देश्य प्रमुख श्रम-आधारित सेक्टर्स, जैसे वस्त्र, रसायन, चमड़ा, झींगा मछली के लिए नया बाजार खोलना है। इन 40 देशों का संयुक्त वस्त्र और परिधान आयात 590 डॉलर अरब पार करता है, जिससे भारत को वैश्विक हिस्सेदारी बढ़ाने का मौका मिल सकता है। वर्तमान में वह 6 फ़ीसदी से भी कम है।

**घरेलू मांग को सुदृढ़ करना :** सरकार गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी ) में कटौती करके घरेलू खरीद को प्रोत्साहित करने की योजना पर काम कर रही है। साथ ही, एक्सपोर्ट प्रमोशन स्कीम्स पर नए सुधार और विशेष ऋण सहायता भी जारी की जा रही है।

**वित्तीय राहत से निर्यातकों को सहारा :** एफ़ईओ ने सरकार से निम्नलिखित राहत उपायों की मांग करते हुए सुझाव दिया है कि 12 महीने की ऋण माफ़ी की मियाद पर विचार किया जाए। इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गॉरंटी स्कीम में 30 फीसदी की अतिरिक्त सहायता मुहैया कराई जाए। कोलेटरल-रहित ऋण की व्यवस्था ताकि निर्यातक इस संकटपूर्ण समय से निकल सकें।

**डिजिटली सर्विसेज़ और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) :** सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार मुफ्त व्यापार समझौते के माध्यम से निर्यात को और बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है, खासकर यूके, ऑस्ट्रेलिया और यूएई जैसे बाजारों के साथ।

### वैष्णो देवी में लैंडस्लाइड...

मंगलवार को 24 घंटे से भी कम समय में 250 मिमी से ज्यादा बारिश हुई थी। इससे कई जगह बाढ़ जैसे हालात हैं। घरों और खेतों में पानी भर गया।। इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है और हर संभव मदद की घोषणा की है।

# 50 हजार पीडीएस डीलरों को बिहार सरकार की बड़ी सौगात! 52 फीसदी कमीशन बढ़ाया

एजेंसी ▶▶ पटना

**कैबिनेट की ओर लिए गए फैसले का किया स्वागत**

बिहार सरकार ने पीडीएस दुकानदारों की एक पुरानी मांग को मान लिया है। लंबे समय से बिहार के पीडीएस डीलर कमीशन बढ़ाने की मांग कर रहे थे। जिसे सरकार ने मान लिया है। सरकार का यह निर्णय न सिर्फ डीलरों के लिए राहत की खबर है बल्कि लाभुक उपभोक्ताओं तक भी बेहतर सेवा सुनिश्चित करने वाला कदम साबित होगा।



### 258.40 रुपए मिलेगा कमीशन

राज्य मंत्रिमंडल ने मंगलवार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए डीलर कमीशन की राशि में 52 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी है। अब राज्य के सभी पीडीएस डीलरों को प्रति क्विंटल खाद्यान्न पर 258.40 रुपए कमीशन मिलेगा। पहले यह राशि 211.40 रुपए प्रति क्विंटल थी। यह नई व्यवस्था सितंबर 2025 से प्रभावी होगी। अब तक डीलरों को केन्द्रांश और राज्यांश मिलाकर 90 रुपए प्रति क्विंटल दिया जाता था। बाद में इसे बढ़ाकर 211.40 रुपए प्रति क्विंटल किया गया। कैबिनेट की मंजूरी के बाद अब इसमें और 47 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है।

**50 हजार डीलरों को होगा फायदा**

बिहार सरकार की ओर से जनवितरण प्रणाली को लगातार सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है। इस फैसले से राज्यभर में काम कर रहे करीब 50 हजार पीडीएस डीलरों को सीधा लाभ होगा। सरकार का मानना है कि इससे खाद्यान्न वितरण प्रणाली और बेहतर होगी और उपभोक्ताओं तक समय पर अनाज पहुंच सकेगा।

# झारखंड के दो मंत्रियों को बम से उड़ाने की धमकी, वायरल वीडियो से मचा हड़कंप

**पुलिस ने शिकायत दर्ज कर, जांच शुरू की**

एजेंसी ▶▶ रांची

खुद को कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताने वाले एक युवक ने झारखंड सरकार के दो मंत्रियों को जान से मारने की धमकी दी है।

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को यह धमकी युवक ने एक वीडियो के जरिए दी है, जिसे सोशल मीडिया पर साझा किया गया है। गिरिडीह का निवासी बताया जा रहा यह युवक।

वीडियो में 24 घंटे के भीतर दोनों नेताओं को उड़ाने की बात कर रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद झारखंड पुलिस को इसकी शिकायत दर्ज कराई गई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। वीडियो में युवक दावा कर रहा है कि कुछ लोगों द्वारा उसके साथ की गई मारपीट और धमकी के कारण वह यह कदम उठा रहा है। उसने यह भी कहा कि



उसने अपने परिवार से संबंध तोड़ लिए हैं और इस धमकी की जिम्मेदारी उसी की होगी। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। धमकी देनेवाला गिरिडीह का ही है। विश्नोई गिरोह से कनेक्शन की भी जांच हो रही है। धमकी देने वाला युवक अंकित कुमार मिश्रा गिरिडीह के बाभनटोली झगरी का रहने वाला बताया जा रहा है। युवक ने स्वयं यह वीडियो बिहार के जमुई से जारी कराया है। जारी वीडियो में कहा है कि नगर विकास मंत्री के कुछ लोगों ने जमीन के मामले में उसकी पिटाई की थी। वह केवल तब शांत होगा, जब उससे माफी मांगी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री से दुश्मनी व्यक्तिगत कारणों से बताई गई।


SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/07 (संविदा पद)**

| पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | अधिकतम आयु (कट ऑफ 01.08.2025) |
|---|---|---|
| सहायक डेटा संरक्षण अधिकारी | 1 | 45 |

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/09 (संविदा पद)**

| पद का नाम | श्रेणी | रिक्तियों की संख्या | अधिकतम आयु (कट ऑफ 31.05.2025) |
|---|---|---|---|
| प्रबंधक (सैलरी पैकेज प्रोडक्ट्स) | एमएमजीएस-III | 2 | 40 |
| उप प्रबंधक (सैलरी पैकेज प्रोडक्ट्स) | एमएमजीएस-II | 2 | 35 |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US"→ "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 25.08.2025 से 15.09.2025 तक.**


स्थान: मुंबई
दिनांक: 25.08.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)



डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब कफ की वजह से गले में हो पेन-ईचिंग



**मेरी उम्र 24 वर्ष है। मेरे गले में हमेशा कफ जमा रहता है और कभी-कभी गले में चुभन भी महसूस होती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और मेरे गले की यह समस्या कैसे ठीक होगी?**

**-शौर्य, रायपुर**

आपने यह नहीं बताया कि यह समस्या आपको कब से है? अगर हाल फिलहाल से है तो कुछ दिन वेट कर सकते हैं, लेकिन अगर लंबे समय से समस्या चल रही है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। क्योंकि लंबे समय तक खांसी आना या कफ रहना अच्छे संकेत नहीं हैं। इसलिए डॉक्टर से संपर्क कर आप जांच कराएं। इसके आधार पर जरूरत पड़ने पर डॉक्टर उपचार शुरू करेंगे।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। मुझे लंबे समय से साइनस की प्रॉब्लम है। इसके लिए काफी दवाइयां लेने और घरेलू उपचारों के बाद भी यह ठीक नहीं हुआ। कृपया बताएं, क्या करूं कि मेरी साइनस की प्रॉब्लम ठीक हो जाए।**

**-ललित, बिलासपुर**

साइनस के उपचार के संबंध में बगैर जांच किए कुछ भी कहना या ट्रीटमेंट बता पाना मुश्किल है। साइनस कैसा है, कितना है, यह जानने के बाद ही उसका सही ट्रीटमेंट हो सकेगा। इसलिए बेहतर होगा कि आप ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे जांच करने के बाद ही इसका सही उपचार करेंगे।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। मेरे बाएं पैर में पंजे से लेकर घुटने के नीचे तक सूजन हो गई है। सूजन वाले हिस्से में दर्द भी होता है। कृपया बताएं कि ऐसा किस वजह से हुआ है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-पंकज, रायगढ़**

कई बार सूजन की वजह शुगर बढ़ना भी हो सकता है। क्या आपको डायबिटीज की प्रॉब्लम है? अगर नहीं है तो आपको जांच करवा लेना चाहिए। हालांकि सूजन का कारण कई बार किडनी की समस्या भी होती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करें, वह जांच कर कारण बता पाएंगे। उसके बाद ही सही ट्रीटमेंट हो सकेगा।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरे पेट में नाभि के नीचे हमेशा हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द असहनीय हो जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का उचित समाधान बताएं।**

**-चंद्रदेव, हिसार**

इस तरह का दर्द कई बार गैस की वजह से होता है, जो बहुत असहनीय होता है। अगर आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है और गैस बनती है, तो दर्द की वजह गैस की समस्या हो सकती है। अगर ऐसा नहीं है तो संक्रमण भी कई बार पेट दर्द का रीजन होता है। संक्रमण के उपचार के लिए आपको डॉक्टर से सलाह लेकर दवा लेनी पड़ेगी।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। मुझे चेन-स्मोकिंग की लत है। तमाम कोशिशों के बाद भी मैं इसे छोड़ नहीं पा रहा हूं। इसकी वजह से अब मुझे लगातार खांसी और सांस फूलने की समस्या होने लगी है। ऐसे में मैं क्या करूं, समझ नहीं आता। कृपया उचित मार्गदर्शन करें।**

**-कुणाल, भोपाल**

आजकल स्मोकिंग छुड़ाने के लिए कई सारे डीएडिक्शन इलेक्शन सेंटर होते हैं। आपको वहां संपर्क करना चाहिए, क्योंकि आपको खांसी आ रही है, ऐसे में स्मोकिंग करेंगे तो इससे और नुकसान होगा। लंग्स में दिक्कत बढ़ सकती है। इससे परेशानी और बढ़ेगी। बेहतर होगा कि आप डीएडिक्शन सेंटर से संपर्क करें और वहां पर इसका ट्रीटमेंट कराएं। इससे आपकी लत छूटेगी। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

अवेयरनेस



प्रतीक्षा कदम
चीफ डाइटीशियन, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

इंटरनेशनल यूनियन ऑफ न्यूट्रिशनल साइंसेस के अनुसार तमाम बीमारियों का एक प्रमुख कारण समुचित पोषण न मिलना या दूसरे शब्दों में कहें तो कुपोषण (मालन्यूट्रिशन) है। कुपोषण, तमाम शारीरिक समस्याओं को बुलावा देता है। इनमें एनीमिया, स्कर्वी, घेंघा, रतौंधी, रिकेट्स, बेरी-बेरी, यकृत (लिवर) और श्वसन तंत्र संबंधी आदि समस्याओं को शामिल किया जा सकता है।

राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार कुपोषण की मार बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। जैसे- उम्र के अनुसार बच्चों की बौद्धिक क्षमता का समुचित रूप से विकसित न होना, वजन कम होना और उनकी आयु के अनुसार लंबाई न बढ़ना आदि। वहीं वयस्कों में श्रम किए बगैर थकान महसूस होना, मांसपेशियों में कमजोरी, रोग प्रतिरोधक तंत्र या इम्यूनिटी सिस्टम का कमजोर होना, चिड़चिड़ापन, दुर्बलता, वजन का कम होते जाना और यौन संपर्क की इच्छा में कमी आदि समस्याएं सामने आ सकती हैं। शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्वों में शामिल हैं-

**प्रोटीनः** यह पोषक तत्व एमीनो एसिड से निर्मित होता है, जो विभिन्न शारीरिक क्रियाओं को समुचित रूप से संचालित करते हैं। गर्भवती महिलाओं और स्तनपान करवाने वाली महिलाओं को प्रोटीन की कहीं अधिक आवश्यकता होती है। प्रोटीन के कारण ही शिशुओं और बच्चों का समुचित शारीरिक विकास होता है। वयस्कों में प्रोटीन के जरिए शरीर में होने वाली कोशिकाओं की क्षति की पूर्ति होती है। टीनएजर्स में होने वाले शारीरिक विकास के लिए भी प्रोटीन आवश्यक है।

**स्रोतः** दूध और इससे निर्मित उत्पादों में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। सोयाबीन, दाल, अंडा और मीट भी प्रोटीन के स्रोत हैं। गर्भवती महिलाओं और बढ़ती उम्र के बच्चों को प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों के बारे में अपने डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

**कार्बोहाइड्रेटः** यह एक प्रमुख पोषक तत्व है, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है।

**स्रोतः** गेहूं, चावल, मक्का और विभिन्न प्रकार के अनाजों में कार्बोहाइड्रेट काफी पाया जाता है।

**विटामिंस और अन्य पोषक तत्वः** शरीर को स्वस्थ रखने और उसे बीमारियों से बचाने में विभिन्न प्रकार के विटामिंस और अन्य पोषक तत्वों का भी काफी महत्व है।

**विटामिन एः** यह विटामिन नेत्रों की कार्यप्रणाली को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक है। इस विटामिन की कमी से रतौंधी नामक रोग हो जाता है। यह विटामिन, संक्रामक रोगों से बचाव करता है और त्वचा को भी पोषण प्रदान करता है।

**स्रोतः** दूध और इससे निर्मित उत्पादों जैसे दही, मट्ठा, टमाटर, गाजर, हरी पत्तेदार सब्जियों में विटामिन ए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता है। इसके अलावा पीले और नारंगी रंग के फलों और सब्जियों में भी यह विटामिन पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

**विटामिन बी कॉम्प्लेक्सः** इस विटामिन के कई प्रकार हैं। यह विटामिन मुख्य रूप से शरीर के तंत्रिका तंत्र यानी नर्वस सिस्टम को सुचारु रूप से संचालित करने में मदद करता है।

**स्रोतः** यह विटामिन फलों, सब्जियों और ड्राई फ्रूट्स में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

**विटामिन सीः** यह विटामिन विभिन्न रोगों से बचाव कर शरीर की रोग प्रतिरोधक तंत्र (इम्यून सिस्टम) को सशक्त बनाने में सहायक है। विटामिन सी की कमी से स्कर्वी नामक रोग हो जाता है, जिसके कारण मसूड़ों से संबंधित समस्याएं पैदा हो जाती हैं।

**स्रोतः** यह विटामिन खट्टे फलों जैसे आंवला, संतरा, नीबू और मौसंबी में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

**विटामिन डीः** विटामिन डी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मददगार है।

**स्रोतः** यह विटामिन सूर्य की किरणों में प्रमुख रूप से पाया जाता है।

**आयरनः** यह एक प्रमुख खनिज तत्व (मिनरल) है, जो शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं में हीमोग्लोबिन के बनाने में मददगार है। आयरन की कमी से शरीर में रक्त की कमी या एनीमिया नामक रोग हो जाता है। एनीमिया की समस्या खासकर गर्भवती माताओं और बच्चों में सबसे ज्यादा होती है।

**स्रोतः** आयरन हरी पत्तेदार सब्जियों खासकर पालक में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा यह बाजरा, रागी, ड्राई फ्रूट्स और गुड़ में भी उपलब्ध है।

**कैल्शियमः** यह एक महत्वपूर्ण मिनरल है। कैल्शियम शरीर की हड्डियों के विकास और उनकी मजबूती के लिए जरूरी है। यह दांतों को भी मजबूत बनाए रखता है।

**स्रोतः** कैल्शियम, दूध और इससे निर्मित उत्पादों और सोयाबीन में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। पालक, बथुआ आदि, फलियां या बींस और दालें भी कैल्शियम के अच्छे स्रोत हैं।

**वसाः** वसा शरीर को ऊर्जा प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम है, लेकिन अधिक मात्रा में विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए इसे ग्रहण करने पर यह मोटापे का कारण बनता है। विभिन्न आयु वर्गों के अनुसार वसायुक्त खाद्य पदार्थों के ग्रहण करने की मात्रा बदलती रहती है। इसलिए इस संदर्भ में अपने डॉक्टर या डाइटीशियन से परामर्श लेना चाहिए।

**स्रोतः** घी, मक्खन और जंतुओं से प्राप्त होने वाले खाद्य पदार्थों में प्रचुर मात्रा में वसा पाया जाता है। इसके अतिरिक्त खाना बनाने के इस्तेमाल में आने वाले तेलों में भी वसा पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

**आयोडीनः** हमारे शरीर में थायरॉइड ग्रंथि द्वारा स्रावित होने वाला हार्मोन आयोडीन से ही निर्मित होता है। आयोडीन शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास के लिए भी आवश्यक है। आयोडीन की कमी हाइपोथाइरॉयडिज्म और घेंघा जैसे रोगों को उत्पन्न कर सकती है।

**स्रोतः** आयोडीन युक्त नमक का सेवन करें। समुद्र से मिलने वाले खाद्य पदार्थों में भी आयोडीन पाया जाता है। फूलगोभी और बंदगोभी के सेवन से भी आयोडीन की कमी को दूर करने में मदद मिलती है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

स्पेशलः नेशनल न्यूट्रिशन वीक, 1-7 सितंबर

अलग-अलग उम्र के अनुसार समुचित पोषक तत्वों को खान-पान में शामिल करने को पोषण (न्यूट्रिशन) कहा जाता है। पर्याप्त पोषण के लिए आहार में सभी जरूरी पोषक तत्वों के बीच एक संतुलन आवश्यक है। इसके अभाव में शरीर में कई तरह के रोग हो सकते हैं। ऐसे में इन पोषक तत्वों के बारे में जानना बहुत जरूरी है। इस बारे में यहां बहुत महत्वपूर्ण सजेशन दे रहे हैं।

## हेल्थ के लिए बहुत जरूरी न्यूट्रिशन पर दें प्रॉपर अटेंशन



### इन बातों का रखें ध्यान



**आपकी डाइट** में पोषक तत्व तो शामिल होने ही चाहिए, लेकिन इसके साथ ही आपको कुछ और बातों का भी ध्यान रखना चाहिए।

**बैलेंस्ड डाइट है जरूरीः** जब कोई शख्स अपने आहार में अत्यधिक मात्रा में पोषक तत्वों (न्यूट्रिएंट्स) को वरीयता देने लगता है और इसके साथ ही वह व्यायाम या शारीरिक सक्रियता से दूर रहता है तो इस स्थिति में उसके मोटापे से ग्रस्त होने की संभावना बढ़ जाती है। स्वस्थ बने रहने और मोटापा नियंत्रण के लिए खान-पान से संबंधित इन बातों पर ध्यान दें-

**जंक फूड्स से परहेज करेंः** ज्यादातर जंक फूड्स में रिफाइंड आटा, अत्यधिक मात्रा में वसा, ट्रांस फैट, शुगर और नमक ज्यादा मात्रा में पाए जाते हैं। ये सभी खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद नहीं हैं। कभी-कभार इन्हें खाया जा सकता है। शुगर युक्त कोल्ड ड्रिंक्स से जहां तक संभव हो, परहेज करें।

**खाने में नमक कमः** जो लोग 50 या इससे अधिक उम्र वाले हैं या जिन्हें हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज या क्रॉनिक किडनी डिजीज है, उन्हें अपनी डाइट में नमक की मात्रा कम रखनी चाहिए। इस बारे में डॉक्टर से परामर्श लें।

**टीवी देखते हुए खाना न खाएंः** इन दिनों टेलीविजन देखते हुए या फिर फोन पर बात करते हुए खाना आम बात है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार खान-पान की यह आदत (ईटिंग हैबिट) सेहत के लिहाज से अच्छी नहीं है। आपका पेट भरा या नहीं इस बात का मस्तिष्क को संदेश 20 मिनट के बाद मिलता है। इसलिए खाना धीरे-धीरे चबा-चबाकर खाएं। जिस वक्त आप टीवी देख रहे होते हैं, उस वक्त आपका ध्यान उस पर चल रहे दृश्यों पर केंद्रित होता है। इस स्थिति को माइंडलेस ईटिंग कहते हैं यानी खाना खाने के साथ ही आपका मन किसी दूसरी जगह पर या किसी दूसरी वस्तु पर केंद्रित है। वहीं माइंडफुल ईटिंग उस स्थिति को कहते हैं, जब आपका ध्यान अपने भोजन पर ही केंद्रित हो। पोषण के लिहाज से यह जरूरी है। अच्छे पोषण के लिए आपका उसे ध्यानपूर्वक खाना जरूरी है।





फिटनेस फंडा / मोहम्मद सऊद मंसूरी

## मेरा फिटनेस प्लान बहुत टफ नहीं है

मेरे लिए फिटनेस को मेंटेन करना बहुत इंपॉर्टेंट है। इसके लिए मैं अपनी डाइट और वर्कआउट दोनों का ध्यान रखता हूं।

**डाइट प्लानः** मैं 14 घंटे का इंटरमिटेंट फास्ट करता हूं। लंच में आमतौर पर उबला हुआ चिकन और चावल लेता हूं और डिनर में हाई-फाइबर चिकन पुलाव। मेरा डाइट प्लान बहुत टफ नहीं बल्कि फ्लेग्जिबल होता है, जिसमें खासतौर पर पोर्शन कंट्रोल पर ध्यान देता हूं। खाने-पीने को लेकर टफ रूल्स फॉलो नहीं करता हूं।

**वर्कआउट रूटीनः** मेरे वर्कआउट रूटीन में वेट लिफ्टिंग, 5 किलोमीटर की रनिंग, बैडमिंटन और साइक्लिंग शामिल हैं। जब भी शूटिंग से जल्दी पैकअप होता है। मैं इन एक्टिविटीज को करना पसंद करता हूं।



**टाइम मैनेजमेंटः** मुझे वर्कआउट के लिए अलग से टाइम निकालने के लिए बहुत एफर्ट नहीं करना पड़ता है क्योंकि सच में मुझे अपना काम ( एक्टिंग प्रोफेशन) बहुत पसंद है और मेरी टीम भी शानदार है, इसलिए कभी वर्क प्रेशर जैसा लगता ही नहीं है। छुट्टियों में मैं जरूर एक दिन ट्रैवलिंग, पार्टी को देता हूं, इससे मैं तरोताजा और एनर्जेटिक महसूस करता हूं। सुबह-शाम जब टाइम मिलता है मैं वर्कआउट या मनपसंद फिजिकल एक्टिविटी कर लेता हूं।

**मेंटली हेल्दी रहने के लिएः** मेंटली हेल्दी और पीसफुल रहने के लिए मैं हर सुबह मेडिटेशन और प्रार्थना करता हूं। भगवान और अपने परिवार के करीब रहना, मुझे जमीन से जुड़ा रखता है। ईश्वर हमेशा सुनने के लिए मौजूद रहते हैं, भले ही मैं अपनी भावनाओं को शब्दों में पूरी तरह व्यक्त न कर पाऊं।

**फिटनेस आइडलः** मेरे फिटनेस आइडल एक्टर विद्युत जामवाल हैं। मैं उनके फिटनेस के प्रति विचारों की बहुत सराहना करता हूं, चाहे बर्फीले एरिया में ध्यान लगाना हो या फिल्मों में उनके शानदार स्टंट्स, वे हमेशा खुद को पिछले स्तर से ज्यादा बेहतर करने की चुनौती देते रहते हैं।

**रीडर्स को सजेशनः** मैं अपने फैंस और इस अखबार के रीडर्स को यही कहना चाहूंगा कि सिर्फ कैलोरी इनटेक और बर्न करने पर ही नहीं बल्कि माइक्रोन्यूट्रिएंट्स इनटेक पर भी ध्यान दें। इससे आप फिटनेस को आसानी से मेंटेन कर सकते हैं। साथ ही, खाना हमेशा छोटी प्लेट में लेकर खाना चाहिए। इससे अपनी प्लेट का खाना जब आप खा लेते हैं तो दिमाग को यह महसूस होता है कि पेट भर गया है। इससे आप ओवर ईटिंग से बचते हैं। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**



कांग्रेस के इंदौर ग्रामीण जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े से हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की 'खास मुलाकात'

# पार्टी यदि कहेगी कि मुझे 'नगालैंड' जाकर एक बूथ का अध्यक्ष बनकर काम करना है तो वहां भी चला जाऊंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

2023 का लोकसभा चुनाव हो या 2024 में मध्य प्रदेश में हुआ विधानसभा चुनाव। इसमें कांग्रेस बहुत बुरी तरह हारी। इसके बाद कांग्रेस हाई कमान ने इसे मजबूत करने के लिए काफी जद्दोजहद की। मप्र में कांग्रेस की कमान जीतू पटवारी को सौंपी गई। इसके बाद 71 नए जिला अध्यक्ष बनाए गए।

ये नियुक्तियां किसी की सिफारिश पर नहीं हुईं और न ही बंद कमरों में नाम तय किए गए। बल्कि पर्यवेक्षकों ने गली-गली में घूम-घूमकर जमीनी कार्यकर्ताओं से संवाद करके उनकी पसंदानुसार नियुक्तियां की गईं। हालांकि, जिलाध्यक्षों में कई बड़े-बड़े दिग्गजों के नाम भी रहे। जिन्हें प्रदेशाध्यक्ष समझा जा रहा था उन्हें जिलाध्यक्ष में समेट दिया गया। इसको लेकर नाराजगी भी सामने आई और असंतुष्टों ने नारेबाजी भी की। ऐसे ही विरोध प्रदर्शन के बीच ग्रामीण जिलाध्यक्ष कांग्रेस, इंदौर विपिन वानखेड़े की नियुक्ति कई लोगों को भा नहीं रही है। एनएसयूआई से शुरु किया राजनैतिक सफर विधायक, राष्ट्रीय सचिव, एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष जैसे कई पदों से होते हुए उनको यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनका कहना है कि मैं कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ता हूं और पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करता हूं। पार्टी कहेगी कि नगालैंड जाकर एक बूथ का अध्यक्ष बनकर काम करना है तो वहां भी चला जाऊंगा। मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा। यह बातें विपिन वानखेड़े ने हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खास मुलाकात में कही। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-




**और क्या बोले वानखेड़े**

- मैंने कभी पद के लिए काम नहीं किया, मैं सिर्फ कांग्रेस के लिए काम करता हूं
- हमारी लड़ाई संविधान को बचाने की है, उसे हम जारी रखेंगे
- भाजपा का पेट दुख रहा है कि एक दलित को मौका कैसे मिल गया

## मैं कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ताः वानखेड़े

**सवालः ये तय कर पाना कठिन हो रहा है कि बधाई दूं या सहानुभूति व्यक्त करूं?**

जवाबः न बधाई की जरूरत है और न ही सहानुभूति की। मैं कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ता हूं और पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करता हूं। पार्टी कहेगी कि नगालैंड जाकर एक बूथ का अध्यक्ष बनकर काम करना है तो वहां भी चला जाऊंगा। मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा।

**सवालः आगर-मालवा हार चुके विपिन इंदौर की 9 विधानसभा सीटें कैसे जीतेंगे?**

जवाबः देखिए, मैंने महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ़ में एक-एक माह रहकर कांग्रेस के कार्यकर्ता के तौर पर काम किया है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में 2 महीने निरंतर रहा हूं। मैंने कभी पद के लिए काम नहीं किया है। मैं सिर्फ कांग्रेस के लिए काम करता हूं।

**सवालः आपने कई राज्यों में काम किया। कई बड़े पदों पर रहे, फिर ग्रामीण जिलाध्यक्ष का पद आपको क्यों दिया गया, क्या कोई साजिश है?**

जवाबः हम लोग संगठन सृजन का काम कर रहे हैं। सवाल पद का नहीं है, सवाल अपने जिले या क्षेत्र की विधानसभा सीटों की स्थिति को मजबूत करने का है। उसमें हम लोग लगे हुए हैं। हमारे शर्ष नेताओं का साफ कहना है कि पहले अपना जिला, अपना क्षेत्र मजबूत करें, इसके बाद प्रदेश स्वतः ही मजबूत हो जाएगा।

**सवालः आपसे पूछा था कि जिला अध्यक्ष बना रहे हैं या सीधा फरमान आ गया?**

जवाबः हमारे जिलाध्यक्ष बनने से किसी को कोई आपत्ति नहीं है। बाबा साहेब की जन्मस्थली से कोई व्यक्ति उनके विचारों को लेकर काम करेगा तो भाजपा का पेट दुखता है और आगे भी दुखता रहेगा। गुमराह करने की बातें भाजपा की तरफ से ही आती हैं। हम इसकी चिंता नहीं करते हैं। हमारी लड़ाई संविधान को बचाने की है उसे हम जारी रखेंगे।

**सवालः आपकी नियुक्ति को लेकर इंदौर और दिल्ली में नारेबाजी हुई है। राहुल भी कह रहे थे सबसे ज्यादा शिकायतें मप्र से हैं। क्या आपकी तरफ इशारा था?**

जवाबः राहुल जी का ऐसा कोई वीडियो नहीं है। ये सब भाजपा का किया धरा है। पूरी साजिश भाजपा ही रच रही है। उसका पेट दुख रहा है कि एक दलित को मौका कैसे मिल गया। मेरी नियुक्ति के विरोध में सबसे पहले भाजपा जिलाध्यक्ष ने विरोध में बयान दिया।

**सवालः कांग्रेस की दाल इंदौर में नहीं गलती है। बार-बार हार जाती है। आप क्या करेंगे?**

जवाबः भाजपा ने इंदौर में तमाम फर्जी वोटरों के नाम जुड़वा रखे हैं। जिसकी दम पर वो चुनाव जीत जाती है। कांग्रेस इसी बात पर संघर्ष कर रही है कि सही मतदाता को अपने मत का उपयोग करने का अधिकार मिले। हमारी जीत निश्चित होगी, क्योंकि आज भी 40 प्रतिशत वोट कांग्रेस के साथ है और भाजपा के साथ मात्र 48 प्रतिशत। पिछले विधानसभा चुनाव के आंकड़े देखेंगे तो स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

## खबर संक्षेप

### गणेश चतुर्थी सामाजिक एकता का पर्वःखंडेलवाल

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने गणेश चतुर्थी पर्व पर प्रदेश की जनता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगल की कामना की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि गणेश चतुर्थी सामाजिक एकता, सौहार्द्र और लोक संस्कृति के संवर्धन का पर्व है। उन्होंने कहा कि विघ्नहर्ता, मंगलकर्ता बुद्धि, विवेक, समृद्धि और सौभाग्य के अधिष्ठाता देव भगवान श्री गणेश की पूजा, आराधना का उत्सव है।

### सेवानिवृत्ति पर प्रांताध्यक्ष यादव का होगा सम्मान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ की महासभा व सम्मान समारोह 31 अगस्त सुबह 11 बजे प्रांतीय कार्यालय तुलसी नगर में होगा। इस अवसर पर संघ के प्राताध्यक्ष इंजी. डीके यादव के सेवानिवृत्ति पर संघ के पदाधिकारियों द्वारा उनका सम्मान किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग होंगे। डीके यादव वर्ष 1992 में शासकीय सेवा में आए थे।



### प्रदेश उपाध्यक्ष जिराती ने जताया सीएम का आभार

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट द्वारा मंगलवार को इंदौर से उज्जैन और पीथमपुर तक मेट्रो कॉरिडोर बनाने के लिए डीपीआर बनाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। आने वाले सालों में इंदौर के साथ उज्जैन और पीथमपुर तक मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हृदय से आभार मानता हूं। उन्होंने कहा कि उज्जैन और पीथमपुर तक मेट्रो के संचालन से इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के विकास को और गति मिलेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बहनों को लेकर दिए बयान पर भाजपा हमलावर, कहा, यह बहुत ही निदंनीय

**पटवारी ने कहा था, मप्र की महिलाएं सबसे अधिक शराब पीती हैं**

# भाजपा सरकार बहनों को आर्थिक सशक्त कर रही, इसलिए बौखलाई है कांग्रेसः खंडेलवाल

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री, विधायकों ने कांग्रेस व पटवारी को घेरा*

हरिभूमि चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा की गई टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र की भाजपा सरकार लाड़ली बहनों को सम्मान पूर्वक आर्थिक रूप से सशक्त कर रही है, इसलिए कांग्रेस चिढ़ी है और उसके नेता बौखलाए हुए हैं। जीतू पटवारी का बहनों को लेकर दिया गया बयान बहुत ही निदंनीय है।



भाजपा और प्रदेश सरकार जिन बहनों का सम्मान करती है उनके बारे में अपमानजनक शब्दों का उपयोग करना कांग्रेस की संस्कृति बन गई है। आज बहनों का हरतालिका तीज का पर्व है, उनका अपने परिवार के लिए किए जाने वाले त्याग के लिए जितना सम्मान किया जाए कम है। आज महिलाएं निर्जला उपवास रखकर पूजा-पाठ और भगवान की आराधना में लीन हैं। ऐसे समय में राहुल गांधी के कृपापात्र जीतू पटवारी का मातृशक्ति के खिलाफ अमर्यादित बयान बेहद निंदनीय है। पटवारी के बयान की जितने कड़े शब्दों में निंदा की जाए कम है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता अपने कार्यकर्ताओं को कैसी शिक्षा देते हैं, यह जीतू पटवारी की भाषा से स्पष्ट हो रहा है। पटवारी के बयान से स्पष्ट है कि कांग्रेस और जीतू पटवारी के मन में बहनों के प्रति कोई सम्मान नहीं है। महिलाओं के खिलाफ अनर्गल बयान देना, आपत्तिजनक टिप्पणी करना कांग्रेस और जीतू पटवारी जैसे नेताओं की संस्कृति में है। कांग्रेस की महिला विरोधी सोच के लिए प्रदेश और प्रदेश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी।

कहा- मध्यप्रदेश में भाजपा के लिए लाड़ली होती है बहना

### कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का अपमान किया हैः संपतिया



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के एमपी की महिलाओं के सबसे ज्यादा शराब पीने के बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पटवारी द्वारा दिए गए बयान पर कांग्रेस को घेरते हुए भाजपा नेत्रियों ने इसे घोर निंदनीय बताया है। मप्र शासन की मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि जीतू पटवारी का महिला विरोधी बयान अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस की संस्कृति हमेशा महिलाओं का अपमान करने की रही है। मध्यप्रदेश में भाजपा के लिए बहना लाड़ली होती हैं, वहीं कांग्रेस के लिए शराबी बहना होती है। जब कांग्रेस की सरकार आई थी, उस दौरान प्रदेश की बहनों के साथ कांग्रेस ने छलावा किया था। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महिलाओं को सम्मान देकर मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहे है, वहीं कांग्रेस पार्टी और जीतू पटवारी उनका अपमान कर रहे है।

### कांग्रेस की संस्कृति हमेशा महिला विरोधीः कृष्णा



मप्र शासन की मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि कांग्रेस और उसके अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक बार फिर अपना चाल, चरित्र और चेहरा उजागर कर दिया है। कांग्रेस की संस्कृति हमेशा से महिलाओं का अपमान करने की रही है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी स्वयं महिला हैं, क्या जीतू पटवारी के बयान से वह सहमत हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जब तक महिलाओं से माफी नहीं मांगेंगे, उन्हें प्रदेश की बहनें कभी माफ नहीं करेंगी।

### भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है, कांग्रेस अपमानः निर्मला



मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि जीतू पटवारी का बयान बहुत ही शर्मनाक है। आज हरतालिका तीज हैं, बहनें निर्जला उपवास करती हैं, ऐसे समय में इस तरह का बयान देना प्रदेश की बहनों का अपमान है। भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है और उनके सशक्तीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है, वहीं कांग्रेस उनका लगातार अपमान कर रही है। मप्र में भाजपा सरकार के कार्यक्रम कन्यापूजन से शुरू होते रहे हैं। जबकि कांग्रेस में महिलाओं को कभी तंदूर में जलाया जाता है, तो कभी आत्महत्या करने पर विवश कर दिया जाता है।

### भारत की बेटी बर्दाश्त नहीं करेगी, बेटियों को बदनाम किया तो होगा मुंह कालाः रामेश्वर

मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिलाओं पर दिए बयान से राजनीति गरमा गई है। पटवारी ने कहा कि मप्र की महिलाएं सबसे अधिक शराब पीती हैं। उनके बयान पर प्रदेश सहित देशभर में विरोध हो रहा है। पटवारी के बयान पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि जीतू पटवारी से मेरी हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि मप्र की बहन बेटियों को बदनाम करने की कोशिश मत करो। पहले भी आप प्रदेश की बेटियों का अपमान कर चुके हैं। उनके बारे में भद्दी टिप्पणी कर चुके हैं। रामेश्वर ने कहा कि कल जीतू पटवारी राहुल गांधी से मुलाकात करके आए हैं, इसलिए उन्होंने मप्र के बहुत से संस्कार छोड़ दिए हैं। बेटियों को अगर आप नशे में डूबी हुई और दारु पीने वाली बोलोगे, तो भारत सहित मप्र की बेटी आपको बर्दाश्त नहीं करेगी। आपका और कांग्रेस का मुंह काला जरूर करेगी।



### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी माफी मांगें, अन्यथा सोनिया गांधी की सहमति समझी जाएगीः रीति



विधायक रीति पाठक ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हरतालिका तीज व्रत के दिन महिलाओं पर अपमानजनक टिप्पणी करके उनका घोर अपमान किया है। सोनिया गांधी जो परोक्ष व अपरोक्ष रूप से आज भी कांग्रेस को लीड करती हैं, क्या वे जीतू पटवारी के इस महिला विरोधी बयान से सहमत हैं। जीतू पटवारी अपने इस बयान के लिए प्रदेश की महिलाओं से सार्वजनिक माफी मांगें नही तो उनके इस कृत्य को सोनिया गांधी की मौन सहमति समझी जाएगी। इस निंदनीय बयान के लिए जीतू पटवारी को प्रदेश की बहनों से माफी मांगनी चाहिए।

### प्रदेश की बहनों पर अपनी कुंठा निकाल रहे हैं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षः अर्चना



विधायक अर्चना चिटनीस ने कहा कि देश और प्रदेश में हरतालिका तीज का पर्व मनाया जा रहा है और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने महिला विरोधी बयान देकर उन बहनों को आक्रोशित किया है। आज के दिन तो महिलाएं पानी भी नहीं पीतीं और जीतू पटवारी कह रहे हैं कि वो सबसे ज्यादा शराब पीतीं हैं। यह हमारे पूरे प्रदेश की बहन-बेटियों का अपमान है।

### जीतू अपने बयान के लिए माफी मांगें, नहीं तो विरोध करेंगी बहनेः माया



भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने जीतू पटवारी के बयान की घोर निंदा करते हुए कहा कि उन्हें होश में रहकर बात करनी चाहिए। कांग्रेस के नेता आए दिन महिलाओं का अपमान कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं की अमर्यादित भाषा यह बताती है कि आपकी मानसिकता शुरू से महिला विरोधी रही है। अभी हाल ही में कांग्रेस के एक नेता ने लाड़ली बहनों को बोरी में बंद करने की बात कही थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा अब प्रदेश की महिलाओं को शराबी बताया जा रहा है, जो कांग्रेस द्वारा लगातार किए जा रहे महिला अपमान की श्रृंखला में एक और कड़ी है। जीतू पटवारी अपने बयान के लिए माफी मांगें नहीं तो महिला मोर्चे की बहनें सड़कों पर उतरकर विरोध करेंगी।

### जीतू का बयान बहनों की संस्कृति और संस्कारों का अपमानः कविता



भाजपा की प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार ने कहा कि हरतालिका तीज के पवित्र दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा दिया गया बयान बेहद निंदनीय है। बहनों का अपमान करना कांग्रेस की प्रवृत्ति रही है। जीतू पटवारी हमेशा यह कहते हैं कि मध्यप्रदेश में राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस पार्टी काम करती है, तो क्या आज उनके द्वारा महिला विरोधी बयान भी राहुल गांधी के इशारे पर दिया गया है।

### महिला नहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की मानसिकता नशे में डूबीः नेहा



भाजपा पदाधिकारी नेहा बग्गा ने कहा कि जब किसी नेता की सोच खोखली हो, तो वह महिलाओं को बदनाम करने के लिए झूठे आंकड़ों का सहारा लेता है। जीतू पटवारी का बयान महिलाओं के सम्मान की हत्या है। महिला नहीं, पटवारी कांग्रेस की मानसिकता नशे में डूबी है।

# पुलिस-नक्सलियों में मुठभेड़ चार माओवादी मौके पर ढेर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में छत्तीसगढ़ सीमा के पास बुधवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई।

मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर गढ़चिरौली पुलिस की सी-60 कमांडो टीम ने कोपरशी गाँव में तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

**सीएम बोले, गरीबों को लाभ मिलेगा, सरकार ने कलेक्टर रेट नहीं, सिर्फ पारदर्शिता बढ़ाई**

# प्रदेश में 100 गज तक के रिहायशी प्लॉट की रजिस्ट्री पर अब स्टाम्प ड्यूटी खत्म

*विधानसभा सत्र के दौरान सीएम सैनी का ऐलान : पीएम आवास, सीएम शहरी आवास और ग्रामीण आवास योजना के तहत ही मिलेगा फायदा*

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने बुधवार को गरीबों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में ऐलान किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत शहरों में 50 गज और ग्रामीण क्षेत्र में 100 गज तक के रिहायशी प्लॉट की रजिस्ट्री पर स्टाम्प ड्यूटी पूरी तरह से समाप्त कर दी है। बुधवार से ही यह फैसला लागू हो गया है। मुख्यमंत्री सदन में कलेक्टर रेट वृद्धि से संबंधित विपक्ष द्वारा लाए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर वक्तव्य दे रहे थे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए सीएम ने कहा कि विपक्ष केवल जनता को गुमराह करने की नाकाम कोशिश कर रहा है। उन्होंने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष 2004-05 से 2014 तक विपक्ष के शासनकाल में कलेक्टर रेट में औसतन 25.11 प्रतिशत वृद्धि की गई थी, जबकि वर्तमान सरकार के 2014 से 2025 तक के कार्यकाल में यह वृद्धि मात्र 9.69 प्रतिशत रही है।

**गोशालाओं के लिए भी पहले ही खत्म हो चुकी स्टॉम्प ड्यूटी**

**2004 से 2014 तक कलेक्टर रेट में 25% औसत वृद्धि हुई**

**हमारी सरकार में कलेक्टर रेट में सिर्फ 9.69% बढ़ोतरी हुई**

### रजिस्ट्री पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया

*सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने रजिस्ट्री पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया। स्टाम्प ड्यूटी 2008 से अब तक पुरुषों के लिए 7 प्रतिशत (जिसमें 2 प्रतिशत विकास शुल्क शामिल है) तथा महिलाओं के लिए 5 प्रतिशत की दर से लागू है और आज भी यही दरें लागू हैं। मुद्दा कलेक्टर रेट बढ़ाने का नहीं, बल्कि उन लोगों का है जो स्टाम्प ड्यूटी चोरी करने के लिए जमीन के सौदों में ब्लैक मनी का सहारा लेते हैं। विपक्ष को गरीब और जरूरतमंद की आवाज उठानी चाहिए, न कि काला धन कमाने वालों का पक्ष लेना चाहिए। गोशाला की जमीन की खरीद-फरोख्त पर 2019 में स्टाम्प ड्यूटी 1%कर दी थी, जिसे वर्ष 2025 में पूरी तरह माफ कर दिया है।*



### रेट में संशोधन एक नियमित प्रक्रिया

*सीएम ने कहा कि कलेक्टर रेट में संशोधन एक नियमित और पारदर्शी प्रक्रिया है, जो हर साल बाजार मूल्य के अनुरूप की जाती है। कांग्रेस सरकार के दौरान भी हर वर्ष कलेक्टर रेट बढ़ाए थे। वर्ष 2004-05 से 2013-14 तक हर साल हर जिले में 10 प्रतिशत से लेकर 300 प्रतिशत तक रेट्स बढ़ाए गए। फरीदाबाद में वर्ष 2008 में 300 प्रतिशत और 2011-12 में 220 प्रतिशत, करनाल में 2012-13 में 220 प्रतिशत, महेंद्रगढ़ में 2010-11 और 2011-12 में 100 प्रतिशत तथा झज्जर में 2007-08 में 109 प्रतिशत तक वृद्धि की गई थी। सीएम ने कहा कि सरकार गरीबों के हित में फैसले ले रही है। किसी को परेशानी नहीं आने दी जाएगी।*

### सोशल मीडिया मंच अपराधियों का महिमामंडन न करें

विधानसभा ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें मीडिया मंचों से अपराधियों के नाम, तस्वीरें और अन्य चीजें प्रकाशित करने से परहेज करके 'अपराधियों का महिमामंडन करने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित' करने का आग्रह किया गया। विपक्षी कांग्रेस द्वारा कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर लाए गए कार्य स्थगन प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान, सदस्यों ने कुछ सोशल मीडिया मंचों पर कुख्यात अपराधियों का महिमामंडन करने के 'बढ़ते' चलन पर चिंता व्यक्त की। चर्चा के बाद, सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया और इसे मीडिया मंचों को भेजने पर सहमति व्यक्त की।

## चिंतन

# डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका देगी उनकी टैरिफ नीति

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की नापाक साजिशें धीरे-धीरे खुलकर सामने आ रही हैं। ट्रंप ने दो बार में भारत के निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ यह कहते हुए लगा दिया कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे आर्थिक संबल दे रहा है, जिसके बल पर रूस यूक्रेन पर हमले कर रहा है। उसने भारत पर 50% टैरिफ लगा दिया है ताकि वह रूसी तेल की खरीद रोक दे। जबकि अमेरिका खुद पर्दे के पीछे रूस से सौदेबाजी करने में जुटा है। यह अमेरिका की फूट डालकर राज करने की साजिश का ही एक हिस्सा है। अगर अमेरिकी सच में रूस के आर्थिक लाभ को खत्म करना चाहता तो उसे भारत से पहले चीन पर कार्रवाई करनी थी। जो भारत से ज्यादा तेल रूस से खरीद रहा है, लेकिन अमेरिका ने ऐसा नहीं किया। क्योंकि वो दोनों हाथों में लड्डू रखने की रणनीति पर चल रहा है। एक तरफ तो वो चीन को नाराज नहीं करना चाहता, वहीं दूसरी तरफ रूस से भी सौदेबाजी कर रहा है। अमेरिका गुप्त रूप से रूस के साथ ऊर्जा सौदों पर बात कर रहा है। बहाना तो ये है कि ये बातचीत यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए हो रही थी। इसमें एक्सॉनमोबिल का रूस के सखालिन-एक तेल और गैस प्रोजेक्ट में फिर से शामिल होना शामिल है। रूस की ओर से अमेरिकी उपकरणों को अपनी एलएनजी परियोजनाओं के लिए खरीदने की संभावना बताई जा रही है। अमेरिकी अधिकारी कुछ प्रतिबंधों को कम करके क्रेमलिन को शांति के लिए सहमत करने के तरीके खोज रहे हैं। एक समझौते में अमेरिका की ओर से रूस से परमाणु-संचालित आइसब्रेकर जहाजों को खरीदना भी शामिल है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद अमेरिका ने रूस के ऊर्जा क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिए थे। इससे रूस अंतरराष्ट्रीय निवेश से कट गया था। लेकिन, अमेरिका के अधिकारी रूस को शांति के लिए मनाने के लिए कुछ प्रतिबंधों को हटाने के बारे में सोच रहे हैं। असल में अमेरिका रूस-यूक्रेन युद्ध में भी अपना आर्थिक फायदा देख रहा है। उसे लग रहा है कि शांति स्थापना के नाम पर वो मोटा फायदा ले सकता है। भारत ने तो टैरिफ के ऐलान के बाद ही कह दिया था कि अमेरिका पाखंड कर रहा है। विदेश मंत्रालय का कहना था कि यह ताज्जुब की बात है कि जो देश भारत की आलोचना कर रहे हैं, वे खुद रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं। भारत ने वाशिंगटन को याद दिलाया कि वह भी रूस से यूरेनियम और पैलेडियम जैसे उत्पाद खरीदता है। भारत ने यह भी कहा कि 2024 में यूरोपीय संघ का रूस के साथ 67.5 अरब यूरो का द्विपक्षीय व्यापार था। वहीं, अमेरिका रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, पैलेडियम, उर्वरक और रसायन का आयात जारी रखे हुए है। तस्वीर शीशे की तरह साफ है कि भारत पर टैरिफ लगाने के पीछे अमेरिका की मंशा रूस-यूक्रेन युद्ध न होकर केवल और केवल अपना स्वार्थ है। वो अपना उल्लू सीधा करने की कोशिशों में लगा है, लेकिन इस रणनीति में उसे मुंह की खानी पड़ सकती है। एक तो अमेरिका में महंगाई बढ़ने का खतरा मंडरा रहा है, दूसरा अमेरिका के इस स्वार्थ के चलते भारत-चीन नजदीक आ रहे हैं। ट्रंप ने तकनीक के मामले में चीन को पछाड़ने के लिए और अमेरिका को ग्लोबल लीडर बनाने के लिए एआई एक्शन प्लान की घोषणा की थी। अब चीन को ऐसे टाइम पर भारत के समर्थन की जरूरत है। चीन चाहता है कि इस टेक वॉर में भारत उसका साथ दे। अब खबरें आ रही हैं कि भारत चीन का बाहर से समर्थन कर सकता है। यह अमेरिका के लिए बहुत बड़ा झटका होगा।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# निर्यात से निकलेगा टैरिफ का तोड़

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोई चाहे कितना भी दबाव डाले, आत्मनिर्भर भारत झुकने वाला नहीं है। मोदी ने कहा कि देश के छोटे उद्योगों, किसानों और पशुपालकों के हित सर्वोपरि हैं और उनके आर्थिक हितों पर रणनीतिपूर्वक ध्यान दिया जाएगा। उम्मीद करें कि भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती से मुकाबले के लिए सरकार निर्यातकों को नई निर्यात प्रोत्साहन योजना की छतरी प्रदान करेगी और रणनीतिक कदमों से एमएसएमई को सहारा देते हुए अमेरिकी टैरिफ की चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए दिखाई देगी।

एक ओर जब 27 अगस्त से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोई चाहे कितना भी दबाव डाले, आत्मनिर्भर भारत झुकने वाला नहीं है। मोदी ने कहा कि देश के छोटे उद्योगों, किसानों व पशुपालकों के हित सर्वोपरि हैं और उनके आर्थिक हितों पर रणनीतिपूर्वक ध्यान दिया जाएगा। सभी के द्वारा स्वदेशी को जीवन मंत्र बनाना होगा। इसी परिप्रेक्ष्य में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ से देश की आर्थिक वृद्धि प्रभावित होने पर केंद्रीय बैंक नीतिगत उपाय कर सकता है। साथ ही भारत ने निर्यातकों को सहारा देने की नई रणनीति सुनिश्चित की है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तु निर्यात का करीब 55 फ़ीसदी यानी करीब 48 अरब का निर्यात प्रभावित हो सकता है। पिछले वित्त वर्ष 2024- 25 में भारत ने अपने कुल निर्यात का पांचवां हिस्सा यानी करीब 86.5 अरब डालर मूल्य की वस्तुओं का अमेरिका को निर्यात किया था। ऐसे में भारत के निर्यातकों के सामने मुश्किलें खड़ी होती हुई दिखाई दे रही हैं। खासतौर से देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से संबंधित निर्यात पर भारी असर पड़ने का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।

स्थिति यह है कि कपड़ा, रत्न, रसायन, खाद्य प्रसंस्करण, झींगा, हस्तशिल्प और चमड़ा जैसे क्षेत्रों को ऊंचे टैरिफ से भारी नुकसान होने की आशंका है। अमेरिकी खरीदार भारत के लिए अपने निर्यात आदेशों को भी बदलने के संकेत दे रहे हैं। ऐसे में बढ़े हुए टैरिफ से एमएसएमई की चुनौतियों से बड़ी संख्या में नौकरियाँ भी खतरे में पड़ गई हैं। गौरतलब है कि ट्रंप टैरिफ से निर्मित चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय देश के पास मौजूद आर्थिक अनुकूलताएं देश की आर्थिक ताकत बन गई हैं। देश में ऊंचाई छूती घरेलू खपत से घरेलू बाजार मजबूत बना हुआ है। जीएसटी कलेक्शन बढ़ रहा है। महंगाई भी नियंत्रित है। इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास दिखाई दे रहा है। वैश्विक रेटिंग एजेंसियां भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा जता रही हैं। निर्यातकों के समक्ष उपस्थित निर्यात चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए देश के वाणिज्यिक बैंक ब्याज दरों में छूट,कर्ज भुगतान करने के लचीले विकल्प प्रदान कर रहे हैं और निर्यात बीमा एवं ऋण गारंटी योजनाएं ज्यादा सुगमता से उपलब्ध करा रहे हैं। वे नए-नए निर्यात बाजारों में जाने के लिए प्रोत्साहित करने के इरादे से कार्यशालाएं भी आयोजित कर रहे हैं। केंद्र सरकार बजट में घोषित निर्यात संवर्धन मिशन के तहत वर्ष 2031 तक के लिए निर्यातकों को लगभग 25,000 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करने वाले उपायों पर विचार कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य निर्यातकों को आसान और किफायती ऋण उपलब्ध कराना है। ये उपाय भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी टैरिफ से उत्पन्न होने वाली वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं से बचाने में मदद कर सकते हैं। इसके साथ-साथ बैंकिंग क्षेत्र में उच्च स्तर पर निर्यात प्रधान उद्योगों को कार्यशील पूंजी व ऋण आसानी से उपलब्ध कराने तथा ब्याज में छूट देने के साथ



विभिन्न तरह के प्रशासनिक शुल्क जैसे लोन प्रॉसेसिंग, फॉरेक्स हैंडलिंग और कलेक्शन शुल्क से छूट देने पर भी विचार किया जा रहा है, जिससे प्रभावित व्यवसायों की परिचालन लागत में कमी आ सके। निश्चित रूप से एमएसएमई निर्यातकों के समक्ष डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी टेक्नोलॉजी, सप्लाई चेन, डेटा सुरक्षा और स्किल डेवलपमेंट की चुनौतियां भी खड़ी हुई हैं। आईटी सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप्स के समक्ष व्यावहारिक मार्गदर्शन, एक्सेस और प्रारंभिक निवेश की चुनौती है। खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्यमों में खराब तकनीक और कमजोर लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण गुणवत्ता में कमी की चुनौती है। ऊर्जा की अनियमित आपूर्ति और बड़ी कंपनियों से भुगतान में देरी एमएसएमई के विकास में बड़ी बाधा हैं।

उल्लेखनीय है कि एमएसएमई क्षेत्र की देश में उत्पादन, निर्यात और रोजगार में अहम भूमिका है। हाल ही में राज्यसभा में एमएसएमई मंत्री ने बताया कि देश में इस समय पंजीकृत 6.5 करोड़ एमएसएमई करीब 28 करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30.1 फीसदी है। देश के एमएसएमई विनिर्माण में 35.4 फीसदी और निर्यात में 45.73 फीसदी योगदान दे रहे हैं। निश्चित रूप से अब इस समय तेज विकास की रणनीति के तहत तेजी से आकार ले रहे भारत के एफटीए में जिस तरह एमएसएमई के हितों को अधिक महत्व दिया जा रहा है, उससे देश के एमएसएमई के लिए नई वैश्विक संभावनाएं भी उभरकर दिखाई दे रही हैं। निसंदेह एमएसएमई के समक्ष ऊंचे टैरिफ से निर्मित निर्यात सहित बहुआयामी चिंताओं को दूर करने हेतु मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की जो एक वृहद श्रृंखला प्रस्तुत की गई है, उसके क्रियान्वयन पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहले शामिल हैं।

उद्योगों का विस्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए, एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर सुनिश्चित किया गया है। टैरिफ तूफान के बीच एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिया जाना होगा। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाने, ब्याज समतुल्य योजना को फिर से शुरू किए जाने तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विस्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान करनी होगी। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का विस्तार किए जाने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभांवित होंगे। इस बात पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा कि भारत के एमएसएमई गुणवत्ता को मुट्ठी में लेकर समकालीन डिजिटल तकनीकों को अपनाते हुए वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति को रणनीतिक रूप से बढ़ा सकते हैं। उम्मीद करें कि भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती से मुकाबले के लिए सरकार निर्यातकों को नई निर्यात प्रोत्साहन योजना की छतरी प्रदान करेगी और रणनीतिक कदमों से एमएसएमई को सहारा देते हुए अमेरिकी टैरिफ की चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए दिखाई देगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## विमर्श
सोनम लववंशी



# दहेज हत्या : बेटियों की चिता पर खड़ा समाज !

ग्रेटर नोएडा की निक्की भाटी की कथित निर्मम हत्या की खबर किसी एक परिवार की त्रासदी भर नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की चेतना को झकझोरने वाली घटना है। यह सिर्फ दहेज और घरेलू हिंसा की एक और वारदात नहीं, ये उस अंधकार का चेहरा है जो हमारी सभ्यता और संस्कृति की परतों में छिपा हुआ है। सवाल सिर्फ एक बेटी के जीवन पर नहीं, सवाल उस सोच पर है, जिसने बेटियों को आज भी वस्तु बना दिया है। यह घटना हमें आईना दिखाती है कि लंबे समय से चले आ रहे दहेज-प्रथा विरोधी कानूनों, महिला सशक्तिकरण के नारों और सामाजिक सुधार के दावों के बावजूद हमारी बेटियां अब भी सुरक्षित नहीं हैं। निक्की और उसकी बहन की शादी साल 2016 में एक ही घर में हुई थी। तब से दोनों पर लगातार दहेज का दबाव बनाया जा रहा था। पति-पत्नी के रिश्ते को समाज अक्सर 'निजी मामला' मानकर चुप्पी साध लेता है, लेकिन जब यह चुप्पी किसी की जान ले ले, तब यह सिर्फ निजी मामला नहीं रह जाता, बल्कि पूरे समाज पर प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा हो जाता है। निक्की के पति ने पहले भी मारपीट और हिंसा की, यहां तक कि कुछ महीने पहले के उसके वायरल वीडियो तक सामने आए। लेकिन यह सब जानने के बाद भी निक्की को उसके मायके वालों ने बार-बार यही समझाया कि घर-गृहस्थी की बात घर में ही ठीक कर लो, समाज में बाहर मत लाओ। यही सोच अंततः उसे कब्र तक पहुंचा गई। आंकड़े बताते हैं कि यह त्रासदी अपवाद नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार भारत में हर साल हजारों महिलाएं दहेज के कारण अपनी जान गंवाती हैं। वर्ष 2020 में देशभर में 6966 दहेज हत्या के मामले दर्ज हुए, 2021 में लगभग 6700 और 2022 में भी 6500 से अधिक मामले सामने आए। ये वे आंकड़े हैं, जो तमाम संकोच और दकियानूसी सोच की दीवारों को तोड़कर सामने आ पाते हैं। वरना कितने ऐसे मामले होते हैं जो घर की चारदीवारी में ही कैद रहकर दर्द के बेइंतहा हो जाने का इंतजार करते हैं। जब तक किसी लड़की की स्थिति निक्की जैसी न हो जाए। भारतीय न्याय संहिता की धारा 80 में दहेज हत्या के लिए न्यूनतम सात वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है, लेकिन न्याय की धीमी प्रक्रिया, लंबी मुकदमेबाजी, गवाहों पर दबाव और समझौते की मजबूरी के चलते न्याय की धार अक्सर कुंद हो जाती है। आंकड़ों के अनुसार, 2022 में जितने केस लंबित थे, उनमें से केवल 2 प्रतिशत मामलों में ही दोषसिद्धि हो सके। यह आंकड़ा न सिर्फ न्याय-प्रणाली की धीमी चाल को बयान करता है, बल्कि अपराधियों के हौसले भी बुलंद करता है। हमारे समाज में अब भी यह सोच गहरे पैठ कर गई है कि लड़की एक बार ससुराल चली जाए तो वहीं की होकर रह जाती है। यही सोच बेटियों को बार-बार अपने ही घर में घुटने पर मजबूर करती है। निक्की ने अपने पिता और भाई के डर को समझा, अपने मायके के टूटने की चिंता में वर्षों तक यातना सही। लेकिन अंततः उसका जीवन समाप्त हो गया। यहां सवाल यह है कि जब शिक्षा और आधुनिकता की बातें हर मंच पर हो रही हैं, तब भी समाज का यह पिछड़ा और अमानवीय चेहरा क्यों बरकरार है? सरकारें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन जब तक बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक कोई भी योजना अधूरी है। निक्की जैसी घटनाएं बताती हैं कि हमें सिर्फ नारे लगाने से आगे बढ़कर कठोर और निष्पक्ष कार्रवाई की ज़रूरत है। हर बार जब किसी बेटी की हत्या होती है या उसे दहेज की आग में झोंक दिया जाता है, तो समाज कुछ दिनों तक आक्रोश जताता है। अखबारों की सुर्खियां बनती हैं, टीवी पर बहस होती है, सोशल मीडिया पर सहानुभूति उमड़ती है। लेकिन कुछ ही समय बाद यह सब भूलकर हम अपने-अपने जीवन में व्यस्त हो जाते हैं। यही भूलना अपराधियों को और निर्भीक बनाता है। बेटियों की सुरक्षा सिर्फ कानून से नहीं, समाज की मानसिकता बदलने से होगी। हमें यह स्वीकार करना होगा कि बेटियां बोझ नहीं, हमारे अस्तित्व की शक्ति हैं। उन्हें चुप कराने के बजाय आवाज़ देने की ज़रूरत है। वह सिर्फ एक बेटी नहीं थी, वह एक चेतावनी थी, एक पुकार थी। उसके नाम पर सिर्फ आंसू बहाना पर्याप्त नहीं, हमें एक ऐसी व्यवस्था खड़ी करनी होगी, जहां कोई और बेटी अपनी शादी को मौत की गुफा न समझे। यदि समाज अब भी नहीं बदला तो हमारी बेटियां इसी अंधेरे में गुम होती रहेंगी। न्याय, सुरक्षा और सम्मान, ये तीनों किसी भी सभ्य समाज की नींव हैं। अगर हम बेटियों को यह तीनों नहीं दे पा रहे, तो हमें अपनी सभ्यता पर गर्व करने का कोई अधिकार नहीं। निक्की का बलिदान व्यर्थ न जाए, यही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?



संकलित
दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सर्वोत्तम रूप है।


## काम शुरू करने से महत्वपूर्ण है काम करते रहना



संकलित
प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?'केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## अंधेरी चा राजा



महाराष्ट्र के मुंबई में अंधेरी के वीरा देसाई रोड पर बुधवार को गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान भगवान गणेश की मूर्ति, 'अंधेरी चा राजा'।

## आज की पाती

### विज्ञान की भी अपनी सीमाएं हैं

वैसे तो विज्ञान ने हर असंभव को संभव बनाने के लिए बहुत काम किया है और काफी हद तक सफल भी हुआ है। मानव को आज हर सुविधा और आराम उपलब्ध है, परंतु न तो कैंसर जैसे असाध्य रोग की अचूक औषधि खोज पाया और न ही ऐसी दवाई ही खोजी जो मनुष्य को सदैव स्वस्थ और बुढ़ापे के लक्षणों से सदा के लिए निजात दिला सके। यह बात लगेगी सभी को बेतुकी और प्रलाप मात्र, पर यह यक्ष प्रश्न है, जिसके समक्ष आकाश की खोज खबर लेने वाला मानव असहाय दिखता है। यह वैज्ञानिकों को एक खुली चुनौती है। भले ही हरिद्वार के इम्युनोट के वैज्ञानिकों ने प्राचीन भारतीय आयुर्वेद को इस कार्य करने में सक्षम कहा है। लेकिन संसार को कब यह दवाई उपलब्ध होगी, इसका इंतजार है।

*– प्रदीप डांगे, भिलाई*

## करंट अफेयर

# नेपाल में हिंदुओं ने मनाया गणेश चतुर्थी का पर्व

नेपाल में हिंदुओं ने बुधवार को भगवान गणेश के मंदिरों में पूजा-अर्चना करके गणेश चतुर्थी मनाई। भगवान गणेश विघ्नहर्ता और बुद्धि एवं समृद्धि के देवता हैं। चंद्र कैलेंडर के अनुसार भाद्र शुक्ल चतुर्थी को मनाए जाने वाले इस त्योहार के अवसर पर काठमांडू के कमलादि गणेश, अशोक बिनायक और सूर्य बिनायक सहित प्रमुख मंदिरों के अलावा अन्य शहरों के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान विघ्न विनाशन गणेश को फूल, फल और मिठाइयाँ अर्पित कीं तथा सौभाग्य, ज्ञान और समृद्धि की कामना की। काठमांडू में हिंदू और बौद्ध धर्म को मानने वाले नेवार समुदाय के सदस्यों ने इस अवसर पर एक विशेष भोज का आयोजन किया जिसमें पीसा हुआ चावल, उबले और तले हुए अंडे, सूखी मछली, मांस और काली दाल, सेम, अदरक और लहसुन से बने भोज्य पदार्थ शामिल थे। यह प्रसाद पहले भगवान गणेश को समर्पित किया गया और बाद में प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने त्योहार मनाने के लिए धार्मिक गीत भी गाए और पारंपरिक संगीत बजाया।



## ऑफ बीट

# जलमग्न पाषाणकालीन बस्तियों का चला पता

उत्तरी डेनमार्क में अरहुस की खाड़ी के गहरे नीले पानी के नीचे, पुरातत्वविद 8,500 वर्ष से भी अधिक पहले समुद्र का जलस्तर बढ़ने के कारण नष्ट हो चुकी तटीय बस्तियों की खोज कर रहे हैं। इस ग्रीष्म ऋतु में, गोताखोर डेनमार्क के दूसरे सबसे बड़े शहर अरहुस के निकट समुद्री लहरों से लगभग 8 मीटर (26 फुट) नीचे उतरे और सागर तल से पाषाण युग की बस्तियों के साक्ष्य एकत्र किए। यह कवायद बाल्टिक और उत्तरी सागर में समुद्र तल के कुछ हिस्सों का मानचित्रण करने के लिए यूरोपीय संघ द्वारा वित्तपोषित 1.32 करोड़ यूरो (1.55 करोड़ अमेरिकी डॉलर) की छह-वर्षीय अंतरराष्ट्रीय परियोजना का हिस्सा है, जिसमें अरहुस के साथ-साथ ब्रिटेन के ब्रैडफोर्ड विश्वविद्यालय और जर्मनी के लोअर सेक्सोनी इंस्टीट्यूट फॉर हिस्टोरिकल कोस्टल रिसर्च के शोधार्थी भी शामिल हैं। परियोजना का लक्ष्य डूबे हुए उत्तरी यूरोपीय भू-भाग का पता लगाना और अपतटीय पवन चक्कियों के क्षेत्र तथा अन्य समुद्री अवसंरचना के विस्तार के साथ लुप्त मध्यपाषाणकालीन बस्तियों की खोज करना है। हिमयुग के बाद विश्व में समुद्र का जलस्तर बढ़ा था। हिमयुग के बाद, बर्फ की विशाल चादरें पिघल गईं और समुद्र का जल स्तर बढ़ गया, जिससे पाषाण युग की बस्तियां जलमग्न हो गईं।



## ट्रेंड

### भूस्खलन से हादसा दुःखद



जम्मू-कश्मीर के वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन से हुआ हादसा अत्यंत दुःखद है। इस सम्बन्ध में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बात की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है और एनडीआरएफ की टीम भी वहां पहुंच रही है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### पर्यावरण बचाएं



प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प के तहत आज नई दिल्ली में पौधा लगाया। पेड़ धरती की खूबसूरती और जीवन की खुशहाली के लिए अनमोल हैं। आइए, हम सब मिलकर पर्यावरण बचाने का कर्तव्य निभाएँ।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

### स्वदेशी उत्पाद अपनाएं



मेरा प्रयास हमेशा यही रहता है कि ज़रूरत की हर चीज़ों में स्थानीय कारीगरों और शिल्पकारों की मेहनत से बनी वस्तुओं का उपयोग करूँ। आप सबसे भी आग्रह है कि आप भी अपने जीवन में स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर उनका हौसला बढ़ाएँ।

- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

### लोकतांत्रिक लड़ाई



बिहार एक बार फिर भारत की लोकतांत्रिक लड़ाई का केंद्र बन गया है। मतदाताओं को हटाकर या संस्थाओं पर कब्जा करके भाजपा जनता की शक्ति को कुचल नहीं सकती। यही वह चिंगारी है जो लोकतंत्र के अगले अध्याय को रोशन करेगी।

-एम.के. स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# योजना से 50 लाख नए रेहड़ी-पटरी वालों सहित 1.15 करोड़ लोगों को पहुंचेगा सीधा फायदा

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और विस्तार को 31 मार्च 2030 तक मंजूरी दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 7,332 करोड़ रुपए का व्यय के साथ रेहड़ी-पटरी वालों के लिए पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और विस्तार को 31 मार्च, 2030 तक के लिए मंजूरी दे दी. एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में लिया गया। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत पहली किस्त की ऋण सीमा 10,000 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए और दूसरी किस्त 20,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए कर दी गई है। जबकि तीसरी किस्त 50,000 रुपए बनी रहेगी। बयान के अनुसार, समय पर अपना दूसरा कर्ज चुकाने वाले रेहड़ी-पटरी वाले आकस्मिक व्यावसायिक और व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करने के लिए यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) से जुड़े रुपे क्रेडिट कार्ड के लिए पात्र होंगे।

**7332** करोड़ रुपए वाली योजना को सरकार ने बढ़ाया आगे

पहले यह योजना 31 दिसंबर, 2024 तक वैध थी, अब आगे बढ़ा दिया

पहली किस्त की ऋण सीमा बढ़ाकर 15 हजार और दूसरी किस्त 25 हजार रुपए की



### विकल्प चुनने का लाभ

डिजिटल भुगतान का विकल्प चुनने वाले विक्रेताओं को 1,600 रुपए तक का प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। यह योजना पहले 31 दिसंबर, 2024 तक वैध थी। पुनर्गठित योजना का लक्ष्य 50 लाख नए रेहड़ी-पटरी वालों सहित 1.15 करोड़ लाभार्थियों को लाभ पहुंचाना है। इस योजना का कार्यान्वयन आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय और वित्तीय सेवा विभाग कसंयुक्त जिम्मेदारी होगी।

*डिजिटल भुगतान करने वाले विक्रेताओं को 1600 रुपए तक का प्रोत्साहन मिलेगा*

### आवास व शहरी कार्य मंत्रालय करेगा संचालन

आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय इस योजना का संचालन करेगा, जबकि वित्तीय सेवा विभाग बैंकों और वित्तीय संस्थानों के माध्यम से कर्ज और क्रेडिट कार्ड तक पहुंच को सुगम बनाएगा. बयान में कहा गया है कि पुनर्गठित योजना में बढ़ी हुई ऋण राशि, यूपीआई-से जुड़ा रुपे क्रेडिट कार्ड, डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन और व्यापक भौगोलिक कवरेज शामिल है।

### रेहड़ी-पटरी वालों की क्षमता निर्माण पर भी केंद्रित

यह उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल कौशल और विपणन पर ध्यान केंद्रित करते हुए रेहड़ी-पटरी वालों की क्षमता निर्माण पर भी केंद्रित है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के साथ साझेदारी में, रेहड़ी-पटरी वालों के लिए मानक स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

### कोविड के दौरान सरकार ने शुरू की थी ये स्कीम

सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान कठिनाइयों का सामना करने वाले रेहड़ी-पटरी वालों की सहायता के लिए एक जून, 2020 को पीएम स्वनिधि योजना शुरू की थी. तीस जुलाई तक, 68 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी वालों को 13,797 करोड़ रुपए के 96 लाख से अधिक कर्ज वितरित किए जा चुके हैं।

### यूएलबी के 46 लाख लाभार्थियों का प्रोफाइल तैयार

स्वनिधि से समृद्धि पहल के तहत, 3,564 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के 46 लाख लाभार्थियों का प्रोफाइल तैयार किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 1.38 करोड़ से अधिक योजनाओं को मंजूरी दी गई है। बयान में कहा गया है कि इस योजना के विस्तार में व्यवसाय विस्तार और सस्टेनेबल ग्रोथ के अवसरों को समर्थन देने के लिए वित्त का एक विश्वसनीय स्रोत प्रदान कर रेहड़ी-पटरी वालों के समग्र विकास की परिकल्पना की गई है। इससे न केवल रेहड़ी-पटरी वालों को सशक्त बनाया जाएगा, बल्कि समावेशी आर्थिक विकास, रेहड़ी-पटरी वालों और उनके परिवारों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान को भी बढ़ावा मिलेगा, उनकी आजीविका में वृद्धि होगी और अंततः शहरी क्षेत्रों को एक जीवंत, आत्मनिर्भर इकोसिस्टम में बदला जा सकेगा।

## खबर संक्षेप

### भूमि हस्तांतरण के आवेदनों की जांच होगीः हिमंत



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि मंत्रिमंडल ने बुधवार को अलग-अलग धर्मों के लोगों के बीच भूमि हस्तांतरण के आवेदनों की जांच के लिए एक विशेष संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दे दी। इसमें अंतिम अनुमति देने से पहले राष्ट्रीय सुरक्षा समेत कई पहलुओं पर गौर किया जाएगा।

### ओडिशाः इस्पात संयंत्र को दोबारा खोलने की मांग



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व वित्त मंत्री प्रफुल्ल चंद्र घड़ेई ने राज्य के सीएम मोहन चरण माझी से जाजपुर जिले के कलिंग नगर औद्योगिक परिसर में मिडईस्ट इंटीग्रेटेड स्टील्स लिमिटेड संयंत्र को फिर से खोलने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र लिखकर अपनी बात रखी।

### ठाणे में दो ट्रकों की टक्कर में पुलिसकर्मी घायल



**ठाणे।** शहर में बुधवार सुबह व्यस्त घोड़बंदर रोड पर दो कंटेनर ट्रकों की टक्कर में 36 वर्षीय एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। हादसे से इस व्यस्त मार्ग पर दो घंटे तक यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारी ने कहा हादसा गायमुख घाट के पास हुआ, एक कंटेनर ट्रक डिवाइडर लांघकर विपरीत दिशा से आ रहे वाहन से टकरा गया।

### वोट बैंक की राजनीति चल रही हैः मरांडी



**रांची।** भाजपा की झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के अपने वोट बैंक के लिए एसआईआर का विरोध करने का आरोप लगाया। विपक्ष के नेता मरांडी ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया।

## 'ऑपरेशन महादेव' में शामिल जवानों को गृहमंत्री ने किया सम्मानित

# ऑपरेशन सिंदूर से लोगों में संतुष्टि आई, जिसे ऑपरेशन महादेव ने आत्मविश्वास में बदल दिया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी सुरक्षाकर्मियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा के सम्मान में उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट किए। इस मौके जवान भी काफी उत्साहित दिखे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन महादेव में शामिल जवानों को सम्मानित किया। संयुक्त ऑपरेशन महादेव में भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को मार गिराया था। इस दौरान शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंकी सरगनाओं को भारतीय नागरिकों की जान से खेलने के दुष्परिणामों का स्पष्ट संदेश दिया। हमारे सैनिकों ने दुनिया को दिखा दिया कि आतंकवादी चाहे कोई भी रणनीति अपनाएं, वे अब भारत को नुकसान पहुंचाकर बच नहीं सकते। ऑपरेशन सिंदूर से लोगों में संतुष्टि आई, जिसे ऑपरेशन महादेव ने आत्मविश्वास में बदल दिया।

शाह ने यह बात भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों को सम्मानित करते हुए कही, जिन्होंने ऑपरेशन महादेव को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को मार गिराया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। इसके जवाब में सशस्त्र बलों ने मई में ऑपरेशन सिंदूर चलाया था, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों पर जवाबी कार्रवाई की गई थी। ऐसे ही ऑपरेशन महादेव के जरिए सुरक्षा बलों ने जुलाई में पहलगाम नरसंहार में शामिल आतंकवादियों का सफाया कर दिया था। शाह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंक के आकाओं को भारतीय नागरिकों की जान से खेलने के परिणामों के बारे में एक स्पष्ट संदेश दिया है। गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों ने दुनिया को दिखा दिया है कि आतंकवादी चाहे कितनी भी रणनीति अपनाएं, वे अब भारत को नुकसान पहुंचाकर बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब कश्मीर में पर्यटन चरम पर था तब पटरी से उतारने का एक असफल प्रयास था।

**आतंक के आकाओं को दिया था स्पष्ट संदेश**

कश्मीर मिशन को पटरी से उतारने का असफल प्रयास



**ऑपरेशन महादेव के दौरान मारे गए आतंकी**

शाह ने कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की फॉरेंसिक लैब ने साबित कर दिया है कि ऑपरेशन महादेव के दौरान मारे गए आतंकवादी वही थे जिन्होंने पहलगाम में नरसंहार को अंजाम दिया था। गृह मंत्री ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरे देश की ओर से मैं भारतीय नागरिकों के दिलों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए सुरक्षा बलों को बधाई देता हूं।

### सुरक्षा बलों के प्रति आभार

गृह मंत्री ने कहा, चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, सभी ने ऑपरेशन सिंदूर और महादेव को लेकर खुशी और उत्साह महसूस किया और सुरक्षा बलों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में यही विश्वास भारत की हर क्षेत्र में दुनिया में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने की आकांक्षा का आधार है।

### जवानों से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के उन जवानों से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया, जिन्होंने 'ऑपरेशन महादेव' के तहत 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया और पाकिस्तानी समर्थित तीनों आतंकवादियों को ढेर किया था। गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षाकर्मियों की बहादुरी और पीड़ित परिवारों के दर्द और पीड़ा को कम करने के लिए उनकी सराहना की। गृह मंत्री ने सशस्त्र बलों, सीआरपीएफ कमांडो और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों को सम्मानित किया। गृह मंत्री ने सभी सुरक्षाकर्मियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा के सम्मान में उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट किए। ऐसा माना जा रहा है कि 'ऑपरेशन महादेव' टीम ने तीन महीने तक चले इस ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें खत्म करने में आई चुनौतियों और अनुभवों को भी गृह मंत्री के साथ साझा किया।

## हरिभूमि की खबर पर मुहर

# कांग्रेस बिहार प्रभारी कृष्ण अलावरु ने कहा, पटना में रैली की बजाए होगी पद यात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि फॉलो-अप

राहुल गांधी की अगुवाई में बिहार में चल रही इंडिया गठबंधन की 'वोटर अधिकार यात्रा' के अंतिम दिन एक सितंबर को पूर्व प्रस्तावित रैली रद्द हो गई है। पटना के गांधी मैदान में विपक्षी एकता और शक्ति प्रदर्शन के लिहाज से यात्रा के अंतिम दिन एक बड़ी रैली आयोजित करने की योजना थी। हरिभूमि ने कल अपने सुधि पाठकों तक ये खबर पहुंचाई थी कि कांग्रेस और राजद के बीच चल रही रस्साकसी के बीच पटना रैली रद्द कर दी गई। हरिभूमि की उस पर बिहार प्रभारी कृष्ण अलावुरु ने मुहर लगा दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गांधी मैदान में यात्रा के अंतिम दिन रैली होनी थी लेकिन इंडिया गठबंधन के सभी दलों के वरिष्ठ नेताओं का मानना है की संघर्ष के लिए सड़क चुना गया है तो सड़क पर अंतिम दिन 'पद यात्रा' से वोटर अधिकार यात्रा का समापन हो। यही वजह है कि एक वृहत रैली के बजाए अब पद यात्रा का डिजाइन तैयार किया जा रहा है। कृष्ण अलावरु जे बताया विपक्षी गठबंधन के सभी दलों के नेता एक सितंबर को पटना के गांधी मैदान से शुरू होने वाली 'पैदल मार्च' में शामिल होंगे। पैदल यात्रा में चूंकि लाखों लोगों के जुड़ने की संभावना है इसलिए गांधी मैदान के पास स्थित अंबेडकर मूर्ति तक पहुँच कर यात्रा का औपचारिक समापन किया जाएगा। यात्रा समापन पर गठबंधन के कुछ नेताओं का संक्षिप्त भाषण आयोजित करने की भी योजना है। अब उस भाषण में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भाग लेंगे या नहीं, ये देखना होगा। चर्चा है कि तेजस्वी को विपक्षी गठबंधन दल का नेता और मुख्यमंत्री चेहरा घोषित नहीं किए जाने से नाराज हैं।

सूत्रों ने मंगलवार को हरिभूमि को बताया था की तेजस्वी ने नाराजगी की वजह से पूर्व प्रस्तावित रैली में राजद के शिरकत से मना कर दिया था। जिसके कारण रैली रद्द कर अब पैदल मार्च की तैयारी की जा रही है।

### सभी दलों की बैठक के बाद होगी घोषणा

सूत्रों ने बताया कि विपक्षी दलों के नेता तेजस्वी को समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि उनके खिलाफ़ हाल ही में 'लैंड फॉर जॉब' मामले में सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल किया है इसलिए उन्हें ऐसा कोई "गैप टाइम" एजेंसियों को नहीं देना चाहिए कि रफ़्तार में सुनवाई कर चुनाव से पहले दोषी करार दिए जाने की कोशिशें शुरू हो जाए। ऐसा हुआ तो नुकसान राजद समेत सारे विपक्षी दलों का होगा। वीआईपी के सुप्रीमो मुकेश सहनी ने ऐसे सवालों के जवाब में कहा, तेजस्वी यादव महागठबंधन के नेता हैं। इसमें कोई दो राय नहीं। वो मुख्यमंत्री का चेहरा हैं इसमें भी कोई दो राय नहीं। जहाँ तक औपचारिक रूप से घोषणा का सवाल है वो सभी दलों की बैठक के बाद ही संभव हो सकेगा, ये बात तेजस्वी भी समझते हैं। उन्होंने इस मसले पर गठबंधन में किसी तरह की खींचातानी से इनकार किया।

**2002 की हिंसा पर सिख नेता का बड़ा दावा**

# गुजरात दंगे स्वाभाविक थे... मोदी ने लोगों को बचाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पूर्व राज्यसभा सांसद और सिख मुद्दों के वकील तरलोचन सिंह ने दावा किया है कि 2002 के गुजरात दंगे लोगों की सामान्य अभिव्यक्ति थे और राज्य सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने कहा कि 2002 का गुजरात दंगा दिल्ली में 1984 के सिख दंगों की तरह प्रायोजित नहीं था। तरलोचन सिंह राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रहे हैं और गुजरात दंगों के समय वहां का दौरा किया था। पॉडकास्ट में तरलोचन सिंह ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस समय गुजरात को जलने से बचा लिया। यदि उन्होंने साबरमती एक्सप्रेस अग्निकांड में जले कारसेवकों के शवों को उनके गांव ले जाने की इजाजत दे दी होती तो पूरा गुजरात जल उठता। पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा, मैं गुजरात दंगों के समय अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष था। मैं वहां पहुंचने वाला पहला व्यक्ति हूं। मैंने सारी जांच की, किसी को इसके बारे में पता नहीं है। मुझे 2000 में अध्यक्ष (राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के लिए) नियुक्त किया गया था और गुजरात दंगे 2002 में हुए थे।

मैं छह साल तक अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष रहा। मेरे पास गुजरात त्रासदी पर एक पुस्तिका है। यह छपी थी और मोदी ने 500 प्रतियां वितरित करने का आदेश दिया था। मैंने दिल्ली के दंगों की तुलना गुजरात से की थी। तरलोचन सिंह ने स्थिति को संभालने के लिए तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की।

## 64वीं अखिल भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान कार्यकर्ता गोष्ठी में बोले केन्द्रीय कृषि मंत्री

# गेहूं और जौ उत्पादन बढ़ाने के साथ लागत घटाना भी जरूरीः शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारत आज गेहूं और चावल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है, लेकिन उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ लागत घटाना भी उतना ही जरूरी है ताकि खेती लाभकारी बन सके। वे मंगलवार को ग्वालियर स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित '64वीं अखिल भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान कार्यकर्ता गोष्ठी' को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। चौहान ने गोष्ठी की शुरुआत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन के शताब्दी वर्ष का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि देश में खाद्यान्न आत्मनिर्भरता में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने किसानों की मेहनत को नमन करते हुए कहा कि किसानों के परिश्रम और वैज्ञानिकों के शोध के बल पर भारत आज वैश्विक स्तर पर मजबूत कृषि राष्ट्र के रूप में खड़ा है।

कृषि मंत्री ने बताया कि बीते 10-11 वर्षों में गेहूं का उत्पादन 86.5 मिलियन टन से बढ़कर 117.5 मिलियन टन हो गया है, जो लगभग 44 प्रतिशत की वृद्धि है। लेकिन अभी भी हमें प्रति हेक्टेयर उत्पादन को वैश्विक औसत के बराबर लाने की दिशा में काम करना होगा। चौहान ने कहा कि गेहूं और चावल का पर्याप्त उत्पादन हो चुका है, लेकिन अब दलहन और तिलहन की उत्पादकता बढ़ाना समय की मांग है ताकि आयात पर निर्भरता घटे। उन्होंने कहा कि जौ जैसे परंपरागत अनाज का औषधीय महत्व है और इसके प्रोत्साहन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। चौहान ने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे बायोफोर्टिफाइड गेहूं विकसित करें और असंतुलित खादों के उपयोग से मृदा की गुणवत्ता पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को रोकने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि पराली प्रबंधन और किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए शिक्षित करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों को नकली खाद और कीटनाशकों से बचाने के लिए सख्त कदम उठा रही है।

### नुकसान पहुंचाने वाली कंपनियों के लाइसेंस रद्द

उन्होंने बताया कि जिन कंपनियों के उत्पाद से फसल को नुकसान हुआ है, उनके लाइसेंस रद्द किए जा रहे हैं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। कृषि मंत्री ने कहा कि छोटे और सीमांत किसानों के लिए एकीकृत खेती ही लाभकारी रास्ता है, जिसमें खेती के साथ पशुपालन, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन और बागवानी को जोड़ना होगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग दें।

## राहुल बोले- 2024 लोकसभा चुनाव में केवल बेंगलुरु सेंट्रल नहीं, 70-80 सीटों पर हुई 'वोट चोरी'

# वोटर अधिकार यात्राः चेन्नई से बिहार पहुंचे मुख्यमंत्री स्टालिन, राहुल, प्रियंका संग किया कदमताल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने चुनावों में हो रही धांधली को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि गुजरात का मॉडल आर्थिक नहीं बल्कि 'वोट चोरी' का मॉडल है, जिसे 2014 से राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया गया है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता बुधवार को वोटर अधिकार यात्रा के 11वें दिन मुजफ्फरपुर के गायघाट में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। वोटर अधिकार यात्रा में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, राजद नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, कनिमोझी, दीपांकर भट्टाचार्य, मुकेश सहनी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद समेत इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। इससे पहले यात्रा के आगमन ने सड़कों को जनसैलाब में बदल दिया। इस दौरान राहुल गांधी एक बार फिर बुलेट बाइक चलाते हुए खास अंदाज में नजर आए। बाइक पर उनके पीछे उनकी बहन प्रियंका गांधी बैठी थीं। सुबह से ही हजारों की संख्या में लोग अपने नेताओं की झलक पाने के लिए सड़कों पर डटे हुए थे। बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र की जांच का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इसी तरह की गड़बड़ी देशभर की 70-80 सीटों पर की थी। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि महादेवपुरा की तरह देश के अन्य हिस्सों में हो रही धांधली को उजागर करने के लिए कांग्रेस ने काम शुरू कर दिया है।




### राहुल गांधी ने चुनावों में धांधली को लेकर सत्ताधारी दल और चुनाव आयोग पर जोरदार प्रहार किया

यात्रा को मिल रहे भारी जनसमर्थन से उत्साहित राहुल गांधी ने चुनावों में धांधली को लेकर सत्ताधारी दल और चुनाव आयोग पर जोरदार प्रहार किया। उन्होंने याद दिलाया कि 2019 लोकसभा चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी ने नतीजे आने से पहले ही भाजपा को 300 सीटें मिलने की बात कही थी, जबकि देश के ओपिनियन पोल कुछ और संकेत दे रहे थे, लेकिन आखिर में भाजपा को लगभग 300 सीटें मिल गईं। इसका कारण वोट चोरी था। राहुल ने गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा 40-50 साल तक सत्ता में बनी रहेगी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, राजनीति में कोई नहीं जानता कि कल क्या होगा, लेकिन अमित शाह को 40 साल का भविष्य पता है, क्योंकि वोट चोरी हो रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा ने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों के साथ-साथ लोकसभा का चुनाव भी चोरी किया। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बड़े पैमाने पर की गई गड़बड़ी का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने चार महीने में ही राज्य में करीब एक करोड़ नए मतदाता जोड़े और इन वोटों की मदद से भाजपा चुनाव जीत गई। उन्होंने कहा कि इसके बाद विपक्ष ने मतदाता सूची और मतदान की वीडियोग्राफी मांगी, जिसे देने से चुनाव आयोग ने इनकार कर दिया। इसके साथ ही कानून बनाकर 45 दिन में वीडियोग्राफी नष्ट करने का प्रावधान कर दिया गया। राहुल गांधी ने 2023 के उस कानून का भी जिक्र किया, जिसके तहत चुनाव आयुक्त के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर चुनाव आयुक्त ईमानदारी से काम कर रहे हैं, तो ऐसे कानून की जरूरत क्यों पड़ी? एसआईआर का उल्लेख करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव आयोग ने बिहार में 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काट दिए, जिनमें दलित, पिछड़े, अतिपिछड़े, अल्पसंख्यक शामिल हैं। उन्होंने पूछा कि जब संविधान में एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार दिया गया है, फिर लाखों वोट क्यों काटे गए? उन्होंने इसे संविधान पर हमला पर बताते हुए चेतावनी दी कि अगर यह सिलसिला नहीं रुका, तो लोगों का राशन कार्ड और जमीन भी छीन ली जाएगी। इस दौरान उन्होंने जनसभा में मौजूद लोगों से 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा भी लगवाया। बिहार के युवाओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह, अंबानी और अडानी ने युवाओं के हाथ से रोजगार और भविष्य छीन लिया है। बिहार को रोजगार, बदलाव और प्रगति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी रोकना ही प्रगति और रोजगार की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने कहा कि बिहार ऐतिहासिक रूप से क्रांति की धरती रहा है, जैसे चंपारण से आज़ादी की लड़ाई ने नया मोड़ लिया था, वैसे ही वोट चोरी के खिलाफ बिहार से उठी यह लहर पूरे देश में लोकतंत्र की रक्षा का आंदोलन बनेगी। राहुल गांधी ने 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा तोड़ने का अपना संकल्प भी दोहराया। राहुल गांधी ने भारत-पाक के बीच संघर्ष विराम कराने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति के ताजा बयान पर भी प्रधानमंत्री मोदी को घेरा, जिसमें ट्रंप ने कहा कि उन्होंने मोदी को फोन कर 24 घंटे में संघर्ष विराम करने के लिए कहा, लेकिन मोदी ने सिर्फ पांच घंटे में ही संघर्ष विराम कर दिया।

## खबर संक्षेप

### सेबी बड़े आईपीओ के लिए नियमों में ढील देगी




**कोलकाता।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि वह बड़े आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को आसान बनाने और धोखाधड़ी के खिलाफ निवेशकों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण सुधार कर रहा है। कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि नियामक ने एक परामर्श पत्र जारी किया है।

### पीएनबी ने अपनी पहली स्टार्टअप शाखा खोली



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने बुधवार को नयी दिल्ली में अपनी पहली स्टार्टअप-केंद्रित शाखा का उद्घाटन किया। पीएनबी ने बयान में कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के अनुरूप, इस शाखा का उद्देश्य बैंकिंग समाधान के सभी पहलुओं सहित सेवाओं के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा देना और नवोन्मेषण का समर्थन करना है।

### श्री लोटस डेवलपर्स का लाभ 36 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** श्री लोटस डेवलपर्स एंड रियल्टी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 36 प्रतिशत घटकर 25.78 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 40.16 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय भी घटकर 68.09 करोड़ रुपये रह गई।

# ट्रंप के टैरिफ वार से अदाणी-अंबानी को लगा झटका, रुतबा घटा और दौलत भी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- अदाणी दुनिया की अमीरों की टॉप 20 लिस्ट से हुए बाहर

ट्रंप के टैरिफ लगाने से पहले ही मंगलवार को भारतीय अरबपतियों को बड़ा झटका लगा। अंबानी और अदाणी की दौलत भी घटी है और रुतबा भी। अदाणी दुनिया के अमीरों की टॉप-20 लिस्ट से बाहर हो गए हैं और अंबानी 100 अरब डॉलर क्लब से। 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत के शीर्ष अरबपतियों की कुल संपत्ति में भारी गिरावट देखी गई। विशेष रूप से, मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी की नेटवर्थ में एक ही दिन में क्रमशः 2.04 अरब डॉलर और 1.80 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई, जिससे दोनों उद्योगपतियों की कुल संपत्ति में संयुक्त तौर पर 3.84 अरब डॉलर की कमी आई।

## ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स ने जारी किए ताजे आंकड़े

### मुकेश अंबानी की नेटवर्थ हुई 99.0 अरब डॉलर

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, जो एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं, की संपत्ति में पिछले दिन 2.04 अरब डॉलर (2% की कमी) की गिरावट देखी गई। हालांकि, वर्ष की शुरुआत से अब तक उनकी संपत्ति में 8.39 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो रिलायंस की एनर्जी और टेलीकॉम में मजबूत प्रदर्शन के कारण हुई है। रिलायंस ने हाल ही में एशियन पेंट्स में अपनी हिस्सेदारी की बिक्री ($895 मिलियन) जैसे कदम उठाए हैं, जिससे बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला।




*शिव नादार की संपत्ति भी घटी : शिव नादार (एचसीएल टेक्नोलॉजीज) की संपत्ति में 273 मिलियन डॉलर की कमी आई, जबकि शापूर मिस्त्री की नेटवर्थ में 128 मिलियन डॉलर की गिरावट देखी गई।*

### गौतम अदाणी की नेटवर्थ 77.6 अरब डॉलर

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी की संपत्ति में 1.80 अरब डॉलर की कमी आई है। वर्ष 2025 की शुरुआत से अब तक उनकी संपत्ति में 1.06 अरब डॉलर की गिरावट देखी गई है। अदाणी ग्रुप के शेयरों में आई यह गिरावट कंपनी द्वारा विविधिकरण और हाल के निवेशों (जैसे कि वियतनाम में 10 अरब डॉलर के निवेश की योजना) के बावजूद देखी गई है। हालांकि, अदाणी पोर्ट्स और अदाणी पावर जैसी कंपनियों के शेयर में इस साल 10 प्रतिशत और 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### अतिरिक्त शुल्क का बाजार पर पड़ा असर

अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने पर एक मसौदा नोटिस जारी करने के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर मार्केट में चौतरफा बिकवाली हुई। सेंसेक्स 849.37 अंक गिरकर 80,786.54 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 255.70 अंक टूटकर 24,712.05 अंक पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज से लेकर अदाणी ग्रुप के शेयर भी लाल निशान पर बंद हुए। इसका असर अदाणी-अंबानी के नेटवर्थ पर भी पड़ा।

## निर्यात और रोजगार सृजन पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा

# अमेरिकी शुल्क से झींगा, कपड़ा, रत्न आभूषण के निर्यात पर पड़ेगा गंभीर असर


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत के भारी शुल्क से झींगा, कपड़ा, चमड़ा और रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्रों में निर्यात और रोजगार सृजन पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। निर्यातकों ने कहा कि 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा भारत पर 25 प्रतिशत का जुर्माना लगाने से उसके सबसे बड़े निर्यात बाजार में भारतीय उत्पादों की आवाजाही बाधित होगी।

बीते वित्त वर्ष भारत के 437.42 अरब डॉलर मूल्य के वस्तु निर्यात में अमेरिका का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा था। अमेरिका 2021-22 से भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2024-25 में, वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 131.8 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इनमें 86.5 अरब डॉलर निर्यात और 45.3 अरब डॉलर आयात था।

### शुल्क एक आर्थिक प्रतिबंध की तरह

चमड़ा क्षेत्र के एक निर्यातक ने कहा, "50 प्रतिशत शुल्क एक आर्थिक प्रतिबंध की तरह है। इससे इकाइयां बंद होंगी और नौकरियां कम होंगी।" कपड़ा निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि 10.3 अरब डॉलर के निर्यात के साथ कपड़ा क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है।



- सबसे बड़े निर्यात बाजार में भारतीय उत्पादों की आवाजाही बाधित होगी
- बीते वित्त वर्ष में भारत का निर्यात 20 प्रतिशत था
- अमेरिका 2021-22 से भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है

*शुल्क नुकसान को पाटना असंभव : ठाकुर ने कहा, "उद्योग अमेरिका द्वारा घोषित 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क को लेकर तैयार था। लेकिन, 25 प्रतिशत अतिरिक्त बोझ ने...भारतीय कपड़ा उद्योग को अमेरिकी बाजार से प्रभावी रूप से बाहर कर दिया है। इसका कारण बांग्लादेश, वियतनाम, श्रीलंका, कंबोडिया और इंडोनेशिया जैसे प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में 30-31 प्रतिशत शुल्क के नुकसान के अंतर को पाटना असंभव है।"*

*अमेरिकी बाजार पर भारत की निर्भरता काफी ज्यादा : रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के चेयरमैन किरीट भंसाली ने कहा है कि अमेरिकी बाजार पर हमारी निर्भरता काफी ज्यादा है।*

### तुर्की, वियतनाम, थाईलैंड निर्यात में भारत से आगे

भंसाली ने कहा कि तुर्की, वियतनाम और थाइलैंड जैसे प्रतिस्पर्धी अब भी काफी आगे हैं, जिससे भारत के 50 प्रतिशत शुल्क के कारण अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पाद अपेक्षाकृत कम प्रतिस्पर्धी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर इस असंतुलन को दूर नहीं किया गया, तो यह अमेरिका के लिए एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की दीर्घकालिक स्थिति को नुकसान पहुंचा सकता है।

### हीरे को तराशने और पॉलिश क्षेत्र होगा प्रभावित

हीरा क्षेत्र के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि हीरे को तराशना और पॉलिश क्षेत्र के एक बड़ा झटका है। यह क्षेत्र गुजरात के खासकर सूरत, नवसारी, भावनगर और जसदान में लाखों लोगों को नौकरियां दे रहा है। कोलकाता स्थित एक समुद्री खाद्य निर्यातक ने कहा कि अब अमेरिकी बाजार में भारत का झींगा 'बेहद' महंगा हो जाएगा। इससे निर्यातकों की प्रतिस्पर्धी क्षमता प्रभावित होगी।

### इक्वाडोर से भारी प्रतिस्पर्धा का सामना

झींगा निर्यातक ने कहा, "हमें पहले से ही इक्वाडोर से भारी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि वहां केवल 15 प्रतिशत शुल्क है। भारतीय झींगे पर पहले से ही 2.49 प्रतिशत डंपिंग रोधी शुल्क और 5.77 प्रतिशत प्रतिपूर्ति शुल्क लगता है। इस 50 प्रतिशत के बाद, शुल्क काफी बढ़ जाएगा।"

# इंडिगो में 7,027 करोड़ की हिस्सेदारी बेचेंगे गंगवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- इंडिगो एयरलाइन की मूल कंपनी इंटरग्लोब के प्रवर्तक है गंगवाल
- हिस्सेदारी बिक्री का सौदा एनएसई और बीएसई के माध्यम से होगा

इंडिगो एयरलाइन की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के प्रवर्तक राकेश गंगवाल और उनके पारिवारिक ट्रस्ट ने कंपनी में अपनी 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 7,027.7 करोड़ रुपये में बेचने की योजना बनाई है। एक सौदा पत्र में इसकी जानकारी दी गई है।

यह हिस्सेदारी बिक्री सौदा बृहस्पतिवार को एनएसई और बीएसई के माध्यम से किया जाएगा। इस बिक्री से मिलने वाली पूरी राशि विक्रेताओं के पास जाएगी। प्रस्तावित बिक्री के तहत 1.21 करोड़ शेयरों की बिक्री 5,808 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम भाव पर की जाएगी, जो मंगलवार के बंद भाव (6,050 रुपये) से लगभग चार प्रतिशत कम है। इंटरग्लोब एविएशन में गंगवाल और चिंकरपू फैमिली ट्रस्ट की कुल हिस्सेदारी जून, 2025 तक 7.81 प्रतिशत थी, जो इस सौदे के बाद घटकर 4.71 प्रतिशत रह जाएगी। इस ट्रस्ट में शोभा गंगवाल एवं जेपी मॉर्गन ट्रस्ट कंपनी ऑफ डेलावेयर ट्रस्टी हैं। इस सौदे के लिए गोल्डमैन शैक्स, मॉर्गन स्टेनली इंडिया और जेपी मॉर्गन इंडिया को ब्रोकर नियुक्त किया गया है। सौदे की शर्तों के मुताबिक, विक्रेताओं और उनके निकट संबंधियों के लिए 150 दिन की लॉक-अप अवधि लागू होगी। फरवरी, 2022 में कंपनी संचालन से जुड़े मुद्दों को लेकर सह-संस्थापक राहुल भाटिया के साथ मतभेद होने के बाद गंगवाल ने निदेशक मंडल से इस्तीफा देने और अपनी हिस्सेदारी धीरे-धीरे बेचने की घोषणा की थी।

### हिस्सेदारी कई चरणों में घटाई

इसके बाद से गंगवाल ने इंटरग्लोब एविएशन में अपनी हिस्सेदारी कई चरणों में घटाई है। उन्होंने मई, 2025 में भी 5.72 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 11,564 करोड़ रुपये में बेची थी। इससे पहले भी अगस्त 2024, फरवरी 2023, अगस्त 2023 और सितंबर, 2022 में हिस्सेदारी की बिक्री की गई थी।

### चांदी 2,000 उछलकर नए शिखर पर, सोना 500 रुपये चढ़ा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये उछलकर 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं। भारतीय उत्पादों पर अमेरिका के लगाए गए भारी शुल्क के लागू होने के बाद सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने की वजह से चांदी के दाम चढ़े हैं। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, मंगलवार को चांदी 3,000 रुपये बढ़कर 1,18,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 500 रुपये बढ़कर 1,01,270 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।पिछले बाजार बंद के समय यह 1,00,770 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। इसके अलावा, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 400 रुपये बढ़कर 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। मंगलवार को यह 1,00,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। ऑग्मोंट की शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा, "राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फेडरल रिजर्व गवर्नर लिसा कुक को बर्खास्त करने के बाद बढ़ी राजनीतिक अनिश्चितता के बीच सोने और चांदी में तेजी जारी है।

### पावरग्रिड की 36वीं वार्षिक आम बैठक सम्पन्न




**गुरुग्राम।** पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन महारत्न सीपीएसयू की 36वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन दिनांक 26 अगस्त, 2025 को वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता श्री रविंद्र कुमार त्यागी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने की। इस अवसर पर श्री रविशंकर गणेशन, निदेशक (वित्त) एवं मुख्य वित्त अधिकारी, डॉ. यतीन्द्र द्विवेदी, निदेशक (कार्मिक), श्री नवीन श्रीवास्तव, निदेशक (प्रचालन), श्री वामसी राम मोहन बुर्रा, निदेशक (परियोजनाएं), डॉ. साईबाबा दरबामुल्ला, सरकारी नामित निदेशक, श्री अभय बाकरे, सरकारी नामित निदेशक, श्री शिव तपस्या पासवान, स्वतंत्र निदेशक, श्री रोहित वासवानी, स्वतंत्र निदेशक तथा श्रीमती सजल झा, स्वतंत्र निदेशक भी उपस्थित रहे। माननीय राष्ट्रपति के प्रतिनिधि एवं शेयरधारक वर्चुअल माध्यम से इस बैठक से जुड़े। एजीएम के दौरान कंपनी की प्रमुख वित्तीय उपलब्धियां, परिचालन संबंधी सफलताएं, भावी विकास योजनाएं, तकनीकी नवाचार और पहलें प्रस्तुत की गईं तथा शेयरधारकों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का प्रबंधन द्वारा उत्तर दिया गया। शेयरधारकों ने कंपनी के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की एवं कंपनी के निरंतर विकास के लिए शुभकामनाएं दीं।



### पॉवर फाइनेंस कॉरपोरेशन का उर्जा मंत्रालय से एमओयू

**नई दिल्ली।** पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन द्वारा उर्जा मंत्रालय से वर्ष 2025-26 के लिए एमओयू पर पंकज अग्रवाल, सचिव उर्जा और परिमन्द्र चौपड़ा, सीएमडी, पीफसी द्वारा हस्ताक्षर किए गए। पॉवर फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी 1986 में स्थापित गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनी एनबीएफएसी है।

## राशिफल

**मेष:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष:** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह:** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ:** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन:** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

### एलन टैलेंटेक्स रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 सितंबरकैश प्राइज और एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप पाने का मौका

**कोटा।** देश की बड़ी प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षाओं में शामिल एलन टैलेंटेक्स में आवेदन को लेकर देशभर के स्टूडेंट्स में उत्साह है। एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप और कैश प्राइज जीतने के लिए इस परीक्षा में हर विद्यार्थी शामिल होना चाहता है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रेसिडेंट एवं टैलेंटेक्स के नेशनल हेड पंकज अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा में शुरुआत से अब तक 18.25 लाख विद्यार्थी शामिल हो चुके हैं। कक्षा 5 से 10 तक के स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनों मोड में यह परीक्षा इस वर्ष 5 व 12 अक्टूबर को होगी। परीक्षा में आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर है। टैलेंटेक्स में रजिस्ट्रेशन के साथ ही प्रैक्टिस के लिए स्टूडेंट्स को टेस्ट पेपर्स वेबसाइट पर उपलब्ध करवाए जाएंगे, जिससे वो टेस्ट के स्तर को समझते हुए तैयारी कर सकता है। परीक्षा का सिलेबस एनसीईआरटी का होगा। एग्जाम पैटर्न और सिलेबस की जानकारी वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।- 2.50 करोड़ के कैश प्राइज तथा 250 करोड़ की दी जाएगी स्कॉलरशिप अग्रवाल ने बताया कि टैलेंटेक्स में स्टूडेंट्स को नेशनल व स्टेट रैंक के साथ ही 2.50 करोड़ रुपए के कैश प्राइज तथा 250 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप दी जाएगी। परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर स्टूडेंट्स एलन क्लासरूम एवं डिजिटल कोर्सेज में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। हर स्टूडेंट को अलग से कॉम्पीटिटिव सक्सेस इंडेक्स भी जारी किया जाएगा। विद्यार्थी को **www.tallentex.com** जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरकर या नजदीकी एलन सेंटर पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। -स्टूडेंट्स को दोहरे फायदे के रूप में कॉम्पिटेटिव सक्सेस इंडेक्स दिया जाएगाउन्होंने बताया कि यह परीक्षा स्टूडेंट्स को स्टूडेंट्स को एकेडमिक एक्सीलेंस का विश्लेषण करने में मदद करती है।

**उत्तर रेलवे**


ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | |
|---|---|
| एनआईटी | 60,62,63,64,65 - 2025-26-डब्ल्यू-5 |
| कार्य का नाम (स्थान के साथ) | 60डीईएन/IV के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत डीएलआई-बीटीआई खंड पर रबरयुक्त सतह उपलब्ध कराकर लेवल क्रॉसिंग में सुधार। **कार्य की समान प्रकृति :** सड़क कार्य या एल.सी. गेट सड़क या फ़र्श कार्य। |
| | 62एडीईएन/जेएचएल के अधीन डीएलआई-बीटीआई खंड पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 204 पर एलएचएस का निर्माण। **कार्य की समान प्रकृति :** बॉक्स पुशिंग/पाइप पुशिंग विधि से पुलों/सीमित उच्च सबवे का निर्माण। |
| | 63एडीईएन/जेएचएल के अधीन डीएलआई-बीटीआई खंड पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 165 पर एलएचएस का निर्माण। **कार्य की समान प्रकृति :** बॉक्स पुशिंग/पाइप पुशिंग विधि से पुलों/सीमित उच्च सबवे का निर्माण। |
| | 64एडीईएन/जेएचएल के अधीन डीएलआई-बीटीआई खंड पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 180 पर एलएचएस का निर्माण। **कार्य की समान प्रकृति :** बॉक्स पुशिंग/पाइप पुशिंग विधि से पुलों/सीमित उच्च सबवे का निर्माण। |
| | 65एडीईएन/जेएचएल के अधीन डीएलआई-बीटीआई खंड पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 186 पर एलएचएस का निर्माण। **कार्य की समान प्रकृति :** बॉक्स पुशिंग/पाइप पुशिंग विधि से पुलों/सीमित उच्च सबवे का निर्माण। |
| काम की अनुमानित लागत रुपये | (60) Rs.8,41,07,015.58 (62) Rs.6,54,91,807.60 (63) Rs.6,40,40,795.91 (64) Rs.7,23,81,790.23 (65) Rs.6,47,51,989.42 |
| अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा 1) (नोट:- रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में, स्वीकार नही किया जाएगा। |
| | (60) Rs.5,70,500.00 (62) Rs.4,77,500.00 (63) Rs.4,70,200.00 (64) Rs.5,11,900.00 (65) Rs.4,73,800.00 |
| काम की समाप्ति अवधि | (60) 8 महीने (62) 12 महीने (63) 12 महीने (64) Rs.12 महीने (65) Rs.12 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 26.09.2025 को 15.00 बजे तक तथा 26.09.2025 को 15.00 बजे निविदा खुलना है |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. 128-W/260/OET/2025-26/W-IV/NIT-60,62,63,64,65-2025-26
Date : 27.08.2025
2604/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 5971




**बाएँ से दाए-**
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

### शब्द पहेली -5970 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | नु | भ | व | ■ | शा | का | हा | र | ■ |
| अ | ■ | क्ता | ■ | ल | ■ | मि | ■ | नि | ■ | अ |
| ह | म | ■ | का | या | प | ल | ट | ■ | का | का |
| म | ■ | रा | ■ | का | ■ | हो | ■ | श | ■ | र |
| क | हा | नी | का | र | ■ | ना | म | क | र | ण |
| ■ | द | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | सो | ■ |
| अ | सा | म | यि | क | ■ | आ | ज | मा | ई | श |
| चा | ■ | स्त | ■ | म | ■ | रा | ■ | न | ■ | रा |
| न | ल | ■ | नी | ल | क | म | ल | ■ | खौ | फ |
| क | ■ | भ | ■ | ना | ■ | दे | ■ | क | ■ | त |
| ■ | को | ला | ह | ल | ■ | ह | र | जा | ई | ■ |





# इंटरनेशनल क्रिकेट के बाद अश्विन ने अब आईपीएल को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

अनुभवी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास की घोषणा की, जिससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के कुछ ही महीनों के भीतर इस टूर्नामेंट के साथ उनके 16 साल लंबे जुड़ाव का अंत हो गया।

अश्विन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह घोषणा की।रविचंद्रन अश्विन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से रिटायर होने का फैसला किया है। टीम इंडिया के दिग्गज ऑफ स्पिनर रहे अश्विन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि दुनिया भर की अलग-अलग लीगों में खेल के नए अनुभवों का उनका सफर आज से शुरू हो रहा है। अश्विन ने 18 दिसंबर 2024 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया था, तब उन्होंने आईपीएल में खेलते रहने की बात कही थी। वह आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले थे, जहां उन्होंने 9 मैचों में 7 विकेट लिए और 33 रन बनाए। 2025 में सीएसके के संघर्ष के बीच अश्विन अन्य विवादों में भी शामिल रहे। हाल में उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस को लेकर भी टिप्पणी की थी, जहां उन्होंने कहा था कि उनको ज्यादा पैसे दिए गए थे। बाद में उन्होंने इस मामले में सफाई दी थी।



## अश्विन बोले- हर अंत एक नई शुरुआत

अश्विन ने 'एक्स' पर लिखा, 'कहते हैं कि हर अंत के साथ एक नई शुरुआत होती है। आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है लेकिन विभिन्न लीग में खेल की खोज करने का मेरा समय आज से शुरू हो रहा है।' उन्होंने कहा, 'मैं सभी फ्रेंचाइजी को वर्षों से मिली शानदार यादों और रिश्तों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और सबसे महत्वपूर्ण आईपीएल और बीसीसीआई को उन चीजों के लिए जो उन्होंने अब तक मुझे दीं। आगे जो भी मेरे सामने है उसका पूरा आनंद लेने और उसका पूरा फायदा उठाने के लिए उत्सुक हूं।' अश्विन की सुपरकिंग्स ने सोशल मीडिया पोस्ट में भावुक सराहना की।

### आईपीएल कॅरियर

38 साल के ऑफ स्पिनर अश्विन ने 221 आईपीएल मैचों में 187 विकेट निकाले। इनका इकोनॉमी रेट 7.20 का रहा। उनकी बेस्ट गेंदबाजी 4/34 रही। इसके अलावा 98 पारियों में 833 रन बनाए। उच्चतम स्कोर 50 रहा। अश्विन इंडियन प्रीमियर लीग में 5 टीमों के लिए चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स और राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के लिए खेले थे। उन्होंने टूर्नामेंट में पंजाब की कप्तानी भी की थी।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का रिकॉर्ड

**टेस्ट रिकॉर्ड**
गेंदबाजी : 106 टेस्ट
537 विकेट
बेस्ट बॉलिंग : 13/140
बल्लेबाजी :
106 टेस्ट, 151 पारी,
3503 रन, 124 सर्वश्रेष्ठ

**वनडे रिकॉर्ड**
गेंदबाजी: 116 मैच
156 विकेट
4/25 बेस्ट बॉलिंग
बल्लेबाजी : 116 मैच,
63 पारी, 707 रन
65 सर्वश्रेष्ठ

---

### खबर संक्षेप



#### राष्ट्रमंडल : अजीत और निरुपमा ने जीते पदक

**अहमदाबाद।** भारतीय भारोत्तोलक अजीत नारायण और निरुपमा देवी सेराम ने को राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पुरुषों के 71 किग्रा और महिलाओं के 63 किग्रा वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। छब्बीस वर्षीय अजीत ने कुल 317 किग्रा (145 किग्रा स्नैच और 172 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया और इस दौरान नए राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड भी बनाए। अजीत ने नाइजीरिया के जोसेफ एडिडियोंग उमोआफिया को पछाड़ा जिन्होंने कुल 316 किग्रा (146 किग्रा स्नैच और 170 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर रजत जीता।

#### विश्व चैंपियनशिप
#### सिंधू, सात्विक-चिराग के प्री-क्वार्टर फाइनल में



**पेरिस।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बुधवार को मलेशिया की लेत्शाना करुपाथेवन को हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने पहले गेम में 12-18 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करते हुए दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी लेत्शाना को 42 मिनट में 21-19, 21-15 से शिकस्त दी। अब उनका सामना चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झि यि से होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे के यांग पो हान और लियू कुआंग हेंग को 22-20, 21-13 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान की जोड़ी को 21-11, 21-16 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

#### माइकल क्लार्क की हुई छठी सर्जरी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क की त्वचा कैंसर की छठी सर्जरी हुई है। उनकी यह सर्जरी नाक से एक घाव को हटाने के लिए हुई है। विश्व कप 2015 विजेता कप्तान 44 वर्षीय



क्लार्क ने इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन के बाद की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें लोगों से नियमित रूप से त्वचा की जांच को प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में जहां सूर्य की किरणों का संपर्क अधिक होता है। क्लार्क ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'त्वचा कैंसर वास्तविक है! खासकर ऑस्ट्रेलिया में। आज मेरी नाक से एक और घाव काट दिया गया। अपनी त्वचा की जांच करवाने के लिए एक दोस्ताना रिमाइंडर। रोकथाम इलाज से बेहतर है लेकिन मेरे मामले में, नियमित जांच और जल्दी पता लगाना महत्वपूर्ण है।'

---

### अमेरिकी ओपन : महिला एकल के दूसरे दौर में कोको और नाओमी ने बनाई जगह

# कोको ने 10 बार डबल फॉल्ट और 6 बार सर्विस गंवाने के बाद जीता कड़ा मुकाबला

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

तीसरी वरीय अमेरिकी कोको गॉफ और 23वीं वरीय जापान की नाओमी ओसाका ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। नए सर्विस कोच के साथ खेल रही गॉफ ने मैच में 10 बार डबल फॉल्ट किया और छह बार अपनी सर्विस गंवाई लेकिन इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया की एजला तोमालानोविच को पहले दौर के कड़े मुकाबले में 6-4, 6-7 (2), 7-5 से हराने में सफल रहीं।

गॉफ ने मैच के बाद कहा, 'यह मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था लेकिन मैं जीत दर्ज करके खुश हूं।'दो बार की चैंपियन ओसाका को हालांकि बेल्जियम की ग्रीट मिनेन को 6-3, 6-4 से हराने के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। पुरुष एकल में तीसरे वरीय जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एलेजांद्रो ताबियो को सीधे सेट में 6-2, 7-6, 6-4 से हराया जबकि अमेरिका के 14वें वरीय टॉमी पॉल ने एल्मर मोलेर के खिलाफ 6-3, 6-3, 6-1 की आसान जीत दर्ज की।




#### वीनस ओपन एरा की तीसरी सबसे उम्रदराज

1981 में रेनी रिचड्र्स के बाद विलियम्स यहां महिला एकल में प्रतिस्पर्धा करने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थीं और ओपन एरा की तीसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थीं। विलियम्स और फर्नांडीज महिला युगल ड्रॉ में सात वाइल्ड-कार्ड टीमों में शामिल हैं, जिनमें हैली बैप्टिस्ट और व्हिटनी ओसुइग्वे, रीज ब्रैंटमेयर और एलानिस हैमिल्टन, कारमेन कॉर्ली और इवाना कॉर्ली, क्रिस्टीना पेनिकोवा और थिया फ्रोडिन, क्लर्वी न्गोउए और इवा जोविक, और जूलियट पारेजा और आकाश उरहोबो शामिल हैं। 2025 यूएस ओपन महिला युगल प्रतियोगिता गुरुवार को यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में शुरू होगी।

#### वीनस को मिली वाइल्ड-कार्ड एंट्री युगल में दिखेंगी लेयला के साथ

यूएस ओपन महिला एकल में पहले राउंड से ही बाहर हुई वीनस विलियम्स का अभियान अभी समाप्त नहीं हुआ है। वीनस महिला युगल में लेयला फर्नांडीज के साथ खेलती हुई दिखेंगी। उन्हें वाइल्ड-कार्ड एंट्री दी गई है। वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज का मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त यूक्रेन की ल्यूडमिला किचेनोक और ऑस्ट्रेलिया की एलेन पेरेज की जोड़ी से होगा।



22 वर्षीय फर्नांडीज को न्यूयॉर्क में महिला एकल में 31वीं वरीयता दी गई है और उन्होंने पहले दौर में हमवतन रेबेका मैरिनो को 6-2, 6-1 से हराया। वह 2021 में एकल फाइनल में पहुंचीं, जहां वह ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू से उपविजेता रहीं।

वीनस 2 साल बाद ले रही ग्रैंड स्लैम में भाग

45 साल की वीनस 2 साल में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। वीनस विलियम्स महिला युगल की सफलतम खिलाड़ियों में से एक हैं। अपनी बहन सेरेना विलियम्स के साथ उन्होंने 14 ग्रैंड स्लैम महिला युगल खिताब जीते हैं। आखिरी बार 2016 में उन्होंने विंबलडन जीता था। महिला युगल में वह आखिरी बार 2022 में सेरेना विलियम्स के साथ यूएस ओपन में दिखी थी। वह सेरेना का विदाई टूर्नामेंट था।

---

### आईसीसी वनडे रैंकिंग

# गिल-रोहित शीर्ष और कोहली चौथे नंबर पर





एजेंसी ▶▶| दुबई

*भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल और रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि विराट कोहली चौथे नंबर पर मौजूद हैं। वहीं हाल में मैके में श्रृंखला के आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका पर रिकॉर्ड जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भी फायदा मिला है। हालांकि श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका ने जीती। गिल (784 रेटिंग अंक) और रोहित (756) क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम (739) शीर्ष तीन में शामिल हैं। कोहली के 736 अंक हैं।*

#### यादव और जडेजा तीसरे और नौवें नंबर पर

हाल के महीनों में भारतीय टीम ने वनडे में हिस्सा नहीं लिया है लेकिन गेंदबाजों की ताजा वनडे रैंकिंग में कुलदीप यादव (650) और रविंद्र



जडेजा (616) अब भी क्रमशः तीसरे और नौवें नंबर पर बने हुए हैं। रोहित और कोहली टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं लेकिन ये दोनों वनडे प्रारुप में सक्रिय हैं। रोहित और कोहली दोनों ने आखिरी बार फरवरी 2025 में संयुक्त अरब अमीरात में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान वनडे मैच खेला था, जिसमें उन्होंने भारत के खिताबी अभियान में अहम भूमिका निभाई थी।

#### ग्रीन ने लगाई 40 पायदान की छलांग

हेड एक पायदान के सुधार से 11वें स्थान पर, मार्श चार पायदान की छलांग के साथ 44वें स्थान पर और ग्रीन 40 पायदान की छलांग के साथ 78वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी जोश इंगलिस ने भी सूची में जगह बनाई है। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज 23 पायदान के सुधार के साथ 64वें स्थान पर पहुंच गया है। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर कड़ी प्रतिस्पर्धा है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला समाप्त होने के बाद श्रीलंका के स्पिनर महेश तीक्षणा 671 रेटिंग अंक के साथ साथी स्पिनर केशव महाराज के साथ शीर्ष पर आ गए हैं।

---

### एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

# भानवाला ने रेपिड फायर पिस्टल में जीता सिल्वर



एजेंसी ▶▶| शिमकेंट

भारतीय निशानेबाज अनीष भानवाला ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का रजत पदक जीता। बाइस साल के अनीष स्वर्ण पदक की दौड़ में सिर्फ एक अंक से चूक गए। उन्होंने 35 अंक जुटाए, जो स्वर्ण पदक विजेता चीन के शु लियानबोफान से एक अंक कम रहा। कांस्य पदक कोरिया के ली जेइकयून ने जीता। ओलंपियन अनीष शुरुआती चार सीरीज के बाद एक अंक से आगे चल रहे थे लेकिन इसके बाद पिछड़ गए। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे आदर्श सिंह पांचवें स्थान पर रहे।

#### फाइनल में अनीष की 18-17 अंक की बढ़त

राष्ट्रमंडल खेल 2018 के स्वर्ण पदक विजेता अनीष 30 शॉट के प्रिसिजन दौर के बाद 290 अंक के साथ छठे स्थान पर थे। बुधवार को हालांकि हरियाणा का यह निशानेबाज रेपिड फायर दौर में 293 अंक से कुल 583 अंक के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया। छह खिलाड़ियों के फाइनल में अनीष ने 18-17 की बढ़त बना ली थी लेकिन पांच शॉट की शेष तीन सीरीज में शॉट चूकने के कारण उन्हें चीन के 20 वर्षीय खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा। अनीष की अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि पेरु के लीमा में इस साल हुए विश्व कप में रजत पदक जीतना है। अनीष ने दो साल पहले कोरिया के चांगवोन में एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

#### डब्ल्यूपीजीटी : मन्नत ने बनाई पहले दौर में बढ़त



**होसुर।** एमेच्योर मन्नत बरार ने लगातार चार बर्डी की मदद से महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 12वें चरण के पहले दौर में बाद बढ़त बना ली। मन्नत ने 15 लाख रुपये इनामी प्रतियोगिता के पहले दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाया और क्लोवर ग्रीन्स कोर्स पर अंडर पार स्कोर बनाने वाली एकमात्र खिलाड़ी रहीं। मन्नत ने पांच बर्डी और तीन बोगी की। मन्नत ने संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर मौजूद कीर्ति चव्हाण, जैस्मिन शेखर और अनन्या गर्ग पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है। इन तीनों ने पार 72 का स्कोर बनाया। एमेच्योर अराध्या शेट्टी और रिया झा एक ओवर 73 के स्कोर से संयुक्त पांचवें पायदान पर हैं।

---

### डायमंड लीग

# ट्राफी पर कब्जा करना चाहेंगे चोपड़ा

एजेंसी ▶▶| ज्यूरिख

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा गुरुवार को डायमंड लीग फाइनल में सत्र के अब तक के अपने सबसे शानदार 90 मीटर प्रदर्शन को दोहराते हुए ट्रॉफी पर कब्जा करना चाहेंगे। डायमंड लीग के 14 लीग चरण में से चार में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा शामिल थी, जिसमें से चोपड़ा ने केवल दो में ही हिस्सा लिया और 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। चोपड़ा ने अगस्त में सिलेसिया और ब्रसेल्स चरण में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने पिछली बार 2022 में डायमंड लीग ट्रॉफी जीती थी। इन चार मुकाबलों में अंक तालिका में शीर्ष छह फाइनल के लिए




क्वालीफाई करते हैं। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 32 स्पर्धाएं होती हैं इसलिए डायमंड लीग फाइनल दो दिन तक चलता है। बुधवार को छह स्पर्धाएं होंगी। डायमंड लीग फाइनल में प्रत्येक स्पर्धा के विजेता को इस वर्ष का चैंपियन घोषित किया जाएगा।

---

### एशिया कप

# 1994 के बाद हिस्सा लेगा कजाखस्तान

एजेंसी ▶▶| राजगीर




कजाखस्तान की पुरुष हॉकी टीम 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप के लिए पहुंच गई है। टीम 1994 के बाद से इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा ले रही है। येरकेबुलान द्युसेबेकोव की अगुआई में टीम मंयहां पहुंची, जो भारतीय सरजमीं पर उनका पहला टूर्नामेंट है। कजाखस्तान 1994 में हिरोशिमा एशिया कप में पांचवें स्थान पर रहा था। उसी वर्ष टीम ने एशियाई खेलों में भी छठा स्थान हासिल किया। एफआईएच विश्व रैंकिंग में वर्तमान में 81वें स्थान पर काबिज कजाखस्तान को पूल ए में मेजबान भारत, जापान और चीन के साथ रखा गया है। कजाखस्तान अपने अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को जापान के खिलाफ करेगा, उसके बाद टीम 31 अगस्त को चीन से भिड़ेगी और फिर एक सितंबर को भारत के खिलाफ अपना आखिरी ग्रुप चरण मुकाबला खेलेगी।

---

### 30 अक्टूबर तक अपनाना होगा नया संविधान नहीं तो निलंबन की संभावना

# भारतीय फुटबॉल की साख दांव पर, फीफा और एएफसी ने दिया अल्टीमेटम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि वैश्विक संचालन संस्था फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने संकटग्रस्त अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को सख्त चेतावनी दी है कि उसे 30 अक्टूबर तक नया संविधान अपनाना और उसकी पुष्टि करनी होगी या फिर निलंबन का जोखिम उठाना पड़ेगा।

#### राष्ट्रीय टीम और क्लब नहीं खेल पाएंगे अंतरराष्ट्रीय मैच

एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे को लिखे दो पन्नों के कड़े पत्र में दोनों अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने 2017 से उच्चतम न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद महासंघ की ओर से अपने संविधान को अंतिम रूप देने में विफलता पर 'गहरी चिंता' व्यक्त की। शीर्ष अदालत गुरुवार को इस मामले की सुनवाई करेगी। निलंबन का मतलब होगा कि राष्ट्रीय टीमों और क्लबों को सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा और साथ ही अहमदाबाद में 2036 के ओलंपिक खेलों के लिए भारत की महत्वाकांक्षी बोली भी अनिश्चितता में पड़ जाएगी। फीफा और एएफसी ने चौबे के नेतृत्व वाले एआईएफएफ को संशोधित संविधान




को मंजूरी देने के लिए उच्चतम न्यायालय से एक 'निश्चित आदेश' प्राप्त करने, इसे फीफा और एएफसी के अनिवार्य नियमों के अनुरुप बनाने और 30 अक्टूबर की समय-सीमा से पहले अगली आम सभा की बैठक में इसकी पुष्टि करने का निर्देश दिया है।

#### मामला 2017 से उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन

अगस्त 2022 में फीफा ने भारत को 'तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप' के आरोप में निलंबित कर दिया था जब उच्चतम न्यायालय ने नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) ने अस्थायी रूप से एआईएफएफ का संचालन किया था। यह प्रतिबंध देश की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के जश्न के दौरान लगाया गया था लेकिन सीओए के भंग होने और चुनाव होने के दो सप्ताह के भीतर इसे हटा लिया गया था। चुनावों में चौबे ने एकतरफा परिणाम में दिग्गज फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया को हराया था। विश्व निकायों ने 'अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संशोधित संविधान को अंतिम रूप देने और लागू करने में निरंतर विफलता' पर चिंता व्यक्त की। यह मामला 2017 से भारत के उच्चतम न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है।

#### हो सकता है निलंबन

पत्र में कहा गया है, 'इस कार्यक्रम का पालन नहीं करने पर हमारे पास इस मामले को निर्णय लेने वाली फीफा की संबंधित संस्था के पास विचार और निर्णय के लिए भेजने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा, जिसमें निलंबन की संभावना भी शामिल है।' इस पत्र पर फीफा के मुख्य सदस्य संघ अधिकारी एल्खान मामादोव और एएफसी के उप महासचिव (सदस्य संघ) वाहिद कर्दानी ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए हैं। यह पहली बार नहीं है जब भारतीय फुटबॉल को इस तरह की शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है।





जम्मू में तवी नदी का जलस्तर बढ़ने से पुल ढह गया

## पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश ने मचाया कहर, जन-जीवन अस्त व्यस्त

# नदियां उफान पर, कई जगह बाढ़, मलबा और भूस्खलन जम्मू में 296 मिमी बारिश, 115 साल का रिकॉर्ड टूटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश ने कई राज्यों में कहर मचा दिया है। जम्मू क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में पिछले 24 घंटों में लगातार बारिश जारी रही। भूस्खलन, निचले इलाकों में जलभराव और कई सड़कें तथा पुल बह गए। जम्मू में बारिश का 115 साल का रिकॉर्ड टूट गया। मंगलवार सुबह 8:30 बजे से बुधवार सुबह 8:30 बजे तक यहां 296 मिलीमीटर बारिश हुई। 52 साल पहले 1973 में 9 अगस्त को 272.6 मिलिमीटर बारिश हुई थी। जम्मू क्षेत्र में सभी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि तवी, चिनाब, उझ, रावी और बसंतर सहित लगभग सभी नदियां खतरे के निशान से कई फीट ऊपर बह रही हैं। किश्तवाड़ जिले के सुदूर मार्गी इलाके में अचानक आई बाढ़ में 10 रिहायशी घर और एक पुल बह गया, लेकिन किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। जम्मू-कश्मीर के रामबन में पत्थर और मलबे से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद है।

**रामबन में मलबे से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद**

### ◆ पंजाब में सीआरपीएफ जवानों को हेलिकॉप्टर से किया रेस्क्यू, हिमाचल में पर्यटक फंसे, लेह एयरपोर्ट बंद किया

### किश्तवाड़ में 10 रिहायशी घर और एक पुल बहा

### 10000 से अधिक लोगों को बचाया गया

*जम्मू क्षेत्र में 10,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है, जबकि बचाव एजेंसियां और प्रशासन बाढ़ प्रभावित जम्मू व सांबा जिलों में फंसे लोगों तक पहुंचने के प्रयास में जुटा है। क्षेत्र में बुरी तरह प्रभावित हुई जलापूर्ति, बिजली और इंटरनेट सेवाओं को बहाल करने के प्रयास जारी हैं, लेकिन स्कूल-कॉलेजों को बंद करने का आदेश दिया गया है। जम्मू में पिछले 24 घंटों में 380 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 1910 में वेधशाला की स्थापना के बाद से 24 घंटे की अवधि में जम्मू में दर्ज की गई सबसे अधिक वर्षा है।*

### कठुआ में सीआरपीएफ ऑफिस क्षतिग्रस्त

रावी नदी के किनारे स्थित कठुआ में सीआरपीएफ 121 बटालियन ऑफिस को नुकसान पहुंचा है। ऑफिस को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। कठुआ के डीसी राजेश शर्मा ने बताया कि यहां पिछले 36 घंटों से लगातार बारिश हो रही है। इस वजह से सभी नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और वे खतरे के निशान पर बह रही हैं।

### भारत ने पाक को बाढ़ के खतरे की नई चेतावनी जारी की

भारत ने तवी नदी में बाढ़ की "अत्यधिक आशंका" को लेकर पाकिस्तान को नए अलर्ट जारी किए हैं। वहीं, उत्तरी राज्यों में लगातार बारिश के कारण प्रमुख बांधों से अतिरिक्त पानी छोड़ना पड़ रहा है। सूत्रों ने बताया कि विदेश मंत्रालय के माध्यम से इस्लामाबाद भेजे गए ये अलर्ट "मानवीय आधार" पर जारी किए गए हैं। पहला अलर्ट सोमवार को जारी किया गया था। एक सूत्र ने बताया कि हमने मंगलवार) और बुधवार तवी नदी में बाढ़ की उच्च आशंका के मद्देनजर एक और अलर्ट जारी किया। भारतीय क्षेत्रों में हो रही अत्यधिक बारिश के कारण कुछ बांधों के फाटक खोलने पड़े। तवी नदी हिमालय से निकलती है और पाकिस्तान में चिनाब नदी में मिलने से पहले जम्मू संभाग से होकर गुजरती है। जलस्तर खतरनाक रूप से बढ़ने के कारण अधिकारियों के पास प्रमुख जलाशयों के फाटक खोलने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।

### करतारपुर साहिब कॉरिडोर में भरा पानी

पंजाब में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। बांधों से पानी छोड़ने के कारण बुधवार को पठानकोट, गुरदासपुर, तरनतारन, होशियारपुर, कपूरथला, फिरोजपुर और फाजिल्का में बाढ़ आ गई। रावी नदी में बाढ़ के चलते करतारपुर साहिब कॉरिडोर में भी 7 फीट तक पानी भर गया है। पाकिस्तान का श्री करतारपुर साहिब गुरुद्वारा में भी पानी भर गया है।


माधोपुर हैडवर्क्स में रेस्क्यू के बाद बिल्डिंग गिरी

### सेना ने लोगों को बचाया

पंजाब के पठानकोट के माधोपुर हेडवर्क्स में सेना ने रावी नदी में आई बाढ़ के बाद पानी से घिरी एक जर्जर बिल्डिंग से 22 सीआरपीएफ जवानों और 3 नागरिकों का हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के लिए सेना का हेलिकॉप्टर जर्जर बिल्डिंग की छत पर उतरा था। छत से उड़ान भरने के बाद ही बिल्डिंग का अगला हिस्सा पानी में समा गया। इसके बाद भी सेना ने जर्जर बिल्डिंग की छत पर फंसे सभी लोगों को बचाया।




### स्कूल में पानी भरा, 400 लोग फंसे

*गुरदासपुर के डबुरी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में 400 से ज्यादा स्टूडेंट्स और टीचर्स बाढ़ में फंस गए हैं। स्कूल के ग्राउंड फ्लोर पर 5 फीट पानी भर गया है। बच्चों को फर्स्ट फ्लोर पर रखा गया है। स्टूडेंट्स और टीचर्स को निकालने के लिए एनडीआरएफ और सेना की टीमें भेजी गई हैं। राज्य में भारी बारिश के चलते सभी स्कूलों को 30 अगस्त तक बंद करने के आदेश दिए गए हैं।*

### चंडीगढ़ और मनाली के बीच पर्यटक फंसे

हिमाचल प्रदेश में ब्यास नदी ने चंडीगढ़-मनाली फोरलेन को जगह-जगह तहस नहस किया है। इसे बहाल होने में 2 दिन लग सकते हैं। चंडीगढ़ और मनाली के बीच काफी संख्या में पर्यटक फंसे हुए हैं। स्थानीय लोग उनके लिए खाने का प्रबंध कर रहे हैं। मंगलवार को कुल्लू-मनाली और मंडी में रेस्टोरेंट और 20 से ज्यादा घर-दुकानें ब्यास नदी में समा गए। सड़कों को नुकसान पहुंचने की वजह से कुल्लू का दूसरे जिलों से संपर्क कट गया है।



तवी नदी में बाढ़ से राजीव कॉलोनी और जम्मू विश्वविद्यालय पर सबसे ज्यादा असर दिखा है। यहां करीब 300 परिवार रहते हैं। जलभराव से कई परिवार घर छोड़कर सुरक्षित जगह चले गए हैं। जम्मू विश्वविद्यालय के हॉस्टल को खाली करवा दिया है। राजीव कॉलोनी और गुज्जर कॉलोनी में ज्यादातर घरों के निचले तल जलमग्न हो गए हैं।

### हिमाचल में कई मकान ढहे

*हिमाचल प्रदेश में पिछले 4 दिनों से लगातार हो रही बारिश से काफी नुकसान पहुंचा है। कांगड़ा में देहरा की ध्वाला पंचायत में बुधवार सुबह 11 बजे के करीब करनैल सिंह का 3 कमरों का मकान गिर गया। इसमें एक गाय की मौत हो गई। बिलासपुर जिले की मंझेड़ पंचायत में भारी बारिश के बाद एक मकान धराशायी हो गया। प्रदेश में चंबा के होली क्षेत्र में रावी नदी में एक मकान नदी में समा गया। इससे एक दिन पहले ओल्ड मनाली में पानी के तेज बहाव में एक घर नदी में समा गया।*

***लेह एयरपोर्ट का रनवे बंद, फ्लाइट्स रद्दः*** *खराब मौसम के कारण लेह एयरपोर्ट का रनवे बंद हो गया है। लेह में 27 अगस्त को सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं।*

### गूगल मैप के कारण नदी में बही वैन, 3 की मौत

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में एक वैन गूगल मैप के कारण बनास नदी की टूटी पुलिया से बह गई। इसमें एक ही परिवार के 9 लोग थे। नदी के बहाव के कारण वैन 300 मीटर तक बह गई। हादसे में एक 4 साल के बच्ची और 2 महिलाओं की मौत हो गई। वहीं, एक महिला अब भी लापता है। परिवार के 5 लोगों ने वैन पर चढ़कर जान बचाई।


ओल्ड मनाली में घर नदी में समा गया

## खबर संक्षेप



### अफगानिस्तान में पलटी बस, 25 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बुधवार तड़के एक यात्री बस पलट जाने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। तालिबान के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह काबुल के अरघंडी इलाके में हुई। बस दक्षिणी अफगानिस्तान से हेलमंद और कंधार के यात्रियों को लेकर आ रही थी। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि यह दुर्घटना लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुई, जिसमें 27 लोग घायल भी हुए हैं।

## खिसियाए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, अब जेलेंस्की पर निकाल रहे गुस्सा

*रूस और यूक्रेन में सुलह कराने में नाकाम रहा यूएस, अब दोनों देशों को चेतावनी देने लगा*

# बोले- यूक्रेन पर ही लगा दूंगा बैन, आर्थिक जंग की धमकी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

यूक्रेन जंग में सुलह कराने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सारे तरीके विफल होते नजर आ रहे हैं। इस बीच अब खिसियाए ट्रंप ने कहा है कि अगर जल्द से जल्द कोई हल नहीं निकला तो वह यूक्रेन पर भी कड़े प्रतिबंध और टैरिफ लगा देंगे। ट्रंप ने कहा कि युद्ध हमेशा दो पक्षों के बीच होता है और एक अकेले को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की भी निर्दोष और मासूम नहीं हैं। हजारों लोग हर हफ्ते मर रहे हैं।

**खास बातें**

- जंग खत्म नहीं की तो आर्थिक युद्ध शुरू करेगा अमेरिका
- अमेरिका के प्रतिबंध रूस और यूक्रेन को बहुत मंहगा


फाइल फोटो

### बहुत गंभीर परिणाम की दी चेतावनी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यह चेतावनी भी दी है कि अगर जंग को खत्म नहीं किया गया तो आर्थिक युद्ध शुरू हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि अगर संघर्ष जारी रहा, तो इसके बहुत गंभीर परिणाम होंगे। ट्रंप ने कैबिनेट सदस्यों के साथ एक बैठक में कहा कि यह विश्व युद्ध नहीं होगा, बल्कि यह एक आर्थिक युद्ध होगा और आर्थिक युद्ध बहुत बुरा होगा। यह रूस के लिए भी बुरा होगा और मैं ऐसा नहीं चाहता।

***डिजिटल टैक्स लगाया तो एक्स्ट्रा टैरिफ लगाऊंगा***

*ट्रंप ने उन देशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है, जो अमेरिका की डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर टैक्स लगाते हैं। ट्रंप ने कहा कि यदि डिजिटल टैक्स को खत्म नहीं किया गया तो, उन देशों के सामान पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। डिजिटल टैक्स लगाने वालों में यूरोप के कई देश शामिल हैं। ट्रंप ने इसे अमेरिकी तकनीक के खिलाफ भेदभावपूर्ण कदम बताया है।*

## ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री बोलीं

# टैरिफ पर ट्रंप प्रशासन को नई दिल्ली से संवाद करना चाहिए

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने भारत के साथ बेहतर संबंधों पर जोर दिया है। वोंग ने क्वाड ढांचे के भीतर साझा रणनीतिक उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच गहरी होती साझेदारी पर जोर दिया। वोंग ने कहा कि क्वाड के सदस्य- भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका अपने अलग दृष्टिकोण के साथ भारत हिंद महासागर क्षेत्र में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि देते हैं। खासतौर से भारत का हिंद महासागर पर एक नजरिया है। वोंग ने भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ अपनी बातचीत का हवाला देते हुए दिल्ली के साथ अच्छे संबंधों पर जोर दिया। भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव पर वोंग ने कहा कि बातचीत को जरिए चीजों


फाइल फोटो

को हल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन को भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के लिए संवाद को प्रोत्साहित करना चाहिए।

वोंग ने आर्थिक मोर्चों पर टैरिफ को लेकर ऑस्ट्रेलिया के विरोध को व्यक्त किया। उन्होंने विकास को गति देने के लिए खुलेपन की वकालत की। उन्होंने कहा कि दुनिया में खुलेपन के जरिए ज्यादा तेजी से तरक्की का रास्ता खुल सकता है। किसी एकतरफा फैसले या सख्ती की बजाए खुलेपन से चीजें किया जाना ज्यादा बेहतर होगा।

## सेनाओं में तालमेल लाने और सुरक्षा चुनौतियों का सटीकता से दे सकेंगे जवाब

*एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के डॉक्ट्रिन डायरेक्टरेट के तत्वावधान में तैयार किया गया*

# विशेष बलों के संचालन और अभियानों के लिए 'संयुक्त सिद्धांत' जारी किए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को मध्य प्रदेश के डॉ. अंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में आयोजित त्रि-सेवा सेमिनार 'रण संवाद' के दौरान विशेष बल और एयरबोर्न एवं हेलीबोर्न संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांतों का विमोचन किया। कार्यक्रम में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और थल सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह भी उपस्थित थे। तीनों सेनाओं की सक्रिय भागीदारी से एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के डॉक्ट्रिन डायरेक्टरेट के तत्वावधान में तैयार किए गए ये सिद्धांत विशेष बल मिशनों और हवाई अभियानों के संचालन के लिए मार्गदर्शन, परिचालन अवधारणाओं और अंतर-संचालन ढांचे को निर्धारित करेंगे।

*विशेष बल मिशनों और हवाई अभियानों के संचालन के लिए मार्गदर्शन मिलेगा*



### परिचालन क्षमता बढ़ेगी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष चौहान ने तीनों सेनाओं की पेशेवराना अंदाज, अनुकूलनीयता और परस्पर जुड़ाव को लेकर उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की तथा कहा कि ये सिद्धांत उभरते युद्धक्षेत्र में योजनाकारों, कमांडरों और ऑपरेटरों के लिए महत्वपूर्ण संदर्भ के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इन सिद्धांतों का प्रकाशन संयुक्त परिचालन क्षमता को बढ़ाने, सभी सेनाओं में तालमेल लाने और उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सटीकता और दृढ़ता के साथ सामना करने की तत्परता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## गाजा में अस्पताल पर हुए हमले को लेकर भारत की प्रतिक्रिया

# पत्रकारों की हत्या चौंकाने वाली: हमले को बताया हैरान करने वाला और बेहद अफसोसजनक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गाजा के नासेर अस्पताल पर हुए इजरायल के हमले में मारे गए 5 पत्रकारों समेत कुल 21 लोगों की दर्दनाक मौत ने पूरी दुनिया को झकझोरकर रख दिया है। मामला बेहद संवेदनशील है। जिसे देखते हुए बुधवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह हमला हैरान करने वाला और बेहद अफसोसजनक है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि संघर्ष में आम नागरिकों की मौत की भारत हमेशा से ही निंदा करता रहा है। इजरायली अधिकारियों ने इस हमले की जांच शुरू कर दी है।



### इजरायल ने खेद प्रकट किया

इस हमले में मारे गए पत्रकारों में अलजजीरा और रायटर्स के अलावा एक स्वतंत्र पत्रकार भी शामिल है। अलजजीरा के मोहम्मद सलामा, रायटर्स के कैमरामैन हुसैन अल मसरी और उस वक्त एपी के लिए काम कर रही एक स्वतंत्र पत्रकार मरियम अबू दक्का की जान चली गई है। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय एक्स पर कुछ पोस्ट में इस हमले को अपनी दुखद भूल करार देते हुए पत्रकारों, चिकित्सा कर्मियों और आम नागरिकों के काम को महत्वपूर्ण बताया है। साथ ही कहा कि हमारी लड़ाई हमास के साथ थी। लड़ाई में हमारा लक्ष्य हमास के आतंकवादियों को धूल चटाकर बंधकों की सुरक्षित रिहाई कराना है। सैन्य अधिकारी गहन जांच कर रहे हैं। ज्ञात हो कि इस हमले के दौरान पहले अस्पताल की ऊपरी मंजिल पर एक मिसाइल गिरी। जैसे ही घायलों को बचाने की कवायद शुरू की गई कि तभी दूसरी मिसाइल से हमला हो गया। अलजजीरा ने इस घटना को सच्चाई दबाने की कोशिश करार दिया तो वहीं फिलिस्तीन के पत्रकारों के सिंडिकेट ने कहा कि इस हमले का उद्देश्य पत्रकारों में आतंक फैलाने से जुड़ा हुआ है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109